राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-170
लखनऊ, बुधवार 07 फरवरी, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित
आमंत्रण मूल्य ₹3

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

न्याय यात्रा नहीं बल्कि राहुल किनारे-किनारे लेंगे निकल : ब्रजेश पाठक 03
पिछली सरकारों की तुष्टिकरण की नीति ने देश के लिए पैदा की समस्याएं : शाह 12

# पटाखा फैक्टरी में ब्लास्ट, 12 की मौत

## हरदा में हुए हादसे में 100 से अधिक लोग घायल, आग ने आस-पास के घरों को भी अपनी चपेट में लिया

एजेंसी

**हरदा।** मध्य प्रदेश के हरदा में पटाखा फैक्टरी में मंगलवार सुबह ब्लास्ट के बाद आग लग गई। हादसे में कई लोगों के मारे जाने और घायल होने की सूचना है। आग पर काबू पाने की कोशिशें जारी हैं।

मध्य प्रदेश के हरदा में मगरदा रोड स्थित बैरागढ़ रेहटा में पटाखा फैक्टरी में मंगलवार सुबह आग लग गई। इसके बाद भयानक विस्फोट होने लगे। ब्लास्ट इतने तेज थे कि आसपास की इमारतों को भी उन्होंने हिला दिया। आग ने आसपास के घरों को भी अपनी चपेट में ले लिया। 12 लोगों की मौत हो गई है। इसमें नौ लोगों के मारे जाने की पुष्टि सीएमएचओ ने की है। यह आंकड़ा और भी बढ़ सकता है। 100 से अधिक घायल हैं। 17 गंभीर घायलों को इलाज के लिए इंदौर, भोपाल और नर्मदापुरम भेजा गया है।



▸ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हरदा ब्लास्ट को लेकर बुलाई आपात बैठक, मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख की सहायता राशि देने की घोषणा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हरदा ब्लास्ट को लेकर आपात बैठक बुलाई। साथ ही मंत्री उदय प्रताप सिंह के साथ वरिष्ठ अधिकारियों को हरदा रवाना होने के निर्देश दिए। मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है। उन्होंने यह भी कहा कि हादसे में मारे गए लोगों के परिवार की जिम्मेदारी सरकार उठाएगी। उनके बच्चों की पढ़ाई-लिखाई का खर्च भी सरकार ही उठाएगी। वहीं, आसपास के सात जिलों से फायर ब्रिगेड और एंबुलेंस हरदा पहुंच गई हैं। भोपाल से गए अधिकारियों ने भी मोर्चा संभाल लिया है। हरदा हादसे को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छिंदवाड़ा के प्रवास कार्यक्रम को रद्द कर दिया है। ब्लास्ट होने का सिलसिला थम नहीं रहा था, जिससे राहत एवं बचाव कार्य प्रभावित हुए। एंबुलेंस से घायलों को अस्पताल पहुंचाया जा रहा है। आग लगने के समय 30 से अधिक मजदूर फैक्टरी में काम कर रहे थे। घायलों और मृतकों में बच्चों और महिलाओं के होने की भी आशंका व्यक्त की जा रही है। शुरुआती जानकारी के अनुसार यह पटाखा फैक्टरी राजू अग्रवाल की है। ब्लास्ट इतने भीषण थे कि आसपास के मकान गिर गए।

### प्रधानमंत्री मोदी व राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जताया दुख

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी घटना पर दुख जताया है। राष्ट्रपति ने कहा कि हरदा में आग लगने से अनेक लोगों की मृत्यु होने का समाचार अत्यंत दुखद है। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहन संवेदना व्यक्त करती हूं। घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। मोदी ने कहा कि जो घायल हुए हैं, उनके जल्द से जल्द सेहतमंद होने की कामना करता हूं। स्थानीय प्रशासन सबको मदद पहुंचा रहा है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा कोष से प्रत्येक मृतक के रिश्तेदार को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता की घोषणा की है।

### पहले भी हो चुकी हैं मप्र में घटनाएं

**30 अक्टूबर 2023 :** उधर, दमोह के कोतवाली थानांतर्गत नया बाजार में बड़े पुल के पास अवैध पटाखा फैक्टरकी में 30 अक्टूबर 2023 को विस्फोट हुआ था। इस हादसे में फैक्टरी मालिक अभय उर्फ छुट्टन गुप्ता सहित सात लोगों की मौत हो गई थी। मजिस्ट्रियल जांच के बाद रिपोर्ट तो आई लेकिन जिम्मेदारों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

**7 जून 2017 :** बालाघाट जिला मुख्यालय से सात किमी दूर ग्राम खैरी में स्थित एक अवैध पटाखा फैक्टरी में 7 जून 2017 को तेज धमाका हुआ था। इस विस्फोट में 26 लोगों की मौत हुई थी। धमाका इतना तेज था कि बाहर खड़ा फायर ब्रिगेड का वाहन भी जल गया था।

**2015 :** 2015 में किरनापुर तहसील में अवैध पटाखा फैक्टरी में धमाका हुआ था। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई थी जबकि करीब एक दर्जन लोग घायल हुए थे।

# गोवा के विकास को और रफ्तार देंगी 1300 करोड़ की परियोजनाएं : प्रधानमंत्री

▸ कुछ पार्टियां हमेशा झूठ और डर फैलाने की करती हैं राजनीति

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को गोवा में विकसित भारत, विकसित गोवा 2047 कार्यक्रम में 1330 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यटन से जुड़ी ये परियोजनाएं गोवा के विकास को और रफ्तार देंगी। मोदी ने इस अवसर पर आयोजित प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। प्रधानमंत्री ने रोजगार मेले के तहत विभिन्न विभागों में 1930 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र भी सौंपे।

प्रधानमंत्री ने इस दौरान अपने संबोधन में गोवा की प्रगति और उसके नागरिकों के कल्याण के लिए डबल इंजन सरकार की प्राथमिकता बताई। 1300 करोड़ रुपये की इन परियोजनाओं के बारे में विस्तार से बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यटन से जुड़ी परियोजनाएं गोवा के विकास को नई गति देंगी। उन्होंने कहा, ÷राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान का स्थायी परिसर और राष्ट्रीय वाटर स्पोर्ट्स संस्थान का परिसर और एकीकृत अपशिष्ट प्रबंधन सुविधा, 1930 नियुक्ति पत्र राज्य के विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।÷ गोवा को एक भारत श्रेष्ठ भारत का अच्छा उदाहरण बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि गोवा में ईसाई समुदाय और अन्य धर्मों के लोग एक साथ रहते हैं और यह एक भारत, श्रेष्ठ भारत का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा, कोई भी मौसम हो, आप यहां (गोवा) हमेशा एक भारत, श्रेष्ठ भारत का सार महसूस कर सकते हैं। गोवा की एक और पहचान भी है, इस भूमि पर कई महान संतों और प्रसिद्ध कलाकारों का जन्म हुआ है।÷ प्रधानमंत्री ने कहा कि गोवा क्षेत्रफल और जनसंख्या की दृष्टि से भले ही छोटा है लेकिन सामाजिक विविधता के मामले में बहुत बड़ा है। यहां अलग-अलग समाज के लोग, अलग-अलग धर्म को मानने वाले लोग अनेक पीढ़ियों से रहते हैं। गोवा के यही लोग जब बार-बार भाजपा की सरकार चुनते हैं तो इसका संदेश पूरे देश में जाता है।



### भाजपा का मंत्र सबका साथ, सबका विकास

उन्होंने कहा, भाजपा का मंत्र सबका साथ, सबका विकास का है। हालांकि देश में कुछ (राजनीतिक) दलों ने हमेशा डर और झूठ फैलाने की राजनीति की है लेकिन गोवा ने हमेशा ऐसे लोगों को करारा जवाब दिया है। इस वर्ष के बजट पर बात करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार गरीबों के कल्याण के लिए बड़ी योजनाएं चलाने के साथ-साथ बुनियादी ढांचे में रिकॉर्ड निवेश कर रही है। उन्होंने कहा कि देश में कितनी तेजी से सड़कों, रेल और हवाई अड्डों का विस्तार हो रहा है। इस साल के बजट में हमने इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 11 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### जस्टिस श्रीवास्तव बने राजस्थान हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश

**जयपुर।** राजस्थान हाई कोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एमएम श्रीवास्तव मुख्य न्यायाधीश बन गए हैं। राजभवन में आयोजित गरिमापूर्ण समारोह में राज्यपाल कलराज मिश्र ने उन्हें मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ दिलाई। इसके पूर्व मुख्य सचिव सुधांश पंत ने राज्यपाल की अनुमति लेकर राष्ट्रपति की ओर से जारी सीजे का नियुक्ति वारंट पढ़ा। इस मौके पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद, हाईकोर्ट के अन्य न्यायाधीश और न्यायिक अधिकारियों सहित सहित कई वकील मौजूद रहे। शपथ ग्रहण समारोह के बाद उपस्थित गणमान्य लोगों ने सीजे एमएम श्रीवास्तव को बधाई दी।

### मानव तस्करी में 24 के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने जाली भारतीय पहचान पत्र के साथ मानव तस्करी मामले में 24 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। इसमें चार बांग्लादेशी नागरिक और एक म्यांमार मूल का रोहिंग्या है। एनआईए ने मंगलवार को जारी एक बयान में बताया कि राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए इन लोगों के खिलाफ सोमवार को असम के गुवाहाटी स्थित एनआईए की विशेष अदालत में आरोप पत्र दायर किया गया। आरोपितों के खिलाफ विभिन्न भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा और विदेशी पासपोर्ट अधिनियम 1920 के तहत आरोप पत्र दाखिल किए हैं।

### केंद्र सरकार ने 17 संगठनों को घोषित किया गैरकानूनी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने मंगलवार को लोकसभा को सूचित किया कि वर्तमान में 17 संगठनों को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 के तहत गैरकानूनी संघों के रूप में गृह मंत्रालय (एमएचए) की सूची में नामित किया गया है। राय ने एक लिखित उत्तर में देश में उक्त अवैध संगठनों का विवरण साझा किया। उन्होंने कहा कि गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 (1967 का 37) की धारा 3 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केंद्र सरकार किसी भी संगठन को गैरकानूनी संघ घोषित कर सकती है जो पूरे देश पर लागू होगा।

### 24 नर्सिंग होम्स को नोटिस बनाने होंगे पार्किंग स्थल

**झांसी।** विकास भवन सभागार में मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी जुनैद अहमद की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। सीडीओ ने कहा कि स्कूली बच्चों के साथ आम जनमानस की सुरक्षा प्रशासन की उच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इसकी जिम्मेदारी शिक्षण संस्थानों एवं अभिभावकों की भी होगी। यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने जनवरी में दुर्घटना एवं दुर्घटना में मृतक की संख्या में कमी आने पर जागरूकता अभियान की सराहना करते हुए निर्देश दिए।

## ज्ञानवापी में शिवलिंग के एएसआई सर्वे मामले में 15 को होगी सुनवाई

समृद्धि न्यूज

**वाराणसी।** वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर में मिले कथित शिवलिंग के एएसआई सर्वे की याचिका पर मंगलवार को जिला जज की कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने मामले की अगली तारीख 15 फरवरी दी है। पांच महिला वादिनी की ओर से याचिका दाखिल की गई है।

जिला जज ने दोनों पक्षों की बात सुनी। मुस्लिम पक्ष की ओर से पहले ही आपत्ति दाखिल की जा चुकी थी। हिन्दू पक्ष सर्वे की रिपोर्ट को आधार बनाकर शेष स्थल पर भी साइंटिफिक्र सर्वे चाहता है। ज्ञानवापी के वजूखाने में 16 मई 2022 को मिले कथित शिवलिंग के एएसआई सर्वे कराने के लिए लिए चार



वादनी महिलाओं के प्रार्थना पत्र दिया था। हिंदू महिला वादी की ओर से कोर्ट में याचिका दायर कर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को निर्धारण करने की मांग की है, जिसके बारे में दावा किया गया है कि वह सील बंद क्षेत्र में वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद में पाया गया था। हिंदू पक्ष की चारों महिलाएं, जो वाराणसी अदालत के समक्ष लंबित मुकदमे में मूल वादिनी ने कार्बन डेटिंग सहित वैज्ञानिक सर्वेक्षण को स्थगन हटाने और सर्वे की मांग की है।

## भारत-नेपाल सीमा पर निःशुल्क इलाज देंगे डॉक्टर

▸ आठ फरवरी को सीएम योगी इस सेवा यात्रा का करेंगे उद्घाटन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** भारत नेपाल सीमा पर रहने वाले थारू जनजाति समेत एक लाख से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण होगा। इतना ही नहीं बीमार लोगों का इलाज भी किया जाएगा। इस काम में करीब 800 चिकित्सक अपना योगदान देंगे। इस बात की जानकारी नेशनल मेडिकोज आर्गनाइजेशन अवध प्रांत के संरक्षक व केजीएमयू के पूर्व कुलपति डॉ एम एल बी भट्ट ने जियामऊ स्थित सवाद केंद्र में मंगलवार को आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान दी है।



उन्होंने बताया कि चिकित्सा क्षेत्र में आरएसएस की अनुशांगिक शाखा नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन अवध प्रान्त वा श्री गुरू गोरक्षनाथ सेवा न्यास के संयुक्त प्रयास से विगत् चार वर्षो से भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में गुरू गोरक्षनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा का सफल आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत 8 फरवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस सेवा यात्रा का उद्घाटन करेंगे। सेवा यात्रा की शुरुआत अटल बिहारी बाजपेई साइंटिफिक्र कन्वेंशन सेंटर से होगी। उन्होने बताया कि यह स्वास्थ्य सेवा यात्रा खासकर लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर तथा महराजगंज जिलों में जो भारत-नेपाल के समीपवर्ती क्षेत्रों में थारू जनजातियों के लिए आयोजित होती रही है। नेशनल मेडिकोज की सचिव डॉ अलका रानी ने बताया कि पिछले वर्ष तृतीय श्री गुरु गोरक्षनाथ स्वास्थ्य सेवा का आयोजन विगत् 22, 23 व 24 फ्रवरी, 2023 में किया गाया था, जिसमें 52 मेडिकल कालेजों के 650 चिकित्सकों द्वारा लगभग 280 शिविरों का आयोजन भारत-नेपाल सीमा के उपरोक्त जिलों में किया गया था। इसमें 85,000 मरीजों का निःशुल्क उपचार, जाँच व दवाओं का वितरण किया गया था।

### यूपी एटीएस ने दो तस्करों को 45 हजार जाली मुद्रा के साथ किया गिरफ्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) टीम ने मंगलवार को बांग्लादेश से लायी गयी भारतीय जाली मुद्रा की राज्य के विभिन्न जिलों में आपूर्ति करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। तस्करों के कब्जे से 45 हजार भारतीय जाली मुद्रा बरामद की गयी है। उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) प्रशांत कुमार की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि एटीएस टीम ने अंबेडकरनगर जिले के टांडा थाना क्षेत्र के चिंतौरा निवासी अंकुर मौर्य और विपिन गुप्ता उर्फ अवनीश को आज दोपहर वाराणसी से 45 हजार रुपये की जाली मुद्रा के साथ गिरफ्तार किया है। बयान के अनुसार दोनों अभियुक्त पश्चिम बंगाल के फ्रक्का से अपने तस्कर साथियों द्वारा बांग्लादेश से तस्करी के जरिये लायी गयी जाली मुद्रा लेकर वाराणसी आये थे।

## जल (प्रदूषण निवारण व नियंत्रण) संशोधन विधेयक राज्यसभा से पारित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राज्यसभा ने मंगलवार को राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में अध्यक्ष को नामित करने के लिए मानदंड निर्धारित करने, कुछ औद्योगिक इकाइयों को प्रतिबंधों से छूट देने और जल प्रदूषण से जुड़े छोटे-मोटे मामलों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने से जुड़े विधेयक को पारित कर दिया। जल (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) संशोधन विधेयक 2024 पर चर्चा का जवाब देते हुए केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि विधेयक का मकसद लोगों को सही प्रकिया से चलाने और अनावश्यक कानूनी कार्यवाही बचाने के लिए लाया गया है। उन्होंने कहा कि पुराने कानून से देश के विकास में कुछ तकनीकी बाधायें उत्पन्न हो रही थीं।

### लोक परीक्षा विधेयक लोकसभा से पारित

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने मंगलवार को परीक्षाओं में गड़बड़ी की रोकथाम के लिए लाए गए लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) विधेयक-2024 को ध्वनिमत से पारित कर दिया। आवश्यकता पड़ने पर मामले को केंद्रीय एजेंसियों को सौंपे जाने का भी प्रावधान किया गया है। केंद्रीय कार्मिक राज्यमंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने लोकसभा में यह विधेयक पेश किया था। परीक्षा से जुड़ी अनुचित सेवाएं उपलब्ध कराने वाले दोषियों पर एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना और परीक्षा की आनुपातिक लागत वसूलने एवं चार साल के लिए प्रतिबंध का प्रावधान है। संगठित अपराध में शामिल लोगों को 10 साल तक की सजा हो सकती है। संगठित अपराध में शामिल संस्थान की संपत्ति भी कुर्क किए जाने का प्रावधान है।

### भाजपा की राज्यसभा सीटों के प्रत्याशियों का पैनल तैयार 35 नाम भेजे जाएंगे दिल्ली

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी राज्यसभा की सात सीटों के लिए पैनल में शामिल 35 दावेदारों के नाम केंद्रीय नेतृत्व को भेजेगी। यह पैनल मुख्यमंत्री आवास पर सोमवार रात आयोजित पार्टी की कोर कमेटी की बैठक में चर्चा के बाद तैयार किया गया है। सूत्रों के मुताबिक विधानसभा, विधान परिषद सदस्य बनने से वंचित रहे प्रदेश महामंत्री, प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदेश मंत्री, क्षेत्रीय अध्यक्षों के साथ अन्य पदाधिकारियों के नाम पैनल में हैं। इसमें मौजूदा राज्यसभा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी, विजयपाल सिंह तोमर का नाम भी है। पैनल पर शीर्ष नेतृत्व अंतिम निर्णय लेकर 13 फ्रवरी तक सूची घोषित कर सकता है। राज्यसभा में दस सीटों पर होने वाले चुनाव में तीन पर सपा और सात पर भाजपा की जीत तय है। आठवीं सीट के लिए भी पार्टी नामांकन दाखिल कर सकती है।

## पश्चिम रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर 21 करोड़ की ठगी

▸ 300 लोगों से ठगी में प्रसाद रोहीदास को किया गया गिरफ्तार

एजेंसी

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे की विशेष सतर्कता टीम ने रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर 300 लोगों से 21 करोड़ की ठगी के आरोप में प्रसाद रोहीदास को गिरफ्तार कर लिया है। सतर्कता टीम इस ठगी गिरोह में शामिल अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है।

दरअसल, पश्चिम रेलवे पुलिस को रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर युवकों को झांसा देकर ठगी किए जाने की गोपनीय जानकारी मिली थी। इस पर पश्चिम रेलवे की सतर्कता टीम पिछले 3 महीने से इस रैकेट को खोज रही थी। सतर्कता टीम ने जाल बिछाया और दो लोगों को नौकरी के नाम पर संपर्क करने के लिए कहा। इसके बाद जब गिरोह ने दोनों से नौकरी देने के नाम पर पैसे की मांग की तो उसे मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर बुलाया गया। जैसे ही वह मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर पैसे लेने पहुंचा तो पहले से ही मौके पर मौजूद पश्चिम रेलवे के सतर्कता टीम ने प्रसाद रोहीदास को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की जांच में पता चला है कि प्रसाद रोहीदास ने तकरीबन 300 से ज्यादा अभ्यर्थियों से करीब 21 करोड़ रुपये की ठगी की है। उसके मोबाइल की छानबीन करने पर पता चला कि उसने 180 लोगों के नंबर ब्लाक कर दिया है, जो उससे नौकरी न मिलने पर पैसे मांग रहे थे। पश्चिम रेलवे की सतर्कता टीम इस गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

### रेलवे स्टेशन से लश्कर का आतंकी गिरफ्तार कुपवाड़ा में था सक्रिय

**नयी दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में सक्रिय पाकिस्तानी आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी रियाज अहमद राथर को नई दिल्ली स्टेशन से रेलवे पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पाकिस्तान में बैठे लश्कर आकाओं के निर्देश पर रियाज अहमद राथर ने एलओसी के पार से हथियार व गोला बारूद प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। रेलवे पुलिस ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि कुपवाड़ा में हाल ही में भंडाफोड़ किए गए आतंकी मॉड्यूल के प्रमुख साजिशकर्ताओं में से एक रियाज अहमद को 04 फरवरी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया है। जम्मू-कश्मीर की जांच एजेंसियों से विशेष जानकारी मिली थी कि कुपवाड़ा की तहसील करनाह के ग्राम न्यू गबरा निवासी रियाज़ अहमद राथर हाल ही में भंडाफोड़ किए गए आतंकी मॉड्यूल के प्रमुख साजिशकर्ताओं में से एक है।

## सीएम धामी ने विधानसभा के पटल पर रखा यूसीसी ड्राफ्ट

▸ हर धर्म में शादी-तलाक के लिए एक ही कानून जैसे बिंदु मसौदे में शामिल

समृद्धि न्यूज

**देहरादून।** उत्तराखंड की धामी सरकार ने विधानसभा चुनाव 2022 के दौरान अपने किये चुनावी वादा के तहत मंगलवार को विधानसभा में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) ड्राफ्ट को विधानसभा के पटल पर रखा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज हाथ में संविधान की कापी लेकर विधानसभा पहुंचे।

यूसीसी ड्राफ्ट में हर धर्म में शादी और तलाक के लिए एक ही कानून, बहु विवाह पर रोक जैसे कई अहम



बिन्दु शामिल हैं। वर्ष 2022 में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने जनता से किए गए प्रमुख वादों में यूसीसी पर अधिनियम बनाकर उसे प्रदेश में लागू करना भी शामिल था। इसी के तहत उत्तराखंड राज्य में लगातार दूसरी बार जीत दर्ज करने का इतिहास रचने के बाद भाजपा ने मार्च 2022 में सरकार गठन के तत्काल बाद मंत्रिमंडल की पहली बैठक में ही यूसीसी का मसौदा तैयार करने के लिए विशेषज्ञ समिति के गठन को मंजूरी दी थी।

निगरानी

### वायुसेना के फाइटर जेट को चीन व पाक के खिलाफ ऑपरेशन में मिलेगी मदद

## चीन और पाक सीमा पर तैनात होंगे 12 नए सर्विलांस विमान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** चीन और पाकिस्तान बॉर्डर पर हवाई निगरानी बढ़ाने के लिए 12 नए सर्विलांस विमान तैयार करने पर विचार किया जा रहा है। ये एयरबोर्न अर्ली वॉर्निंग एंड कंट्रोल एयरक्राफ्ट होंगे। इससे चीन और पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन में वायुसेना के फाइटर जेट को मदद मिलेगी।

डीआरडीओ और भारतीय वायुसेना 6 एईडब्ल्यूएंडसी सिस्टम से लैस मार्क-1 विमान तैयार करेगा। इसके लिए रक्षा मंत्रालय अगले हफ्ते आवश्यकता का स्वीकृति पत्र भी जारी करेगा। इसके बाद



एईडब्ल्यूएंडसी सिस्टम से लैस मार्क-2 विमान तैयार किए जाएंगे। मार्क-1 एईडब्ल्यूएंडसी एयरक्राफ्ट की रेंज 240 डिग्री होगी। वहीं, मार्क-2 एयरक्राफ्ट पर लगे रडार की रेंज 300 डिग्री तक होगी। मार्क-2 विमान 2026-27 तक तैयार होकर वायुसेना में शामिल होंगे। भारत के पास निगरानी के लिए पहले से ही 3 एईडब्ल्यूएंडसी एयरक्राफ्ट है, जिसे एनईटीआरए एयरक्राफ्ट भी कहा जाता है। हवाई निगरानी के लिए पाकिस्तान के पास फिलहाल 11 स्वीडिश एईडब्ल्यूएंडसी एयरक्राफ्ट और एक चीनी काराकोराम ईगल एईडब्ल्यूएसी एयरक्राफ्ट है। वहीं, चीन के पास ऐसे 30 एयरक्राफ्ट हैं इंडियन एयर फोर्स ने हवा के साथ-साथ स्पेस में भी ताकत जुटानी शुरू कर दी है। इंडियन एयरफोर्स अब स्पेस के सिविल और मिलिट्री दोनों पहलुओं का उपयोग करने के लिए विचार कर रही है, जिसके लिए उसने इंफ्रास्ट्रक्चर और थिओरेटिकल फ्रेमवर्क तैयार किया है।

### नए एयरक्राफ्ट की जरूरत क्यों?

भारत फिलहाल पाकिस्तान और चीन से से एईडब्ल्यूएंडसी के मामले पिछड़ रहा है। हवाई निगरानी के लिए भारत के पास 3 एनईटीआरए एयरक्राफ्ट है। इसके अलावा तीन रशियन आईएल-76 एयरक्राफ्ट है, जिस पर इजराइली फाल्कन एडब्ल्यूएसी सिस्टम लगा हुआ है। इन विमानों की रेंज 400 किलोमीटर है और इनका रडार कवरेज 360 डिग्री है। इन्हें 2009-10 में वायुसेना में शामिल किया गया था। वायुसेना ने निगरानी करने वाले एयरक्राफ्ट की जरूरत सबसे फरवरी 2019 में बालाकोट एयरस्ट्राइक के दौरान महसूस की थी। इसके अलावा पूर्वी लद्दाख में चीन से हुई झड़प के बाद भी वायु सेना उस क्षेत्र में निगरानी बढ़ाना चाहता है।

लोडिंग-अनलोडिंग के नाम पर किसानों का हो रहा शोषण

# क्रय केंद्रों पर खुलेआम की जा रही वसूली

**धौरहरा खीरी, समृद्धि न्यूज।**

गोबिंद शुगर मिल ऐरा के गन्ना क्रय केंद्रों पर किसानों का शोषण करने में केंद्र पर तैनात बाबू कोई कसर नहीं छोड़ रहे है। एक तरफ भुगतान समय से न मिलने की वजह से किसान परेशान हैं,वही मिल के क्रय केंद्रों पर लोडिंग-अनलोडिंग के नाम पर वसूली कर किसानों के घाव पर नमक छिड़कने का काम केंद्रों पर तैनात बाबू कर रहे है। विरोध करने पर केंद्रों पर यही कर्मचारी किसानों से अभद्र व्यवहार करने के साथ ही उनके गन्ने की तौल को भी रोक दे रहे है। जिससे किसानों में मायूसी छाई हुई है। खमरिया कस्बे में स्थिति



एडवांटेज ग्रुप की गोविन्द शुगर मिल के गन्ना क्रय केंद्रो पर किसानों का जमकर शोषण किया जा रहा है। वैसे तो गन्ना आपूर्ति के बाद भुगतान के समय मिल प्रसाशन किसानों से लोडिंग-अनलोडिंग का पैसा व क्रय केंद्रों से मिल तक वाहनों का भाड़ा ले लेता है,फिर भी मिल के ठेकेदार किसानों का शोषण कर उनसे लोडिंग-अनलोडिंग का पैसा वसूल रहे हैं। ऐसा ही नजारा चीनी मिल के क्रय केंद्र कलुआपुर में भी देखने को मिला जहां के पीड़ित किसानों ने बताया कि क्रय केंद्र पर लोडिंग-अनलोडिंग के नाम पर बैल गाड़ी का 150 रुपए जबकि ट्राली का 250 रुपए खुलेआम वसूला जा रहा है। इसका विरोध करने पर गन्ना न उतारने की भी धमकी दी जा रही है।

मिल कर्मचारियों की सांठगांठ के चलते ठेकेदार मनमानी करते हुए गलत तरीके से वसूली कर बहती गंगा में हाथ धोने का काम कर रहे हैं। यही नही किसान यह भी बताते है कि कई बार इस वसूली का विरोध भी किया गया बावजूद ठेकेदार मान ही नहीं रहे, तथा सबकुछ जानने के बावजूद भी जिम्मेदार चुप्पी साधे हुए है। वही इस बाबत चीनी मिल के केन मैनेजर आरएस ढाका से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि किसानों को लोडिंग अनलोडिंग का पैसा देने की जरुरत नहीं है,किसान अपना गन्ना वजन करवाकर नीचे लगा दे। इनके अलावा गन्ना समिति ऐरा के सचिव डॉ.राजीव कुमार गंगवार ने भी कहा कि किसान किसी को भी लोडिंग अनलोडिंग के पैसे न दे,अपना गन्ना तौल करवाने के बाद क्रय केंद्र के यार्ड में उतार दे।

इस दौरान अगर कोई अभद्र व्यवहार या पैसे मांगता है तो इसकी जानकारी मुझको देने के साथ ही पुलिस से भी शिकायत करें।

## लखीमपुर नगर पालिका चेयरमैन इरा श्रीवास्तव फिर से भाजपा में करेंगी वापसी

**लखीमपुर खीरी।** भाजपा सरकार की सबका साथ सबका विकास यात्रा में शामिल होने के लिए



लखीमपुर नगर पालिकाध्यक्ष इरा श्रीवास्तव सुबह मनु ला कालेज से निकल लखनऊ पहुंच कर अपनी बिछड़ी पार्टी भाजपा में प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की उपस्थिति में पुनः शामिल होंगी। इरा श्रीवास्तव ने नगरपालिका के चुनाव में चेयरमैन का टिकट न मिलने पर भाजपा से बगावत कर चुनाव लड़ कर शानदार जीत हासिल की थी। ये जानकारी इरा श्रीवास्तव के करीबी सहयोगी नीरज ने दी।

## चार युवकों के खिलाफ विद्युत विभाग ने दी पुलिस को तहरीर



**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

थाना भीरा क्षेत्र के बिजुआ पावर हाउस के अवर अभियंता 33/11 केवी उपकेंद्र बिजुआ ने चार युवकों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी जिसमे बताया कि चार लड़के 33/11केवी उपकेंद्र बिजुआ के अंतर्गत यूपीपीसीएल की ड्रेस पहनकर गांव में सर्वे कर रहे हैं,जिनके पास कोई भी वैध प्रपत्र नही है और न ही कोई आदेश दिखा पाए है और जो आदेश दिखा रहे हैं वह विभाग के द्वारा जारी नही किया गया है,चारो लोग आम जनता से धोखधड़ी कर रहे हैं जिसकी प्रतिलिपि उपखंड पलिया,विद्युत वितरण खंड पलिया सहित अधीक्षक अभियंता गोला को भेज दी गई है।

अवर अभियंता बिजुआ रवि शंकर कुमार ने बताया बिजुआ पुलिस चौकी पर हमने प्रार्थना पत्र दे दिया है पुलिस जांच कर रही।

## सेंट्रल बार एसो. की निर्वाचन नामांकन प्रक्रिया संपन्न

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।** सेंट्रल बार एसोसिएशन तहसील मितौली की चुनाव प्रक्रिया इल्डर्सर कमेटी के चेयरमैन राजेंद्र सिंह तोमर के निर्देशन में मुख्य चुनाव अधिकारी मोहम्मद अब्बास जैदी एडवोकेट, सहायक निर्वाचन अधिकारी उमाकांत तिवारी एडवोकेट व पुनेश राज एडवोकेट के कुशल निर्देशन में निर्वाचन नामांकन प्रक्रिया संपन्न हुई। जिसमें निर्धारित समय तक कुल 11 नामांकन पत्र प्राप्त हुए, जिनकी जांच की गई। समस्त नामांकन पत्र वैद्य पाए गए जिसमें अध्यक्ष पद पर दो नामांकन पत्र प्राप्त होने के चलते अध्यक्ष पद पर निर्वाचन होना तय है, और अन्य पदों पर एकल नामांकन प्राप्त होने के चलते निर्विरोध निर्वाचित होना तय है। जिसमें अध्यक्ष पद पर सतीश चंद्र मिश्र एडवोकेट व दयाशंकर मिश्र एडवोकेट के दो नामांकन प्राप्त होने के कारण निर्वाचन होना तय है।

# ड्रग इंस्पेक्टर की छापेमारी में प्रतिबंधित दवाएं बरामद, सील

**पलियाकलां-खीरी, समृद्धि न्यूज।**

प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए लगातार ड्रग इंस्पेक्टर छापामार अभियान चलाते हुए कार्रवाई करते नजर आ रहे हैं। एसडीएम कार्तिकेय सिंह के निर्देशन पर भारत नेपाल बॉर्डर पर स्थित सम्पूर्णानगर में एक मेडिकल स्टोर पर छापेमारी के दौरान ड्रग इंस्पेक्टर ने बिना अभिलेख के पाई गई करीब बारह हजार की प्रतिबंधित दवाओं को पकड़ लिया।

बरामद दवाओं को सीज करने की कार्रवाई को अंजाम दिया गया। ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा लगातार चलाए जा रहे छापामार अभियान से प्रतिबंधित दवाओं का व्यापार करने वाले मेडिकल स्टोर स्वामियों में हड़कंप की स्थिति है।

डीएम महेंद्र बहादुर व पलिया एसडीएम कार्तिकेय सिंह के निर्देशन



पर मंगलवार को एक बार फिर ड्रग इंस्पेक्टर सुनील कुमार रावत ने स्थानीय पुलिस के साथ भारत नेपाल बॉर्डर पर स्थित सम्पूर्णानगर में मिल रोड स्थित गणेश मेडिकल स्टोर पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान ड्रग इंस्पेक्टर के साथ संपूर्णानगर कोतवाली पुलिस शामिल रही। कार्रवाई के दौरान उक्त मेडिकल स्टोर पर ड्रग इंस्पेक्टर को बड़ी मात्रा में नारकोटिक्स व साइकोटॉपिक औषधियां बरामद हुईं। मेडिकल स्टोर पर बरामद नारकोटिक्स व साइकॉट्रॉपिक दवाओं को सीज करने की कार्रवाई को अंजाम दिया गया। जानकारी देते हुए ड्रग इंस्पेक्टर सुनील कुमार रावत ने बताया कि बरामद दवाओं से

▸ भारत नेपाल बार्डर पर स्थित सम्पूर्णानगर में मेडिकल स्टोरों पर हुई छापेमारी, प्रतिबंधित दवाएं पकड़ी

संबंधित मेडिकल स्टोर स्वामी के पास किसी प्रकार के अभिलेख नहीं मिले जिसके चलते दवाओं को सील करने की कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि बरामद दवाओं की कीमत करीब 12 हजार रुपए से ऊपर है।

उन्होंने बताया कि विवेचना के बाद एनडीपीएस ऐक्ट व ड्रग्स ऐक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। एक संदेह प्रद औषधि का नमूना जांच व विश्लेषण के लिए सील किया गया है जिसको जांच के लिए मेरठ भेजा जाएगा। फर्म को अगले आदेशों तक के लिए बंद कर दिया गया है।

# पीओ डूडा ने नोटिस भेजकर रिकवरी के लिए दिया आदेश

**सिंगारी-खीरी, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत सिंगाही भेडौरा में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना में घपले बाजी कर अपात्र व्यक्ति को प्रधानमंत्री आवास दिए जाने का मामला प्रकाश में आने के बाद जिला परियोजना अधिकारी डूडा अपात्र व्यक्ति आवास मिलने के संबंध में जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए आवास की जांच की सारी प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद गाइड लाइन की नियमावली को छुपा कर दिए गए आवास की रकम को व्यक्ति से रिकवरी करने का आश्वासन दिया है।

कस्बे के गजरुप पुत्र हरिश्चंद्र निवासी वार्ड नंबर 6 मोहल्ला भट्टी ने एक सपा के छुट भैया नेता जो कि वार्ड सभासद के माध्यम से प्रधानमंत्री शहरी आवास की गाइडलाइन की धज्जियां उड़ाकर आवास दे दिया गया मोहल्ले के ही विनय मिश्रा उर्फ मगन को जब इस बात की भनक लगी तो दिनांक 7.11.2023 को जिला परियोजना अधिकारी डूडा एवं जिला अधिकारी से मिलकर अपात्र व्यक्ति को प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना का लाभ दिए जाने की शिकायत की थी शिकायत में कहां था कि योजना का लाभ लेने वाले लाभार्थी के ट्रैक्टर ट्रॉली पक्का मकान व करीब चार एकड़ जमीन है व लाभार्थी का पुत्र बेलरायां आर्यावर्त बैंक की शाखा में शाखा प्रबंधक के पद पर तैनात होने का आरोप लगाया था। जिला परियोजना अधिकारी डूडा अजय सिंह ने सारे प्रकरण की जांच की तो मामला सही पाया गया है उन्होंने बताया कि आवास देने की प्रक्रिया में जिओ टेक से लेकर तहसील के

> जिला परियोजना अधिकारी डूडा अजय सिंह ने बताया कि अपात्र व्यक्ति को प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना का लाभ दिए जाने की शिकायत मिली थी जिस पर प्रारंभिक जांच की गई है आवास देने की प्रक्रिया में जिओ टेक से लेकर तहसील प्रशासन की भी जिम्मेदारी बनती है। इसलिए लाभार्थी के साथ सभी जिम्मेदारों को नोटिस देकर जवाब मांगा गया जांच पूरी हो जाने के बाद अपात्र लाभार्थी से रिकवरी की जाएगी।

राजस्व कर्मी भी शामिल हैं तहसील की रिपोर्ट के आधार पर आवास दिया जाता है संबंधित लाभार्थी को एवं आवास देने की प्रक्रिया में शामिल जिम्मेदार कर्मचारियों को नोटिस जारीकर जबाब मांगा गया है सारी प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद अपात्र लाभार्थी से आवास की रकम की रिकवरी की जाएगी लाभार्थी को भी नोटिस दिया गया है।

## खबरें एक नजर में

### गाली देने से मना किया तो की पिटाई, मुकदमा दर्ज

**उचौलिया खीरी।** उचौलिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव जहूरपुरवा निवासी रामदेवी पत्नी सूरजपाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है की घटना 5 फरवरी 2024 की शाम लगभग 7:00 बजे की है मेरे दरवाजे पर खुशीराम, रतीराम, पुत्रगण ललतू आए और शराब पीकर गंदी-गंदी गालियां देने लगे??। जब हमने गाली देने से मना किया तो वह लोग लाठी डंडे से पिटाई करने लगे जिससे मेरे शरीर में गंभीर चोट आई है। विपक्षी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। मामले में उचौलिया पुलिस ने दोनों आरोपियों पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है।

### अज्ञात व्यक्तियो ने युवक की कर दी पिटाई, मुकदमा दर्ज

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** अज्ञात व्यक्तियों द्वारा घर जा रहे युवक को रास्ते मे रोक कर जमकर मारापीटा गया। युवक की शिकायत पर बदोसरांय पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दिया है। थाना बदोसराय के ग्राम हजरतपुर निवासी बृजेश कुमार ने मुकदमा दर्ज कराया है कि रविवार की रात वह अपने घर हजरतपुर जा रहा था कि उसके गांव से पहले पुलिया के पास तीन अज्ञात व्यक्तियों ने उस पर जान लेवा हमला कर दिया।उसकी बाइक तोड डाली इसी दौरान उसका सोने का ओम तथा 480 रुपये भी गिर गये हैं।थाना प्रभारी प्रफुल्ल कुमार यादव ने बताया है कि बृजेश कुमार पुत्र ज्ञानचंन्द्र की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### जुआ खेल रहे दो लोग गिरफ्तार

**जैदपुर,बाराबंकी।** जैदपुर पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे दो लोगों को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। मौके पर ताश के पत्ते व नकदी बरामद कर कार्यवाही की गयी। जानकारी के अनुसार जैदपुर पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे रसूल अहमद पुत्र खलील,अबु सूफियान पुत्र फारूक निवासी मोहल्ला मुक्खिन थाना जैदपुर को गिरफ्तार कर ताश के 52 पत्ते व नकद 1050 रूपये बरामद कर थाना जैदपुर में संबंधित धारा में मुकदमा पंजीकृत किया गया? इस संबंध में कस्बा इंचार्ज अनिल कुमार पाण्डेय ने बताया दो जुआरियों को सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते गिरफ्तार कर कार्यवाही की गयी है। आगे भी जानकारी मिलने पर जुआ खेलते हुये जुआरियों पर पैनी नजर रहेगी।

### चार पर विवाहिता ने दर्ज कराया दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

**मसौली, बाराबंकी।** विवाहिता ने पति सहित चार लोगो के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। जनपद गोंडा के करनेलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम भयापुरवा निवासी मनीषा सिंह पुत्री रामनरायण सिंह का विवाह डेढ़ वर्ष पूर्व सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम दुर्जनपुर निवासी शिवम सिंह पुत्र अजय सिंह के साथ हुआ था। मायके वालो ने अपनी हैसियत के मुताबिक दान दहेज भी दिया था लेकिन ससुरालीजन शादी के कुछ दिन बाद से ही शरीरिक एव मानसिक रूप से दहेज के लिए परेशान करने लगे। मामले को लेकर कई बार पंचायत भी हुई लेकिन कोई हल नही निकल पाया। सफदरगंज पुलिस ने मनीषा सिंह की तहरीर पर पति शिवम सिंह पुत्र अजय सिंह, सास आरती सिंह व चचिया ससुर पिंकू सिंह निवासी गण ग्राम दुर्जनपुर के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है।

# चुनावी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट, एक की मौत

**मोहम्मदी खीरी, समृद्धि न्यूज।**

पुरानी चुनावी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई जिसमे एक की मौत हो गई वही कई घायल हो गए।

मामला जनपद लखीमपुर खीरी कोतवाली मोहम्मदी नगर का है जहां पुरानी चुनावी रंजिश से शुरू हुए विवाद में 30 वर्षीय व्यक्ति की मृत्यु हो गयी। नगर मोहम्मदी के मोहल्ला सरैयां निवासी शाबिर खां पुत्र अलीशेर गरबापुर से प्रधान हैं, बताया जा रहा है कि अश्फाक भी चुनाव लड़ना चाहता था जिसे लेकर दोनों में काफी दिनों से झगड़ा चल रहा था। नगर पालिका चुनाव में अशफाक सभासद का चुनाव लड़ा जिसमे शाबिर खां के विरोध करने से दोनों के बीच रंजिश और बढ़ गयी। वही



30 वर्षीय मंसूरअली पुत्र कल्लू किसी कार्य से जा रहे थे कि नबीर व शाबिर पहले से ही रास्ते में घात लगाए खड़े थे। मंसूर को देखते ही नबीर ने लोहे की रॉड से मंसूरअली के ऊपर वार कर दिया जिससे मंसूरअली काफी घायल हो गया। परिजनों को सूचना मिलते ही घायलावस्था में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया जहाँ हालत गम्भीर होने कारण डाक्टरों ने जिला अस्पताल शाहजहाँपुर रेफर कर दिया। वहाँ पहुंचते ही चिकित्सकों ने मंसूरअली को मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर सुनते ही पुलिस के हाँथ पैर फूल गए और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चन्द्रशेखर सिंह, क्षेत्राधिकारी अरूण कुमार सिंह ने कई थानों की पुलिस बुलाकर अपराधियों के मकान को चारों ओर से घेर लिया लेकिन तब तक अपराधी तुरन्त फरार हो चुके थे।

मौके का मुआयना अपर पुलिस अधीक्षक नेपाल सिंह ने किया और बताया अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही होगी, आप लोग शांति बनाए रखे, पुलिस को अपनी कार्यवाही करने दे।

मृतक की छोटी छोटी पाँच बेटियां है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। आरोपियों की तलाश के लिए टीम गठित कर दी गयी है जल्द ही दोषी सलाखों के पीछे होंगे।

## मिलावटी शराब की शिकायत करना युवक पर पड़ा भारी

**मसौली,बाराबंकी।** शराब ठेके पर मिलावटी शराब की बिक्री की शिकायत करना एक युवक को महंगा पड़ गया। ठेकेदार ने युवक को एलानिया धमकी दी है जिससे डरे सहमे युवक ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की है। मसौली थाना क्षेत्र के अन्तर्गत त्रिलोकपुर पुलिस चौकी के अन्तर्गत ग्राम पूरेमनभावन सिंह निवासी विवेक कुमार सिंह पुत्र राजेश प्रताप सिंह ने कुछ दिन पहले त्रिलोकपुर स्थित देशी शराब की दुकान से शराब लेकर पी थी शराब पीने के बाद विवेक सिंह के पेट में दर्द व उल्टी शुरू हो गई और हालत खराब हो गयी परिजनों ने विवेक को निजी क्लीनिक अस्पताल पर इलाज कराया। इसकी शिकायत जब ठेकेदार से की गयी तो ठेकेदार आग बबूला होकर ऐलानिया धमकी दी है।

# रेलिंग विहीन पुलिया से खड्ड में गिरी कार, पांच घायल

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

विभागीय लापरवाही के चलते व्यस्तम मार्गो पर बने रेलिंग विहीन पुल पुलियो पर आये दिन हादसे हो रहे है। मंगलवार की सुबह सफदरगंज जैदपुर मार्ग पर रेलिंग विहीन पुलिया से बारात से वापस लौट रही दूल्हे की कार गहरी खाई मे पलट गयी कार मे सवार 5 लोगो मे तीन लोग घायल हो गये जिनमे दो की हालात गंभीर होने पर ट्रामा सेन्टर लखनऊ रेफर किया गया है। बताते चले कि लोक निर्माण विभाग की अनदेखी के चलते क्षेत्र मे दर्जनों पुल, पुलिया रेलिंग विहीन है जिनको पार करते समय अक्सर दुर्घटनाए हो जाती है। ग्रामीणों एव जनप्रतिनिधियों द्वारा जानकारी देने पर भी विभाग पुल पुलियों की क्षतिग्रस्त रेलिंग को सही नही कराते है। नतीजा



यह है कि आये दिन रेलिंग विहीन पुल पुलियों को पार करते समय दुर्घटनाए हो जाती है। मंगलवार की सुबह सफदरगंज जैदपुर मार्ग पर उस समय दूल्हे की सजी गाडी रेलिंग विहीन पुलिया से सीधे गहरी खाई मे चली गयी जब कलेवा के लिए सोहावा थाना जैदपुर से बच्चो को लेकर बदोसराय थाना क्षेत्र के ग्राम मौजा वापस जा रहे थे। बताते चले कि जैदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सोहावा निवासी राजू पुत्र केशवराम की बारात बदोसराय थाना क्षेत्र के ग्राम मौजा गयी थी सुबह कलेवा के लिए बच्चो को बुलाने गये थे वापिस के दौरान कार अनियंत्रित होकर रेलिंग विहीन पुलिया से नीचे खाई मे पलट गयी कार मे सवार 5 लोगो मे से दूल्हे का बहनोई प्रवेश वर्मा पुत्र राधेश्याम निवासी ग्राम कोटवा, दूल्हे का छोटा भाई धर्मेंद्र पुत्र केशवराम, भतीजा रौनक पुत्र छोटू निवासी सोहावा घायल हो गये।

# शिकायतकर्ता को सूचना देकर जांच करने नहीं पहुंचे अधिकारी



**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड बिजुआ की ग्राम पंचायत शाहपुर में बीते शनिवार को घोटाले की जांच करने पहुंचे अधिकारी ने शिकायतकर्ता को छह फरवरी को शिकायत की जांच करने के लिए लिखित पत्र देकर जांच का आश्वासन दिया था। छह फरवरी मंगलवार को पंचायत भवन शाहपुर में सैकड़ो की भीड़ इकट्ठा हुई। गरीब मजदूर जांच देखने के लिए अपनी दिहाड़ी मजदूरी छोड़कर दिनभर पंचायत भवन में बैठे रहे जांच का आश्वासन देने वाले बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी ने बहाना बनाकर जांच करने नहीं पहुंचे। जिससे वहां के ग्रामीणों में गुस्सा देखा गया ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर अपने गुस्से का इजहार किया।

विकासखंड बिजुआ की ग्राम पंचायत शाहपुर के ग्रामीण ईश्वर राजपूत ने ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान कविता गोस्वामी एवं ग्राम विकास अधिकारी तौसीफ अहमद पर सरकारी धनराशि के गबन की शिकायत न्यायालय में की थी। न्यायालय ने ईश्वर राजपूत की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी शौम्य शील सिंह को दी गई। विलंब होने पर जांच बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी को दी गई। बीते शनिवार को बेसिक शिक्षा अधिकारी व एडीआरडीए खीरी ने गांव पहुंचकर जांच की परंतु शिकायतकर्ता मौके पर उपस्थित नहीं हुआ जिस कारण जांच प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो सकी। शिकायतकर्ता ईश्वर राजपूत को निर्देशित करते हुए बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी ने लिखित रूप से दिनांक 6 फरवरी दिन मंगलवार को ग्राम पंचायत शाहपुर के पंचायत भवन में शिकायतकर्ता को अपराह्न 12:00 बजे उपस्थित रहने के निर्देश लिखित रूप से दिए थे। साथ ही शिकायतकर्ता को निर्देशित करते हुए कहा था कि यदि आप निर्धारित समय में उपस्थित नहीं होते हैं तो जांच से जिलाधिकारी को अवगत करा दिया जाएगा। जिस पर शिकायतकर्ता ईश्वर राजपूत सैकड़ो ग्रामीण मजदूरों सहित पंचायत भवन में बैठे दिनभर इंतजार करते रहे।

परंतु जांच अधिकारी गांव में झांकने तक नहीं पहुंचे। जिससे मजदूरी छोड़कर जांच देखने पहुंचे मजदूर की जहां एक ओर मजदूरी चली गई वहीं दूसरी ओर जांच भी देखने को नहीं मिली। जिससे ग्रामीणों में अधिकारियों के प्रति रोष और गुस्सा दिखाई दिया। काफी समय बीतने के बाद शिकायतकर्ता को फोन कर बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया की एक जांच कर्ता के यहां शादी है इसलिए वह जांच के लिए नहीं जा सकते।

# माइनर सिल्ट सफाई होने से कटी रजबहा, 40 बीघा फसल जलमग्न

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

शारदा सहायक खंड 28 के तहत आने वाली लाही रजवहा की आधी अधूरी सफाई होने से बीती रात देवइचा गांव के पास माइनर कट गई। जिसके चलते देवइचा गांव के लगभग एक दर्जन किसानों की 40 बीघा फसल जल मग्न हो गई। जानकारी के अनुसार हैदरगढ़ ब्रांच नहर से निकली रजवाहा की सफाई ठीक ढंग से न कराए जाने की वजह से बीती रात पानी के ओवरफ्लो हो जाने से पटरिया कट गई।। इसके चलते आज सुबह खेतों की तरफ पहुंचे देवैचा गांव के किसानों राम



हरक,कल्लू, हरिवंश, छोटई, राजकरण, रघुवंश, दिनेश, शिव बहादुर, खुशीराम, मान बहादुर मोहित सिंह ने पाया कि उनकी 40 बीघा भूमि मे लगी फसल पानी से लबालब हो गई है। किसानों ने आरोप लगाया कि पिछले 4 सालों से रजवहा की सफाई नहीं की गई और इस वर्ष जो सफाई की गई है वह बहुता गांव तक ही करके छोड़ दी गई।

## जंगली जानवर को मारने का मुकदमा दर्ज

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** कोतवाली बदोसराय क्षेत्र के अमरादेवी गांव में जंगली जानवर के द्वारा युवक पर हमला करने के बाद उसको जान से मार देने के मामले में वन विभाग ने आरोपी के विरुद्ध विभागीय मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।मामला तीन फरवरी की सुबह का है। क्षेत्र के अमरा देवी गांव के रहने वाले राममिलन पर जंगली जानवर कस्तूरी बिलाव (बिज्जू )ने घर में घुसकर हमला कर दिया जिससे उसका एक हाथ जख्मी हो गया। हमले से घबराये युवक ने उस पर वार कर दिया जिससे उसकी मौत हो गई। वन विभाग के वन क्षेत्राधिकारी प्रमोद कुमार वन दारोगा तुषार कुमार व वनरक्षक के साथ गांव पहुंचकर आरोपी को हिरासत में ले लिया।

# हैदरगढ़ कस्बे से छह होनहार बने लेखपाल, मिल रही बधाइयां



**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

विभिन्न वार्डों से छह होनहार युवक बने लेखपाल इन होनहार छात्रों को नगर अध्यक्ष आलोक तिवारी ने उनके घर पहुंच कर अंग वस्त्र माला पहनाकर सम्मानित किया व सुनहरे भविष्य कि बधाई दी। अंकित मिश्रा पुत्र सुनील सब्जी मंडी वार्ड, नीरज पाण्डे पुत्र राम प्रकाश पांडेय , प्रीती पाण्डेय पुत्री राम प्रकाश पांडेय ब्रम्हनान वार्ड, नितीश तिवारी पुत्र परमेश्वरी दयाल तिवारी शुभास वार्ड,अमित यादव पुत्र विजय यादव, राज कमल सिंह पुत्र कुंवर बहादुर सिंह लिल्हौरा वार्ड, इस अवसर पर समाजसेवी दीपू तिवारी ,विभोर गुप्ता, सभासद उमर हाशमी, इसहाक, शिवा वर्मा संतोष श्रीवास्तव, धीरू सिंह, नागेन्द्र मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## भाजपा चुनाव कार्यालय का क्षेत्रीय अध्यक्ष ने किया उद्घाटन

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** शहर में टेस्टी बाईट रेस्टोरेंट के बगल नवीन सिंह राठौर के काम्पलेक्स में चुनाव कार्यालय 53 लोकसभा क्षेत्र भारतीय जनता पार्टी बाराबंकी का क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा कमलेश मिश्रा, जिलाध्यक्ष भाजपा अरविन्द मौर्य व जिले के सांसद उपेन्द्र सिंह रावत की उपस्थिति में फीता काटकर व विधिवत पूजन अर्चन कर किया गया । कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने कहा कि यहाँ पर भोलेनाथ के 2 -2 प्रसिद्ध स्थल है इसलिए बाराबंकी का अलग महत्व है यह कार्यालय चुनावी गतिविधियों को संचालित करने के लिए खोला गया है।


## रोजगार मेले में 209 युवाओं को मिली नौकरी

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** कौशल विकास मिशन एवं जिला सेवायोजन कार्यालय तथा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में ब्लाक परिसर सिरौलीगौसपुर में रोजगार मेला आयोजित किया गया। रोजगार मेले में 13 कम्पनियों ने भाग लिया ।जिसमे 520 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया ।209 युवक व युवतियों का चयन किया गया है। मंगलवार को ब्लाक परिसर सिरौलीगौसपुर में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन सेवायोजन तथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रोजगार मेले मे मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व महामंत्री एंव सदस्य जिला पंचायत रामसिंह भुल्लन वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। मेला में आए युवक, युवतियों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बच्चों को नि:शुल्क नौकरी मुहैय्या करवा रही है ।जिसका सदुपयोग करें नौकरी के साथ साथ आगे की पढ़ाई जारी रखते हुए उच्च पदों तक पंहुचकर घर परिवार माता पिता की सेवा करें। रोजगार मेले में एल जी इलेक्ट्रॉनिक इन्टस बायोटेक हेल्थ केयर, टोरेन्स हर्बल लाइफ केयर, एस एस गुरुप आफ माइनेज मेंट सहित 13 कम्पनियों में 520 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया जिसमें 209 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है।

# लेखपाल का रिश्वत लेते वीडियो वायरल, निलंबित

- पहाड़ापुर में तैनात बताया जाता है लेखपाल घूसखोरी सीसीटीवी में कैद

**कर्नलगंज/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़**



स्थानीय तहसील क्षेत्र के पहाड़ापुर गाँव में तैनात लेखपाल का रिश्वत लेते हुए वीडियो सीसीटीवी में रिकार्ड हुआ है जो तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में लेखपाल रिश्वत लेते दिखाई दे रहा है?। वीडियो वायरल होने के बाद तहसील प्रशासन में हड़कंप मच गया। फिलहाल एसडीएम ने वीडियो को संज्ञान में लेकर लेखपाल को निलंबित कर दिया है। आपको बता दें कि कि आये दिन अपने कारनामों से चर्चा में बनी रहने वाली तहसील करनैलगंज से खुलेआम यह घूसखोरी की तस्वीर सामने आई है जो सीसीटीवी में रिकार्ड हो गई है।

इस वीडियो में लेखपाल घूस लेते हुए दिखाई पड़ रहा है। बताया जाता है कि कर्नलगंज तहसील क्षेत्र के ग्राम पहाड़ापुर में तैनात लेखपाल रवि सिंह ने बंजर भूमि की पैमाइश के लिए 10 हजार रुपये की मांग की थी। पैसे देने के लिए लेखपाल को पहाड़ापुर बाजार स्थित बाबा टेंट हॉउस की दुकान पर बुलाया गया। यहां गुलजारी गोस्वामी ने लेखपाल रवि सिंह को 5 हजार रुपये दिए। रुपये लेने की घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी। मिली जानकारी के मुताबिक लेखपाल ने पांच हजार रुपये रिश्वत लेने के बाद भी भूमि की पैमाइश नहीं की। सोमवार को इस रिश्वतखोरी का विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो तहसील प्रशासन में हड़कंप मच गया। फिलहाल रिश्वतखोरी के हो रहे इस खेल से स्थानीय अधिकारियों की कार्यशैली पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

उपजिलाधिकारी विशाल कुमार का कहना है कि लेखपाल का रुपये लेते हुए वीडियो संज्ञान में आया है। लेखपाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जांच के पश्चात अग्रिम कार्रवाई की जायेगी।

# डीएम ने किया चकबन्दी विभाग के कार्यों की समीक्षा

- पुराने लम्बित वादों को सुनवाई करके वादों को समय से करें निस्तारितः डीएम

**गोंडा। समृद्धि न्यूज**



मंगलवार को जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में चकबन्दी विभाग के समस्त कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा में जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देश दिए हैं कि चकबंदी विभाग में लंबित कार्यों पर विशेष ध्यान देकर जल्द से जल्द लंबित वादों की सुनवाई करते हुए समयबद्ध रूप से नियमानुसार निस्तारित किया जाय। साथ ही बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि लंबित वादों की सुनवाई समयसीमा के अंदर नियमानुसार किया जाय। ताकि किसी भी क्षेत्र के लंबित वाद ना रहे। बैठक में पुराने लंबित वादों को समय से सुनवाई करते हुए अधिक से अधिक वादों को निस्तारित करें।

इसके साथ ही समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने ग्राम अदालतों की समय से सूचना देकर ग्राम अदालत को आयोजित किया जाए साथ ही प्राप्त शिकायतों का निस्तारण सुनवाई करके समय से कर दिया जाय। बैठक में न्यायालयवार फाइलों के दाखिल दफ्तर पर विशेष ध्यान देकर फाइलों को सुरक्षित करायें। बैठक में विभागीय कार्यवाही की भी समीक्षा की गई, समीक्षा में लंबित कार्यवाही को जांच करते हुए समय से निस्तारित किया जाय। बैठक में मुख्य राजस्व अधिकारी महेश प्रकाश, बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी देवेंद्र सिंह, समस्त सीओ चकबंदी, एसीओ चकबंदी एवं राजस्व निरीक्षक व लेखपाल उपस्थित रहे।

## पर्यावरणीय पुस्तक द जंगल वाइसः बंद आंखें का हुआ विमोचन

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** मिहींपुरवा क्षेत्र के शिक्षक की ओर से पर्यावरण संरक्षण हेतु मानव वन्यजीव संघर्ष पर लिखी द जंगल वाइस- बंद आंखे पुस्तक का विमोचन भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं विश्वविद्यालय के दो पूर्व कुलपतियों के हाथो लखनऊ के दारुलशफा सभागार में हुआ। राज्य सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश अंसारी भी मौजूद रहे। लेखक ने बताया कि रविवार को लखनऊ में आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ की ओर से आयोजित पसमांदा पंचायत के मंच पर उपस्थित अलीगढ़ विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति तथा वर्तमान में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तारिक मंसूर के साथ भाषा विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति अनीस अंसारी ने संयुक्त रुप से पुस्तक का विमोचन किया।

# दो दिवसीय लोक शिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़**



स्वदेशी की भावना से ओतप्रोत खादी वस्त्र कुटीर उद्योग को ही नहीं बढ़ावा देते हैं बल्कि प्राकृतिक दृष्टि से शरीर के लिए सबसे उत्कृष्ट वस्त्र होते हैं जो सर्दी में शरीर को गर्म और गर्मी में शरीर को ठंडक पहुंचाते हैं उक्त उक्त बातें खादी ग्रामोद्योग आयोग गोरखपुर के डिप्टी डायरेक्टर मुकेश कुमार निगम ने दो दिवसीय खादी ग्रामोद्योग लोक शिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए कही वहीं कार्यक्रम समन्यवक दीपक कुमार मीणा ने देश के विकास में खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग की भूमिका पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो आर के पाण्डेय रहे जबकि प्रो शैलेंद्र नाथ मिश्र,प्रो जितेंद्र सिंह,प्रो श्रवण कुमार श्रीवास्तव, डॉ रेखा शर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए छात्र छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी ,मंच संचालन डॉ मनोज मिश्र ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन कृषि संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ घनश्याम द्विवेदी ने किया। छात्र-छात्राओं को खादी एवं ग्रामोद्योग के प्रति उत्प्रेरित करने के उद्देश्य से निबंध एवं वाद विवाद प्रतियोगिता भी आयोजित की गई निबंध प्रतियोगिता मैं नूर आलम, प्रियांशी साहू, प्रिया मिश्रा जबकि वाद विवाद में अनूप यादव ,राकेश शुक्ला, अदिति सिंह क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय रहे जबकि मेहविश मिराज, खुशी गुप्ता, अनिमेष शुक्ला एवं एकता तिवारी को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल संयोजन में डॉ स्मिता सिंह डॉ विनय कुमार पांडे डॉ धर्मेंद्र प्रताप सिंह, डॉ अवनीश कुमार मिश्रा , डॉ प्रियंका श्रीवास्तव, ड्रिंकल यादव, कृष्ण मोहन त्रिपाठी,अवधेश तिवारी ,नंद कुमार शुक्ला ,संजय एवं सुनील का सहयोग सराहनीय रहा।

## अज्ञात ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**बहराइच। समृद्धि न्यूज़।** लखनऊ बहराइच मार्ग पर टिकोरा मोड़ के निकट रात में बाइक सवार को अज्ञात ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली देहात के तिकोनी बाग निवासी रमेश त्रिपाठी (36) पुत्र राघव राम त्रिपाठी सोमवार रात को बाइक से बहराइच लखनऊ मार्ग पर गए थे। टिकोरा मोड़ के निकट अज्ञात ट्रक चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसके चलते वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। यहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इससे परिवार के लोग रोने लगे। डॉक्टरों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। कोतवाली नगर की पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाल देहात ब्रह्मा गौड़ ने बताया कि तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर जांच शुरू की जायेगी। उन्होंने बताया कि सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत हुई है।

# अनुष्का फाउंडेशन ने मुकेश व आकांक्षा के आंगन में बिखेरी खुशियां

- हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अरुण मिश्रा ने किया इलाज

**गोंडा। समृद्धि न्यूज**



परसपुर के कडरू ग्राम निवासी रमेश और निशा के घर 3 साल पूर्व पहले बच्चे के रूप में जब आदेश का जन्म हुआ तो समूचे घर में खुशियाँ बिखर गईं लेकिन जब नर्स ने बताया कि नवजात के दोनों पैर मुड़े हुए हैं, परिवार की खुशियों को ग्रहण लग गया लेकिन उनको एक स्वास्थ्य कार्यकर्ता ने बताया कि घबराने की बात नही है बताया कि आपका बच्चा पूर्णतया ठीक हो सकता है लेकिन उसका इलाज लंबा चलेगा और उनको जिला अस्पताल में चल रहे क्लब्फूट क्लिनिक और अनुष्का फाउंडेशन के बारे में बताया और उनका संपर्क अनुष्का फाउंडेशन की टीम के संचालिका शुचि सिंह से करवाया। यहीं से शुरु हुआ अदेश के इलाज की यात्रा, आज 3 साल बाद आदेश ना सिर्फ चलता है बल्कि दौड़ता भी है।

रमेश और निशा भी बहुत खुश हैं, कहते हैं कि उसके इलाज में एक भी पैसा नहीं लगा। यह सरकारी अस्पताल एवं अनुष्का फाउंडेशन के सहयोग से मुमकिन हुआ है।

हड्डी रोग विशेषज्ञ मेडिकल कॉलेज गोंडा डॉक्टर अरुण मिश्रा ने कहा कि क्लब फुट जन्मजात विकृति है जिससे कि हर एक हजार नवजात में से एक बच्चा प्रभावित होता है। देश में हर साल 33,000 बच्चे इस विकृती के साथ पैदा होते हैं।

प्रदेश में आरबीसके के साथ स्वयंसेवी संस्था अनुष्का फाउंडेशन फॉर एलिमिनेटिंग क्लबफुट पिछले पाँच साल से काम कर रही है। वर्तमान में क्लब फुट से पीड़ित 6000 से भी अधिक बच्चों का इलाज चल रहा है। जिसमे से अयोध्या जिला के 200 से अधिक बच्चों का इलाज चल रहा है। पोन्सेटी पद्धति का इस्तेमाल करके क्लब फुट से पीड़ित सभी बच्चों का आसानी से उपचार किया जा सकता है। पोन्सेटी विधि एक न्यूनतम लागत की सर्वोत्तम प्रक्रिया है और पूर्णतः रूप से प्रभावी समाधान प्रदान करती है।

अनुष्का फाउंडेशन सीएसआर , कोटक एसेट मैनेजमेंट के सीएसआर इनिशिएटिव के सहयोग से उत्तर प्रदेश के 45 जिलों, और अन्य सभी 75 जिलों में क्लबफुट का निःशुल्क इलाज प्रदान करवा रहा है। अनुष्का फाउंडेशन का उद्देश्य जिला अस्पतालों में आर्थोपेडिक चिकित्सकों की क्षमता बढ़ाकर स्थानीय स्तर पर उपचार प्रदान करवाना है। उच्चतम गुणवत्ता वाले उपचार को सुनिश्चित करने के लिए अनुष्का फाउंडेशन द्वारा, चिकित्सकों को पोंसेटी पद्धति में प्रशिक्षित भी किया जाता है। अनुष्का फाउंडेशन क्लबफुट और इसके उपचार के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए आरबीएसके, आशा कार्यकर्ताओं, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों आदि के साथ मिलकर काम कर रहा है। जिला अस्पतालों में साप्ताहिक क्लबफुट क्लीनिक का संचालन कर पीड़ित बच्चों का इलाज किया जाता है।

## खबरें एक नजर में

### पीड़ित लगा रहा थाने का चक्कर,नही दर्ज हुई एफआईआर

**विशेश्वरगंज/बहराइच समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र विशेश्वरगंज अंतर्गत ग्राम मुंडेरवा सरहदी के मजरा रघुवरपुरवा निवासी कल्पनाथ शुक्ल का मुकदमा विशेश्वरगंज पुलिस ने नही दर्ज किया। पीड़ित के अनुसार उसी के गांव निवासी दबंगों ने उसे लेखपाल के सामने ही मारा पीटा। पुलिस को तहरीर देने के बाद भी न तो एफआईआर दर्ज किया और न ही घटना स्थल तक कोई पुलिस कर्मी गया। पीड़ित अब थाने का चक्कर लगा रहा है लेकिन पुलिस के कानों में जूं नहीं रेंग रहे है।

### ट्रैक्टर-ट्राला की चपेट में आने से दो की मौत

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** जनपद के धानेपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत आनंद नगर मोतीगंज मार्ग पर बनगाई गांव के पास ट्रैक्टर ट्राला की चपेट में आने से बाइक पर सवार एक 28 वर्षीय महिला की मौके पर ही मौत हो गई तथा एक तीन वर्षीय मासूम गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसकी अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है? वहीं पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक वर्षा पत्नी बबलू शर्मा उम्र करीब 28 वर्ष निवासी सेखुई थाना कोतवाली इटियाथोक अपने मायके छजवा आई हुई थी जो मंगलवार को अपने भाई साजन के साथ अपने ससुराल सेखुई जा रही थी कि अचानक बनगाई मोड़ पर गन्ना लदे ट्राले ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे महिला वर्षा की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं उसका तीन वर्षीय पुत्र ऋषभ गंभीर रूप से घायल हो गया।जिसे इलाज हेतु अस्पताल ले जाते समय रास्ते पर मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक धानेपुर वेद प्रकाश शुक्ला ने अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जनपद मुख्यालय भेज दिया तथा ट्रैक्टर ट्राला को कब्जे में ले लिया है।

### दुनिया समझे हारा, पर मैं न हिम्मत हाराः रोमी

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** ददुआ बाजार स्थित श्री श्याम मन्दिर के 20वां वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में सोमवार को स्थानीय भजन गायक पुनीत बंसल, चंदू मित्तल, गोकुल शर्मा, परमानंद शर्मा, के अलावा बाबा श्याम की लाड़ली भजन गायिका मानसी अग्रवाल, रोहित शर्मा,पंकज निगम ने आदि भजनों की हाजिरी लगाई। उसके बाद खलीलाबाद से सुप्रसिद्ध भजन गायक सरदार रोमी ने गाया , तेरे होते बाबा क्यूं खुद को समझूं हारा। दुनिया समझे हारा पर मैं न हिम्मत हारा।। आ गया शरण में तेरी बस इतनी भीख दें दें। जन्दिगी कैसे जिये हमें भी सीख दे दे।। वो मेंरा सांवरियां घर आया भर भर आयें नैन हमारे।

दीनो के घर श्याम पधारे,मेरा मान बढ़ाया।। मेरे सर पर सदा तेरा हाथ रहे। मेरा बाबा हमेशा मेंरे साथ रहे.. आदि भजनों की प्रस्तुति दी। उसके बाद कोलकाता से भजन विकास रूइया ने गाया, लीले की करके सवारी-सवारी आओ जरा आओ मेरे श्याम बिहारी ....क्या पाया है दर तेरे आकर तू जाने या मै जानूं ...मेरे बांके बिहारी लाल, हमें थारी याद सतावें रे ...तेरे होते बाबा क्यूं खुद को समझूं हारा।दुनिया समझे हारा पर मैं न हिम्मत हारा ..आदि भजनों पर श्याम प्रेमी खूब झूमे। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का समापन आतिशबाजी से हुई।सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# न्यायालय द्वारा दंडित थाना प्रभारी चला रहे है मनकापुर कोतवाली!

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

भले ही जनपद में पुलिस व्यवस्था को लेकर पब्लिक के साथ आला अफसरों के बीच किरकिरी हो रही हो।फरियादियों को न्याय के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा हो। फिर भी जनपद गोंडा के कोतवाली मनकापुर में कानून के कोई कायदे लागू होते नहीं दिख रहे हैं। ऐसे ही न्यायालय द्वारा अर्थ दंड देने के साथ 406 में एफ आई आर का आदेश होने के बावजूद भी निरीक्षक राजकुमार सरोज का प्रभारी निरीक्षक के रूप में थाने पर बना रहना व्यवस्था पर एक बार फिर प्रश्न चिन्ह खड़ा कर रहा है।बताते चलें कि विगत 20 जनवरी 2024 को ही थाने में धारा 41,411, 413,420,467,468 व 471 के अंतर्गत दाखिल ट्रक यू पी 32 ए 9016 को लेकर अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय ने तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक के विरुद्ध 500 तथा मौजूदा प्रभारी निरीक्षक मनकापुर राजकुमार सरोज के विरुद्ध ढाई सौ रुपए का अर्थ दण्ड करते हुए धारा 406 के अंतर्गत एफ आई आर दर्ज करने का निर्देश के साथ पुलिस अधीक्षक गोंडा को संबंधित प्रभारी निरीक्षक के विरुद्ध कोर्ट तल्ख टिप्पणी करते हुए बैक एंट्री के साथ दंड की धनराशि को वेतन से कटौती करने का निर्देश दिया था। लेकिन इतना सब कुछ होने के बावजूद भी प्रभारी निरीक्षक की विरुद्ध पुलिस विभाग के आला अफसरों ने कार्यवाही ना करते हुए थाने का प्रभार दे रखा।

# ईंट व पत्थर से कूचकर ई-रिक्शा चालक की हत्या



**बहराइच। समृद्धि न्यूज**

जिले में हरनी चौराहे पर मामूली विवाद के बाद हमलावर युवक ने एक ई रिक्शा चालक की दिन दहाड़े ईट पत्थर से हमलाकर सिर कूंच कर हत्या कर फरार हो गया। हमलावर की वारदात से पीड़ित चीखता रहा। सांसे थमने पर उसकी चीखें थम गई। लोग तमाशाई बने वीडियो बनाते रहे। हत्या की वारदात की भनक लगते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। कैसरगंज थाने के दिकौली कलां निवासी बैटरी रिक्शा चालक 25 वर्षीय प्रवेश राव पुत्र रामसेवक मंगलवार दोपहर करीब 3.45 बजे हरनी चौराहा पर सवारी का इंतजार कर रहा था। इसी बीच दिकौली कला के ही रहने वाले पड़ोसी 27 वर्षीय गंगा पुत्र ननकऊ से अचानक विवाद हो शुरू हो गया। दोनों के आपस में बढ़ते विवाद के बीच गंगा ने प्रवेश के चेहरे पर ताबड़तोड़ ईंट व पत्थर से लगातार प्रहार करना शुरू कर दिया। युवक तब तक तक ईट से वार करता रहा जब तक प्रवेश की मौत नहीं हो गई। दिनदहाड़े बीच चौराहे पर युवक की मौत से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर आनन फानन पहुंचे पुलिसकर्मियों ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुट गई। थानाध्यक्ष राजनाथ सिंह ने बताया कि ईंट से हमला कर वारदात को अंजाम दिया गया है। आरोपी की तलाश की जा रही है। विवाद का कारण अभी स्पष्ट नहीं पता चला है।

**और तमाशबी बने लोग बनाते रहे वीडियो**

कैसरगंज थाने के हरनी चौराहा पर भीड़ भाड़े वाले इलाके में जिस समय युवक पर ईंट से प्रहार हो रहा था। उस समय सैकड़ो की संख्या में लोग एकत्रित होकर तमाशा देख रहे थे। वही कुछ लोग उसे बचाने के बजाय वीडियो अपलोड करते। यदि समय रहते उसे कोई भी बचाने का प्रयास करता तो युवक की जान बच सकती थी।

**आरोपी गंगाधर शुक्ला उर्फजीतू गिरफ्तार**

अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ पवित्र मोहन त्रिपाठी ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। आरोपी गंगाधर शुक्ला उर्फजीतू को गिरफ्तार कर लिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**एसपी ने किया घटना स्थल का निरीक्षण**

पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा विवेचक क्षेत्राधिकारी कैसरगंज रूपेंद्र कुमार गौड़ को जल्द से जल्द जांच कर विवेचना संपादित करने के लिए तथा अभियोजन एवं न्याय तंत्र से समन्वय स्थापित कर फ़ास्ट ट्रैक ट्रायल के माध्यम से सजा कराने के लिए निर्देशित किया।

# रोजगार मेले में आठ कंपनियों ने लिया आवेदन

- 163 बेरोजगार युवक युवतियों को मिला रोजगार
- 245 अभ्यर्थियों ने साक्षात्कार दिया जिसमें163 हुए चयनित

**विशेश्वरगंज,बहराइच। समृद्धि न्यूज**



उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, राजकीय आईटीआई एवं जिला सेवायोजन के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को विकास खण्ड विशेश्वरगंज में रोजगार मेला का आयोजन किया गया।

जिसमें सहायक जिला सेवायोजन अधिकारी प्रीति मिश्रा के द्वारा रोजगार मेला में चयनित हुए युवक युवतियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। विकास खण्ड विशेश्वरगंज में आयोजित रोजगार मेला में 08 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें 245 अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार दिया गया। जिसमें से 163 बेरोजगार युवक युवतियों को रोजगार प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में मेला प्रभारी राहुल बाजपेयी, धर्मेन्द्र कुमार, धर्मेन्द्र गोड, अर्पित मौर्य, भानु प्रताप, निरंजन लाल आदि कर्मचारी उपस्थित रहे। मंच संचालन का कार्य शखजांची लाल यादव ने किया।

# भाषा व अंकीय दक्षता आधारित प्रशिक्षण शुरू

**बहराइच। समृद्धि न्यूज**




निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बच्चों में बुनियादी भाषा एवं गणित के कौशल विकास के लिए ब्लॉक स्तरीय चार दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण बीआरसी केंद्र जरवल पर प्रारम्भ हुआ। प्रशिक्षण में शिक्षकों को बच्चों में भाषा व गणित विषय पर बुनियादी समझ विकसित करने के लिए गतिविधियों के माध्यम से शिक्षण के टिप्स दिए गए।

ब्लॉक स्तरीय चार दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण का उद्घाटन खंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार सिंह के निर्देशन में शुरू हुआ। जिसमें सन्दर्भदाता एआरपी कल्पना मिश्रा, अब्दुल मोमिन, मो अहमद, रियाज अहमद तथा विनय शुक्ल ने प्रोजेक्टर के माध्यम से शिक्षकों को कक्षा एक से तीन के भाषा व गणित के बुनियादी कौशल में दक्षता सम्बन्धी आवश्यक टिप्स दिए। बीईओ ने प्रशिक्षण कक्ष में मौजूद प्रतिभागी शिक्षकों से कहा कि एफएलएन प्रशिक्षण प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले प्रारंभिक वर्ग के बच्चों की भाषा एवं गणित में बौद्धिक स्तर को उन्नत करने के उद्देश्य की पूर्ति के लिये है । साथ ही उन्होंने शिक्षकों से कक्षा में बच्चो को रोचक तरीके से पढ़ाने के लिए विद्यालयों में भेजे गये टैबलेट के भरपूर उपयोग करने के लिए भी प्रेरित किया। चार दिवसीय प्रशिक्षण में शिक्षकों को पहले दिन विषयगत पाठ योजना बनाकर कक्षा शिक्षण गतिविधियों का प्रदर्शन भी कराया गया। प्रशिक्षण प्रभारी मो अहमद ने बताया कि विकास क्षेत्र के प्रत्येक परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक व शिक्षामित्रों को प्रशिक्षण में सम्मिलित किया गया है जिसे पांच बैच में पूरा किया जाएगा। इस मौके पर विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभागी शिक्षकों समेत बीआरसी कार्मिक मौजूद रहे।

# वसूली करने गए संविदा विद्युत कर्मियों को ग्रामीणों ने पीटा, केस दर्ज

- ग्रामीणों ने इकट्ठा होकर विद्युत कर्मियों पर बोला हमला जिससे कई हुए घायल

**विशेश्वरगंज,बहराइच। समृद्धि न्यूज**

थाना क्षेत्र विशेश्वरगंज अंतर्गत ग्राम निगोह के मजरा खोजना पुर में विद्युत राजस्व वसूलने गए विद्युत कर्मियों को ग्रामीणों ने खदेड़कर पीट दिया। विद्युत उपकेंद्र विशेश्वरगंज में तैनात संविदा विद्युत कर्मचारी बिना किसी स्थाई कर्मचारी के टीम बनाकर बकाया विद्युत राजस्व की वसूली करने ग्राम निगोह पहुंचे। जहां ग्रामीण इकट्ठा होकर विद्युत कर्मियों पर हमला कर जिससे कई लोग घायल हो गए। जिनका इलाज स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर किया गया। संविदाकर्मी कमल बाबू की तहरीर पर स्थानीय थाने पर बब्बू मौर्य,खुशी राम मौर्य,मुंशी लाल,कन्हैया,परशुराम, राम केवल मौर्य ,तथा 5 अज्ञात लोगों के विरुद्ध धारा ,147, 323, 506, 342,392 आई पी सी के तहत मामला किया गया है। थाना प्रभारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर में नामित आरोपियों के विरुद्ध मामला पंजीकृत कर अगली कार्यवाही की जा रही है।

**समस्या**

## ग्राम पंचायत अधिकारियों को फोन करने पर भी नहीं उठता फोन

# नालियां चोक, जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर, सड़क पर फैला गंदा पानी

**बहराइच। समृद्धि न्यूज**





जगह-जगह कूड़े के ढेर व बजबजाती नालियां खैरा बाजार व चन्दनापुर चौराहे की बदहाली बयां कर रही है। गंदगी व दुर्गंध के कारण लोगों को घरों में रहना मुश्किल हो रहा है। गांव में सफाई कर्मियों की तैनाती के बाद बदतर स्थिति जिम्मेदारों की गंभीरता पर सवाल उठा रही है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत लोगों को सफाई के लिए जागरूक किया जा रहा है। गांव में सफाई कर्मियों की तैनाती है और उन्हें प्रशासन की ओर से कड़े निर्देश हैं, लेकिन इसके बाद भी तेजवापुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत खैरा बाजार व चन्दनापुर चौराहे के हालात बदतर हैं। खैरा बाजार व चन्दनापुर चौराहे में जगह-जगह कूड़े के ढेर व बजबजाती नालियों से सड़कों पर पानी बह रहा है। इससे ग्रामीणों का राह चलना मुश्किल है। वहीं गंदगी व दुर्गंध के कारण घरों में भी रहना मुश्किल हो रही है। यह स्थिति तब है जब गांव में सफाई कर्मियों की तैनाती की गई। सफाई कर्मी माह में कभी कभार गांव आते हैं, और खाना पूर्ति कर ही चले जाते हैं, जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। जलभराव होने से मच्छरों का प्रकोप भी ग्रामीणों को परेशान कर रहा है। इससे लोगों को संक्रामक बीमारी फैलने का अंदेशा सता रहा है। इसी ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम गोड़वा में नाली का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। जिससे आवागमन में राहगीरों को समस्या का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का आरोप है कि ब्लाक व ग्राम पंचायत के संबंधित अधिकारियों को जब समस्या के बारे जानकारी देने के लिए फोन किया जाता है। तो वह फोन भी नहीं उठाते हैं।

**बोले ग्रामीणः** खैरा बाजार निवासी जगदीश जायसवाल ने बताया कि समस्या को लेकर कई बार ब्लॉक के अधिकारियों को बताया गया, लेकिन इसके बाद भी हालात में सुधार न होना उनकी गंभीरता को दर्शाता है। चन्दनापुर गांव निवासी प्रह्लाद सिंह ने बताया कि गांव में सफाई कर्मी की तैनाती की गई है। इसके बाद भी सफाई नहीं हो रही है। सफाईकर्मी आने पर सभी लोग कहते हैं, लेकिन उनके द्वारा अनसुना किया जाता है।

**बीडीओ ने लिया संज्ञानः** खंड विकास अधिकारी तेजवापुर अजय प्रताप सिंह ने बताया कि एडीओ पंचायत से सफाई व्यवस्था की जानकारी लिया जायेगा।गांव में सफाई के लिए एडीओ पंचायत द्वारा सफाई कर्मचारी निर्देशित को किया जाएगा।

# सर्विलांस टीम ने 15 लाख के 101 मोबाइल किए बरामद

**गायब हुए मोबाइल फोन मिलने के बाद खिले लोगों के चेहरे, पुलिस को कहा-धन्यवाद**



**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

आमतौर पर किसी का मोबाइल फोन खो जाए तो शायद ही मिले लेकिन अगर एक दिन अचानक आपको पुलिस खुद फोन करके बताए कि आपका मोबाइल फोन मिल गया है तो यकीनन आप खुशी से झूम उठेंगे पुलिस की सर्विलांस टीम ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। विगत कुछ महीनों में खोए हुए 15 लाख रुपए के मोबाइल फोन को पुलिस ने बरामद किया है। मंगलवार को पुलिस कार्यालय के किरण हाल में आयोजित प्रेस वार्ता में पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि विगत कुछ माह में बड़ी संख्या में लोगों के मोबाइल फोन खो गए थे। सर्विलांस सेल और एसओजी की संयुक्त टीम ने लगभग 15 लाख रूपये के 101 स्मार्ट फोन बरामद कर उनके स्वामियों के सुपुर्द किए हैं। जिले में पुलिस के पास अक्सर मोबाइल चोरी होने या खोने की शिकायतें मिलती रहती हैं। चोरी हुए या खोए हुए मोबाइल को तलाशने के लिए एसपी अभिषेक अग्रवाल ने सर्विलांस प्रभारी के नेतृत्व में टीम को जिम्मदारी सौंपी है। सर्विलांस टीम ने प्रयास कर करीब 101 कीमती मोबाइल फोन बरामद किए। पुलिस ने बरामद किये गए मोबाइल फोन की कीमत करीब अठरह लाख रुपये बताई है। बुधवार को सभी मोबाइल फोन के स्वामियों को सर्विलांस टीम द्वारा बुलाया गया और उनके मोबाइल उन्हें सुपुर्द किए गए।

## वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**शिवगढ़, रायबरेली।**



समृद्धि न्यूज। अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के अंतर्गत मुखबिर खास की सूचना पर विभिन्न अपराधों में संलिप्त अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार का न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया पुलिस के मुताबिक थाना शिवगढ़ पर धारा 419, 420, 467, 468,471 के अंतर्गत शिवगढ़ थाने पर पंजीकृत मुकदमा से संबंधित वांछित अभियुक्त उदय प्रताप सिंह पुत्र स्व. डोमन सिंह निवासी ग्राम शारदा नगर पूरे सुखई मजरे पाली थाना महाराजगंज जनपद रायबरेली को मुखबिर खास की सूचना पर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर थाना शिवगढ़ पर विधि कार्रवाई करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया।

## डिवाइडर से टकराया ट्रक, सड़क पर बिखरे तारकोल के ड्रम

**उन्नाव।** बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर तेज रफ्तार ट्रक डिवाइडर से टकराकर पलट गया। हादसा होते ही ट्रक पर लदे तारकोल के ड्रम मार्ग पर बिखर गए तभी पीछे से तेजगति से आ रहीं 9 अन्य छोटी-बड़ी गाड़ियां ड्रमों से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। इस भीषण हादसे में करीब एक दर्जन यात्री घायल हुए हैं। राजस्थान प्रांत के जिला अजमेर के थाना नसीराबाद अंतर्गत ग्राम मानेवाड़ा निवासी चालक दीपक पुत्र उग्राराम ट्रक में तारकोल के ड्रम लादकर गुजरात से गुवाहाटी जा रहा था तभी रास्ते में मंगलवार को तड़के बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर गांव जोगीकोट के निकट अचानक ट्रक सेण्ट्रल डिवाइडर से टकराकर विपरीत दिशा में पलट गया।



## फांसी के फंदे से लटकता मिला महिला का शव

**खीरों,रायबरेली।** क्षेत्र के गुम्दापुर मजरे धुराई गांव में उस समय हड़कंप मच गया जब राम मिलन शर्मा की पत्नी सोमवती का शव घर के अंदर फांसी के फंदे से लटकता मिला सोमवार की रात करीब 1 बजे घर के अंदर कमरे में पंखे के कुंडे में साल के सहारे संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लियाद्य परिजनों ने इसकी सूचना मायके वालों को दी जैसे ही घर वालों को सूचना हुई तो गांव में सनसनी फ़ैल गई मृतका के भाई राम बिहारी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पति राम मिलन , बच्चे नायन ,साक्षी,आर्यन समेत परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है इस संबंध में खीरों थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि मृतका के भाई की तहरीर पर शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज कर आगे की विधिक कार्यवाही शुरू कर दी गई हैं। मौत का सही कारण पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही लग पाएगा।

# फुर्सतगंज एयरपोर्ट को उड़ान स्कीम में किया जाये शामिल: अजय अग्रवाल

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



भाजपा नेता एवं सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता अजय अग्रवाल ने नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिराजे सिंधिया को पत्र लिख कर फुर्सतगंज एयरपोर्ट को उड़ान स्कीम में सम्मिलित कर टैक्स फ्री किए जाने का अनुरोध किया है, जिससे प्राइवेट एयरलाइन यहां पर व्यावसायिक उड़ाने जल्द शुरू कर सकें।

भाजपा नेता अजय अग्रवाल ने पत्र में लिखा है कि उनकी एक प्राइवेट एयरलाइन के अध्यक्ष से बात हुई है तथा वह फुर्सतगंज के लिए जल्द उड़ान शुरू करना चाहते हैं। परन्तु कोई भी व्यावसायिक फ्लाइट न होने के वावजूद उसको 'उड़ान' स्कीम में सम्मिलित नहीं किया गया है जिससे कि हवाई जहाजों को लैंडिंग टेकआफ के चार्ज न देने पड़े। भाजपा नेता अजय अग्रवाल ने नागरिक उड्डयन मंत्री से आग्रह किया है कि फुर्सतगंज एयरपोर्ट को अविलम्ब 'उड़ान' योजना में सम्मिलित कर इसे पूरी तरह टैक्स फ्री किया जाये।

ताकि यहाँ से प्राइवेट एयरलाइन उड़ान शुरू कर सकें तथा यात्री कम किराये में यात्रा कर सकें।

## विकास भवन परिसर से बाइक हुई चोरी

**रायबरेली।** सरकारी दफ्तर के कार्यालय के बाहर से पेंशन के कार्य से आए एक बुजुर्ग की बाइक चोरी हो गई जिसको लेकर पीड़ित ने काफी खोजबीन की लेकिन कहीं उसकी बाइक नहीं मिली तो डायल112 पुलिस को सूचना दी गई आपको बता दें कि रायबरेली जनपद के शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के विकास भवन परिसर स्थित गांधी सभागार सरकारी कार्यालय के सामने से पेंशन कार्य के लिए आए बुजुर्ग की बाइक चोरी हो गई जिसको लेकर बुजुर्ग ने पूरे परिसर में अपनी बाइक की खोजबीन की लेकिन कहीं उसकी बाइक नहीं मिली तो पीड़ित बुजुर्ग ने डायल 112 पुलिस को सूचना दी। घटना को लेकर जब शहर कोतवाल राजेश सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इंदिरा नगर चौकी इंचार्ज को मामले की जांच पड़ताल किए जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।

# टैबलेट पाकर छात्र-छात्राओं के खिले चेहरे



**बछरावां, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत आज कस्बे के दयानंद बछरावा पीजी कॉलेज मे बीएड एवं बीलिब के 216 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन तथा एमए, एमएससी, एमकॉम एव एम एड के 127 छात्राओं को टैबलेट वितरित किए गएद्य इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक राहुल, महाविद्यालय के प्राचार्य सुभाष चंद्र श्रीवास्तव, बछरावां कोतवाली विजेंद्र प्रसाद शर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम, वरिष्ठ शिक्षाविद एवं कवि भगवान कुमार अवस्थी, वरिष्ठ व्यवसायी सौरमंडल शुक्ला, सामाजिक समरसता संयोजक सतीश सिंह सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं सैकड़ो छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# जर्जर सड़क-पेयजल समस्या से जूझ रहे ग्रामीण

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**




जनपद के सरेनी विकास क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बेमौरा के ग्रामीणों ने सड़क और पेय जल की समस्या को लेकर मतदान बहिष्कार का ऐलान किया है। बीते दिन मीडिया से बातचीत करते हुए सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने शासन प्रशासन पर गांव की उपेक्षा का आरोप लगाया।

बीते कुछ वर्ष पूर्व गांव के ही सुरेश सिंह सियाचीन में हो गए थे। जिसके बाद शहीद के नाम पर सड़क और द्वार बनाए जाने का आश्वासन सरकार की ओर से मिला था शहीद के भाई बीरेंद्र सिंह और नरेंद्र सिंह ने बताया कि आज तक धरातल पर कोई कार्य नहीं हुआ।

**पूरे गांव के लोग करेंगे मतदान का बहिष्कार**

ग्रामीणों का कहना है कि गांव में पीने के पानी का संकट है आने जाने का मार्ग खस्ताहाल है।

लेकिन कोई प्रयास न तो कोई नेता की ओर से किया गया और न ही अधिकारियों की ओर से। ग्रामीणों का कहना है कि अगर कोई ध्यान नहीं दिया गया तो आगामी लोक सभा चुनाव में पूरे गांव के लोग मतदान बहिष्कार करेंगे।भारी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हुए और बहिष्कार का एक स्वर में समर्थन किया। इस मौके पर मुख्य रूप से सरोज सिंह,हरिनाम सिंह,राजेश सिंह, मन बोध सिंह, भाना सिंह एवम मनोज सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### पीड़ित ने लगाई चौकी इंचार्ज से न्याय की गुहार

**महराजगंज,रायबरेली।** राम अवध पुत्र छेदी निवासी ग्राम खैरा तहसील महराजगंज जिला रायबरेली ने थुलवासा चौकी में लिखित शिकायती पत्र लेते हुए बताया कि रामसमुझ पुत्र राम भरोसे गया प्रसाद पुत्र राम भरोसे नंदकिशोर पुत्र रामभरोसे समस्त निवासी ग्राम खैरा तहसील महराजगंज जिला रायबरेली के निवासी हैं गाटा संख्या 327 ग्राम खैरा में स्थित है हल्का लेखपाल व कानून गो द्वारा पुलिस द्वारा कार्रवाई की गई जो निशान देही करवाई गई और खाली करने के लिए शासन द्वारा कहा गया जो आज तक खाली नहीं की गई है चौकी इंचार्ज को लिखित शिकायती पत्र देते हुए राम अवध ने जमीन खाली कराकर कब्जा दिलवाने की गुहार लगाई।

### नशेड़ी की नाली में गिरकर मौत

**डलमऊ,रायबरेली।** शराब के नशे में धुत एक अधेड़ नशेड़ी की नाली में गिरकर मौत हो गई परिजनों को जब घटना की सूचना मिली तो घर में रोना पीटना मच गया सूचना पर पहुंची डलमऊ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के मुर्शिदाबाद गांव निवासी शिव नारायण पुत्र बाबूलाल उम्र लगभग 45 वर्ष बीती रात दारू के नशे में धुत होकर घर से पड़ोस के गांव सराय दिलावर पहुंच गया घोर अंधेरा होने के कारण उसे कुछ समझ में नहीं आया और अत्यधिक नशे में होने के चलते वह नाली में गिर गया जिसके चलते उसकी मौत हो गई घटना की सूचना परिवारी जनों को मिली तो घर में रोना पीटना मच गया ग्रामीणों द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची डलमऊ पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मृतक अपने पीछे दो पुत्र जो ननिहाल में रहते हैं एवं पत्नी सुमन को छोड़ गया है कोतवाली प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने बताया कि मृतक नशेड़ी प्रगति का था अत्यधिक नशे में होने के चलते नाली में गिर गया जिसके चलते उसकी मौत हो गई शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### 'द विजन ऑफइनक्रेडिबल माइंड' पर बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**उन्नाव।** बांगरमऊ नगर के संडीला मार्ग स्थित प्रतिष्ठित माया इंटरनेशनल स्कूल में आज द विजन आफइनक्रेडिबल माइंड विषय पर भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने विज्ञान पर आधारित आधुनिक माडल प्रदर्शित कर अभिभावकों और दर्शकों को जमकर वाहवाही लूटी। तहसील कार्यालय के सामने प्रमुख मार्ग संडीला रोड पर स्थित माया इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित प्रदर्शनी में रामलला मंदिर राष्ट्रीय धरोहर, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ एवं वन्य जीव संरक्षण पर बच्चों द्वारा निर्मित माडल और उससे संबंधित भाषण आकर्षण का केंद्र रहे। इसके अलावा अभिभावकों और दर्शकों ने छात्र अंश गुप्ता द्वारा निर्मित माडल आदित्य एल-1 राकेट, वंशिका गुप्ता के स्वचालित फौवारा, शुक्ला के स्वचालित झूला आयुषी पाल के स्वशन तंत्र कार्य प्रणाली, अमान के चिड़ियाघर तथा छात्र कृष्णा कुशवाहा के तेजस लड़ाकू विमान व चंद्रयान माडलों की सराहना की। अंत में विद्यालय के प्रबंधक माया प्रकाश गुप्ता ने बच्चों तथा माडल निर्माण का प्रशिक्षण देने के लिए विद्यालय की प्रधानाचार्या अनुपमा वैस को पुरस्कृत किया। प्रदर्शनी के दौरान सचिन गुप्ता, राजेंद्र श्रीवास्तव, आशिद हुसैन व संतोष कुशवाहा आदि शिक्षक और अभिभावक मौजूद रहे।

# नीरज चौरसिया के हाथों में पुनः अध्यक्ष पद की कमान



**बछरावां, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

नीरज चौरसिया दोबारा बने पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के ब्लाक अध्यक्ष, राजेश महामंत्री रामकरण कोषाध्यक्ष, संगठन मंत्री राजू संप्रेक्षक श्यामलाल बने। इस मौके पर जिलाध्यक्ष रणबहादुर यादव महा मंत्री अरुण बेनु कोषाध्यक्ष दिनेश प्रकाश वरिष्ठ उपाध्यक्ष विंधेस्वरी मिस्र सहित जिले की टीम उपस्थित रही इस चुनाव में नीरज चौरसिया को 43 और उनके प्रतिद्वंदी मनोज को 21 वोट मिली महामंत्री के पद पर राजेश को 44 और सुरेंद्र कुमार को 20 वोट मिली इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत ने विजेताओं को प्रमाण पत्र दिए। इस मौके पर सभी सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

## मजदूर की नहर में डूबने से मौत

**रायबरेली।** मनरेगा के तहत काम कर रहे मजदूर की नहर में डूबने से हुई दर्दनाक मौत मामला डीह थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुमत पुर टेकरी दांदू गांव का है जहां इंटर कॉलेज को जाने वाले रास्ते में मनरेगा के तहत खड़ंजा लगाने का काम चल रहा था जिसके लिए पास में गई नहर की मिट्टी खोदकर उसमें डाली जा रही थी जिसमें आधा दर्जन से अधिक मजदूर काम कर रहे थे मिट्टी खुदाई के दौरान अमर सिंह पुत्र लाल बहादुर उम्र 55 वर्ष का पैर फिसलने से वह नहर के गहरे पानी में चले गए जिससे वहां काम कर रहे मजदूरों में चीख पुकार मच गई स्थानीय लोगों की मदद से नहर में डूबे बुजुर्ग मजदूर को बाहर निकाला गया लेकिन तब तक उनकी दर्दनाक मौत हो चुकी थी, मजदूर की मौत से परिवार में कोहराम मच गया, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# अपनी ही पार्टी के निर्णय के खिलाफ क्यों गए भाजपा कार्यकर्ता?

**महाराजगंज, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



भारतीय जनता पार्टी द्वारा मंडल अध्यक्ष महराजगंज सूर्य प्रकाश वर्मा को हटाते हुए विवेक पांडे को बनाया गया था। वही दो दिन पूर्व बने मंडल अध्यक्ष का आज उन्हीं की पार्टी ने शुक्ला ट्रेडर्स पर इकट्ठा होकर विरोध प्रदर्शन किया लोकसभा चुनाव से ठीक पहले महराजगंज मे दो फाड़ में बांटी भारतीय जनता पार्टी में फूट साफ दिखाई पड़ रही है जहां एक ओर पूर्व मंडल अध्यक्ष के समर्थन में और नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष के विरोध में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने ही बिगुल फूंक दिया तो आखिर लोकसभा चुनाव में कैसे लगेगी नैय्या पार शुक्ला ट्रेडर्स पर इकट्ठा होकर वरिष्ठ भाजपा नेता अवधेश मिश्रा ने कहा कि हम सभी को पैराशूट मंडल अध्यक्ष नहीं चाहिए और मिश्रा ने यह भी कहा कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष को वर्तमान मंडल अध्यक्ष ने काले झंडे दिखाए थे ऐसे मंडल अध्यक्ष की हमें जरूरत नहीं है और हम सभी इसका विरोध कर रहे हैं लिखित में हम सभी संगठन को अपने विरोध की बात बताएंगे। इस मौके पर जिला प्रतिनिधि अवधेश मिश्रा निवर्तमान मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रकाश वर्मा मंडल उपाध्यक्ष शिव शंकर शुक्ला वीरेंद्र अवस्थी पंकज श्रीवास्तव सत्य प्रकाश वर्मा मंशाराम सिंह महामंत्री राम प्रकाश गौतम शिवम मिश्रा मंडल मंत्री अरविंद सिंह राघवेंद्र सिंह महावीर आरती गुप्ता दिनेश मौर्य राम अभिलाष तेजभान सिंह अशोक वर्मा विकास मिश्रा कल्पेश शुक्ला रामबक्स सिंह सोमेंद्र पटेल लक्ष्मी नारायण लोधी शत्रुघ्न लोधी सहित अन्य भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

वही इस विषय में जब मंडल अध्यक्ष विवेक पांडे से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पार्टी द्वारा जो भी निर्णय लिया जाएगा वह मान्य हम सब भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता है इस तरह की हरकत नहीं करते काले झंडे दिखाने की बात पर उन्होंने कहा कि अगर उनके पास कोई सबूत हो तो उसे पेश करें और संगठन का निर्णय जो भी है वह मान्य है।

एक तरफ जहां रायबरेली जीतने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने एड़ी चोटी का जोर लगा रखा है तो वही महराजगंज मंडल मे आपसी फूट कहीं पार्टी की लुटिया ना डुबो दे।

# सम्मान समारोह एवं कवि सम्मेलन का आयोजन

**अधिवक्ताओं ने किया पूर्व विधायक का जोरदार स्वागत**

**लालगंज, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**




जनपद की लालगंज तहसील परिसर में बैसवारा अधिवक्ता एसोसिएशन के बैनर तले पूर्व विधायक सुरेंद्र बहादुर सिंह का सम्मान समारोह एवम कवि सम्मेलन आयोजित किया गया।

तहसील परिसर में नवनिर्मित भवन है जो पूर्व विधायक सुरेंद्र बहादुर सिंह द्वारा निर्मित कराया गया है। जिसमें लगे शिला लेख का अनावरण आज पूर्व विधायक के कर कमलों से सम्पन्न हुआ। साथ ही अधिवक्ता संघ द्वारा पूर्व विधायक का अंग वस्त्र, सम्मान पत्र,प्रतीक चिन्ह और भारी संख्या में माल्यार्पण करके सम्मान किया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक ने कहा दान की हमारे घर की पूर्वजों से परंपरा है जिसका निर्वाहन मैं भी कर रहा हूं। आजीवन समाज हित में ऐसे ही जीवन लगाना चाहता हूं। सम्मान समारोह के साथ कवि सम्मेलन का भी आयोजन हुआ जिसमें मुख्य रूप से हरिनाम सिंह, डॉ शैलेश प्रताप सिंह, शिवतोष संघर्षी,खलील फरीदी,के पी सिंह, और डॉ विनय भदौरिया ने शानदार काव्य पाठ से कार्यक्रम को भव्य बना दिया। इस मौके पर एसोसियेशन के अध्यक्ष शेर बहादुर सिंह,दल बहादुर सिंह,शैलेश त्रिवेदी,राज बली सिंह सहित अधिवक्ता संघ के लोग उपस्थित रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ घायल

**उन्नाव।** आसीवन थाना क्षेत्र के मियागंज-संडीला मार्ग पर बाइक सवार अधेड़ को अज्ञात वाहन चालक ने पीछे से टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टर ने उसकी हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। औरास थाना क्षेत्र के नेवरा उदय गांव निवासी सुरेंद्र पुत्र छुन्नू मंगलवार को रिश्तेदार के यहां मियागंज आ रहा है अभी वह हैदराबाद कस्बा के हरी चौराहे पर पहुंचा था कि पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दी और मौके से भाग निकला। ग्रामीणों ने घायल को मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।



## उप्र पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ का चुनाव संपन्न

**महाराजगंज,रायबरेली।** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ का महराजगंज ब्लॉक का चुनाव हुआ संपन्न अध्यक्ष और महामंत्री पदों के लिए पड़े मतों में जहां रामसमुझ ने अध्यक्ष पद की बाजी मारी तो वही महामंत्री पद पर राम बहादुर विजयी हुए राम सजीवन यादव एवं रामसमुझ के बीच अध्यक्ष पद के लिए चुनाव हुआ जिसमें सफाई कर्मियों ने वोट डाला राम सजीवन यादव को 20 वोट मिली तो रामसमुझ को 41 वोट मिली रामसमुझ को विजयी घोषित किया गया। महामंत्री पद के लिए कृष्ण कुमार और राम बहादुर में टक्कर हुई कृष्ण कुमार को 20 मत मिले तो राम बहादुर को 41 मत मिले और राम बहादुर महामंत्री पद पर विजयी घोषित किए गए कोषाध्यक्ष राम बहादुर बनाए गए संगठन मंत्री मनोज कुमार बनाए गए इस मौके पर सभी सफाई कर्मी मौजूद रहे।

**पहल**

## अणुओं की संख्या रटे नहीं, बैलेंस करना सीखें: रामसजीवन पटेल

# रसायन विज्ञान में लाना है अच्छे अंक तो अपनाएं यह ट्रिक

**शिवगढ़, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



यूपी बोर्ड ने 10वीं और 12वीं की कक्षाओं की बोर्ड परीक्षाओं की तिथियां घोषित कर दी हैं विभाग के अनुसार आगामी 22 फरवरी से बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो रही है ऐसे में बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थी अपने सभी पेपर में बेहतर से बेहतर अंक लाने का प्रयास करते हैं इसके लिए वह अपनी पढ़ाई का समय भी बढ़ा देते हैं जहां वह पहले दिन में लगभग 3 से 4 घंटे तक पढ़ाई करते थे वहीं परीक्षा की तिथियां घोषित हो जाने से वह 7 से 8 घंटे की पढ़ाई करने लगे हैं इससे सीधा मतलब होता है कि छात्र परीक्षा को लेकर दबाव में आ जाते हैं लेकिन इन परीक्षार्थियों को बोर्ड परीक्षा को लेकर घबराने की जरूरत नहीं है खासकर रसायन विज्ञान के पेपर में छात्र के ऊपर दबाव न बने इसके लिए एसबीवीपी इंटर कॉलेज शिवगढ़ रायबरेली के रसायन विज्ञान के प्रवक्ता राम सजीवन पटेल छात्रों को कुछ खास टिप्स देते हैं जिससे कि वह रसायन विज्ञान के पेपर में अच्छे से अच्छे अंक प्राप्त कर सकें।

### इन प्रश्नों पर करें फोकस

राम सजीवन पटेल बताते हैं कि रसायन विज्ञान प्रयोगात्मक विषय के साथ ही सामान्य विज्ञान से थोड़ा अलग होता है इसमें छात्रों को हर टॉपिक मैं न्यूमेरिकल के साथ ही एक विशेष कॉन्सेप्ट की तैयारी करनी पड़ती है उसको समझाना पड़ता है यदि छात्र को बेहतर अंक हासिल करना है तो वह सभी पढ़ाई के टॉपिक और न्यूमेरिकल का एक शॉर्ट नोट्स तैयार कर ले जिसे आप प्रतिदिन रिवीजन करें एवं लघु उत्तरी और दीर्घ उत्तरी प्रश्नों पर विशेष ध्यान दें।

### इन बातो का रखें विशेष ध्यान

रसायन विज्ञान में आवर्त सारणी के तत्व एवं उनके परमाणु भार व प्रमाण क्रमांक भी याद कर लें सारांश और नोट्स बनाकर याद करने से रिवीजन करना बेहद आसान हो जाता है। **कैसे करें रसायन विज्ञान पेपर की तैयारी** एसबीवीपी इंटर कॉलेज शिवगढ़ रायबरेली के रसायन विज्ञान के प्रवक्ता राम सजीवन पटेल बताते हैं कि यूपी बोर्ड की परीक्षा देने जा रहे छात्र केमिस्ट्री सब्जेक्ट यानी की रसायन विज्ञान को लेकर बिल्कुल भी चिंता ना करें वह रासायनिक समीकरणों एवं उनकी क्रियाविधियों को लिख लिख कर अभ्यास करें साथ ही आवर्त सारणी को पूरी तरह तैयार कर ले जो आपको बेहतर अंक लाने में सहायक होगी।

## युवक की हत्या की गुत्थी सुलझाने में उलझी पुलिस

**उन्नाव।** फतेहपुर-84 थाना क्षेत्र के गांव नैनसुखखेड़ा निवासी श्याम किशोर की निर्मम हत्या में पुलिस ने तीन अन्य संदिग्धों को हिरासत में लिया है। पुलिस का मानना है कि हत्या में परिवार के एक सदस्य सहित कई लोग शामिल हो सकते हैं। पुलिस आरोपी सहित हिरासत में लिए गए संदिग्धों से पूंछताछ करने में जुटी है। फतेहपुर-84 थाना क्षेत्र के ग्राम सकरौली के मजरा नैनसुखखेड़ा निवासी श्यामकिशोर 28 वर्ष पुत्र छेदीलाल राठौड की निर्मम हत्या बीते गुरुवार की रात कर दी गई थी और शव कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मल्हपुर से करीब दो सौ मीटर दूर ग्राम सकरौली मार्ग के किनारे फेंक दिया गया था।

# डीएम ने आरो प्लांट का किया उद्घाटन

**जिलाधिकारी बोली, प्लांट लगने से अस्पताल में आने वाले लोगों को मिलेगा शुद्ध पानी**

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने एश्प्रा फाउंडेशन द्वारा जिला चिकित्सालय और मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में लगाए गए आरो प्लांट का उद्घाटन किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि आरो प्लांट लग जाने से अस्पताल में आने वाले लोगों को शुद्ध पानी मिलेगा। साथ ही स्टेडियम में खिलाड़ियों को भी शुद्ध पानी की उपलब्धता होगी। उन्होंने ने कहा कि शुद्ध पानी जीवन की सबसे बड़ी आवश्यकता है इसके लिए संविधान के अनुच्छेद 21 में भी उल्लेख किया गया है शुद्ध पानी की उपलब्धता प्रत्येक व्यक्ति का मौलिक अधिकार है। इस कार्य के लिए एशप्रा फाउंडेशन की उन्होंने सराहना की और कहा की आगे भी इस तरह के जनहित के कार्य होते रहने चाहिए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक और जिला क्रीड़ा अधिकारी उपस्थित रहे।

## भूदान के बाद अब भू-मुक्ति

स्वतंत्र भारत में हुए अनेक आंदोलनों में से विनोबा भाबे के नेतृत्व वाला भूदान आंदोलन सबसे महत्वपूर्ण आंदोलनों में से एक है। इस आंदोलन के माध्यम से विनोबा भारत में क्रांति लाने में सफल रहे। विनोबा की क्रांति भारत की मूल समस्याओं के समाधान में एक बड़ा कदम थी। आर्थिक असमानता को दूर करने में आंदोलन के प्रयास उल्लेखनीय थे। आजादी के ठीक बाद एक और स्वतंत्रता आंदोलन आया जिसे भारत के लोगों की आर्थिक मुक्ति कहा गया। भारत की राजनीतिक मुक्ति के बाद विनोबा के आर्थिक स्वतंत्रता के प्रयासों और भूदान आंदोलन ने भारतीयों के मन में हलचल पैदा कर दी। विनोबा की भूदान यात्रा, भूदान यज्ञ का प्रचार और उसके बाद ग्रामदान, जिलादान, राज्यदान, संपत्तिदान और जीवनदान के आंदोलन ने पूरी दुनिया में सनसनी मचा दी। यह आन्दोलन कुछ ही दिनों में जन आन्दोलन में बदल गया। यह आंदोलन भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान में भी शुरू हुआ। चीनी भू-राजनीतिक व्यवस्था का अनुसरण करते हुए भारत में भी वैसी ही व्यवस्था लागू करने की सोच रखने वाले विनोबा अंततरू तेलंगाना से शुरू होकर भूदान की गंगा को पूरे देश में फैलाने में सफल रहे। भूदान के आह्वान ने जमींदारों से दान में मिली जमीन को भूमिहीनों में बांटकर बिनोबा ने नई राह दिखाई, नए विचार पैदा किए, दुनिया के अरबों लोगों को दान की संस्कृति से परिचित कराया और कई लोगों की आंखें खोलने में मदद की। पौराणिक युग में जमीन के लिए महाभारत युद्ध से शुरू होकर, हाल के दिनों में कई देशों में जमीन के लिए मानव का संघर्ष बहुत अधिक हुआ है। कहां राजशाही और राजशाही के हाथों से धरती माता को मुक्त कराने की पुकार है और कहां जमींदारों और जागीरदारों के हाथों से धरती को मुक्त कराने का प्रयास है। इन कोशिशों के बीच कितनी जानें गईं और कितना खून बहा, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है। यह जमीन देशों के बीच युद्धों का कारण है, परिवारों के बीच संघर्ष का कारण है। उसी प्रकार यह जमीन भाइयों के बीच झगड़े का कारण होती है। इन अंतहीन संघर्षों, युद्धों तथा हिंसा को समाप्त करने की आवश्यकता है। भूदान आंदोलन ने पूरे देश में जो चेतना विकसित की, उसने दुनिया में जो सांस्कृतिक वातावरण तैयार किया, उसका मूल्यांकन करने की जरूरत है। भूदान आंदोलन के परिणामस्वरूप, कई बेघर परिवार भूमि प्राप्त करने और अपनी आजीविका में सुधार करने में सक्षम हुए, उनके जीवन में बदलाव संभव हुआ। इसी प्रकार, जिन लोगों ने भूमि दान करके अपनी उदारता का परिचय दिया, वे समाज के सामूहिक विकास में भाग लेने में सक्षम हुए, लेकिन भूदान की सफलता आर्थिक असमानता को दूर करने के लिए पर्याप्त नहीं थी। सरकारी नीतियों ने अमीरों को और अमीर तथा गरीबों को और गरीब बनाने में मदद की है। इसके कारण अमीर-गरीब के बीच की खाई नहीं मिट सकी, विषमताएं समाप्त नहीं हो सकीं और करुणा से परिपूर्ण समतामूलक समाज संभव नहीं हो सका। वह दिन था, 18 अप्रैल 1951। आज के तेलंगाना राज्य के पोचमपल्ली गांव में बाबा विनोबा के अनुरोध और प्रोत्साहन से भारत के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ा। उस दिन की घटना ने विश्व में जिस नये आन्दोलन को जन्म दिया, वह था श्भूदान आन्दोलन।श् जब तेलंगाना की निराश्रित, अत्यंत गरीब जनता, भूख हड़ताल पर बैठी महिलाएं अपराध करने से नहीं हिचकिचाईं, जब संबंधित क्षेत्रों में खून के प्यासे लोगों का खून-खराबा होने लगा, तो संत विनोबा का हृदय टूट गया।

**रामायण काल की अयोध्या नगरी या कह लें की समूचा कोशल प्रदेश एक आदर्श राज्य था। वहां की व्यवस्थाएं लोक और राज्य के कल्याण के लिए ही बनाई गई होंगी। वाल्मीकि रामायण के बालकाण्ड के अंतर्गत पंचम और छठे सर्ग में दशरथ कालीन अयोध्या नगरी के वैभव का वर्णन मिलता है। अयोध्या में पाए जाने वाले अकूत धन का स्तोत्र कौन सा था उसकी एक झलक देखिए और फिर योगी सरकार के इस बजट का विश्लेषण कीजिए - अर्थात उस विभाग के लोग कोष के संचय और चतुरंगिणी सेना के संग्रह में सदा लगे रहते थे। शत्रु ने भी यदि अपराध न किया हो तो वे उसके साथ हिंसा नहीं करते थे। तात्पर्य यह की वहां की अर्थव्यवस्था को ठीक रखने वाले निरपराध भाव से कार्यरत थे। वाल्मीकि रामायण के अनुसार श्रीरामजी का आदेश था अश्वमेध के आयोजन के समय की मार्ग में आवश्यक वस्तुओं के क्रय विक्रय के लिए जगह जगह बाजार भी लगने चाहिए।**

# रामराज्य की ओर बढ़ती यूपी की आर्थिक शक्ति

संजय तिवारी




**उत्तर प्रदेश अब धर्मसंपन्न ऐसा राज्य है जिसकी सनातन शक्ति प्रज्वलित होकर भारत को सशक्त कर रही है और विश्व को कल्यानपथ की और ले कर चलने की शक्ति हासिल हो चुकी है। श्रीअयोध्या जी में श्रीराम मंदिर की भव्य प्राणप्रतिष्ठा के बाद अब समग्र प्रदेश ही भव्य, दिव्य और नव्य हो चुका है। युवा संन्यासी की शक्ति और नेतृत्व में,योगी आदित्यनाथ सरकार ने आज उत्तर प्रदेश के इतिहास का सबसे बड़ा बजट प्रस्तुत कर लोकमंगल के सभी द्वार खोल दिए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपनों को अपने कृतित्व से साकार करते योगी आदित्यनाथ ने इतिहास रचा है। संभवतः इसीलिए जब वह आज मीडिया से बात कर रहे थे तो उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि यह बजट प्रभु राम के लिए, उन्हीं की कृपा से उन्हीं की सेवा में प्रस्तुत है।**

उत्तर प्रदेश अब अर्थ संपन्न राज्य है। उत्तर प्रदेश अब शक्ति संपन्न राज्य है। उत्तर प्रदेश अब युवाशक्ति से संपन्न राज्य है। उत्तर प्रदेश अब नारीशक्ति की सुरक्षा और उससे संपन्न राज्य है। उत्तर प्रदेश अब रामराज की ओर अपने कदम तेजी से बढ़ा चुका है। उत्तर प्रदेश अब धर्मसंपन्न ऐसा राज्य है जिसकी सनातन शक्ति प्रज्ज्वलित होकर भारत को सशक्त कर रही है और विश्व को कल्यानपथ की और ले कर चलने की शक्ति हासिल हो चुकी है। श्रीअयोध्या जी में श्रीराम मंदिर की भव्य प्राणप्रतिष्ठा के बाद अब समग्र प्रदेश ही भव्य, दिव्य और नव्य हो चुका है। युवा संन्यासी की शक्ति और नेतृत्व में,योगी आदित्यनाथ सरकार ने आज उत्तर प्रदेश के इतिहास का सबसे बड़ा बजट प्रस्तुत कर लोकमंगल के सभी द्वार खोल दिए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपनों को अपने कृतित्व से साकार करते योगी आदित्यनाथ ने इतिहास रचा है। संभवतः इसीलिए जब वह आज मीडिया से बात कर रहे थे तो उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि यह बजट प्रभु राम के लिए, उन्हीं की कृपा से उन्हीं की सेवा में प्रस्तुत है।

उत्तर प्रदेश में अब तक जनता पर कोई नया कर थोपे बगैर, 7.36 लाख करोड़ का बजट कभी भी नही प्रस्तुत हुआ। कभी किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि महज 6 वर्ष की यात्रा में यह बीमार प्रदेश इस तेजी से अर्थ संपन्न होकर सर्वाधिक तेजी से विकसित होने वाला प्रदेश बनेगा और वन ट्रिलियन इकोनोमी की छलांग लगाने की दिशा में कदम रख पाएगा।

योगी सरकार का लोक मंगल का यह बजट अब प्रमाणित कर रहा है कि श्री अयोध्या जी में केवल हमने एक मंदिर ही बनाया है बल्कि हमारे कर्मठ और संकल्पवान सनातन धर्मनिष्ठ नेतृत्व ने उत्तरप्रदेश को वास्तव में उस रूप में स्थापित कर दिया है जिसकी चर्चा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बार बार ग्रोथ इंजन की संज्ञा देकर करते हैं। इस बजट की आर्थिक, तकनीकी बारीकियों पर अनेक अर्थशास्त्री अपने अपने विचार और विश्लेषण अवश्य प्रस्तुत करेंगे। अनेक चर्चाएं भी चलेंगी लेकिन इसे एक वाक्य में कहा जा सकता है कि यह लोकभावना के साथ वास्तव में लोक मंगल का ही प्रारूप है।

इसको समझने केलिए भारत के सनातन आदर्श भगवान राम के समय के अर्थ शास्त्र पर थोड़ी दृष्टि डाल कर वर्तमान का आकलन करना ज्यादा उचित होगा। यह अनिवार्य है कि राज्य के संचालन और रख-रखाव में धन का उपयोग प्रचुर मात्रा में होता है। इस अर्थ के उपार्जन में शासन द्वारा लिए जाने वाले कर की आमदनी, अधीनस्थ राजाओं द्वारा दी जा रही राशि आदि का संचय राज्य के कोषागार में जमा होती रहती है। यही धन राज्य के विकास और इससे जुड़े अन्य कार्यक्रमों में खर्च होता है। इसे ही हम प्राचीन काल का बजट कह सकते हैं।

रामायण काल की अयोध्या नगरी या कह लें की समूचा कोशल प्रदेश एक आदर्श राज्य था। वहां की व्यवस्थाएं लोक और राज्य के कल्याण के लिए ही बनाई गई होंगी। वाल्मीकि रामायण के बालकाण्ड के अंतर्गत पंचम और छठे सर्ग में दशरथ कालीन अयोध्या नगरी के वैभव का वर्णन मिलता है। अयोध्या में पाए जाने वाले अकूत धन का स्तोत्र कौन सा था उसकी एक झलक देखिए और फिर योगी सरकार के इस बजट का विश्लेषण कीजिए - अर्थात उस विभाग के लोग कोष के संचय और चतुरंगिणी सेना के संग्रह में सदा लगे रहते थे। शत्रु ने भी यदि अपराध न किया हो तो वे उसके साथ हिंसा नहीं करते थे। तात्पर्य यह की वहां की अर्थव्यवस्था को ठीक रखने वाले निरपराध भाव से कार्यरत थे। वाल्मीकि रामायण के अनुसार श्रीरामजी का आदेश था अश्वमेध के आयोजन के समय की मार्ग में आवश्यक वस्तुओं के क्रय विक्रय के लिए जगह जगह बाजार भी लगने चाहिए।

इसके प्रवर्तक वणिक और व्यवसायी लोग भी यात्रा करें। साथ ही नट नर्तक, युवा भी यात्रा करें। रामायण काल में राजा कर लेकर भ्रष्टाचार नही करते थे। वाल्मीकि रामायण अरण्या कांड 6.11 के अनुसार, सुमहान् नाथ भवेत् तस्य तु भूपतेः । यो हरेद् बलिषड्भागं न च रक्षति पुत्रवत् ।। जो राजा प्रजा से उसकी आय का छठा भाग करके रूप में ले ले और पुत्र की भांति प्रजा की रक्षा न करे, उसे महान अधर्म का भागी होना पड़ता था। वाल्मीकि रामायण के ये सभी श्लोक एक स्वस्थ और जागरुक अर्थ व्यवस्था की ओर संकेत करते हैं। आज उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार ने जो बजट प्रस्तुत किया है वह रामायण काल की वैसी ही अर्थ शक्ति की ओर प्रदेश को ले जाता दिख रहा है।

बजट के केंद्र में अयोध्या, प्रयाग, मथुरा, काशी, गोरखपुर, नैमिशारण्य, विंध्याचल जैसे स्थानों और प्रयागराज के महाकुंभ के आयोजन की अभी से होने वाली तैयारी के लिए किए गए प्रावधान लोक मंगल का ही संकेत हैं। युवाओं और महिलाओं के लिए अलग से की गई आर्थिक व्यवथाएं नेतृत्व की संवेदनशील प्रकृति और दूरदृष्टि को रेखांकित कर रही हैं। लोकहित सर्वोपरि की कामना के साथ शक्ति संपन्न प्रदेश के निर्माण का यह बजट अतिशुभ फलदाई है। यह बजट इस तथ्य का प्रमाण है कि योगी आदित्यनाथ के सक्षम नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने रामराज्य की नवयात्रा शुरू कर दी है।

## विचार

# आसरा तिकड़मों का और दावे वॉकओवर के

राजेंद्र शर्मा

**बेशक, यह कोई संयोग ही नहीं है कि हेमंत सोरेन के ईडी की इस कार्रवाई का सामना करने के लिए अपनी ओर से तैयारी के हिस्से के तौर पर, झारखखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस, राजद तथा सीपीएमएल विधायक मंडल के नये नेता के रूप में चंपाई सोरेन का चुनाव करने के बाद, औपचारिक गिरफ्तारी से ठीक पहले मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे के साथ ही, बहुमत के समर्थन के साथ नयी सरकार के गठन का दावा पेश किए जाने के बावजूद, मोदी राज द्वारा नियुक्त राज्यपाल ने नयी सरकार बनाने के लिए आमंत्रण देने में छत्तीय घंटे से ज्यादा लगा दिए।**

झारखंड में आखिरकार, चम्पाई सोरेन की सरकार ने विश्वास मत हासिल कर लिया। वास्तव में इसमें अगर किसी को संदेह रहा भी होगा तो रांची हाई कोर्ट के हेमंत सोरेन को विश्वास मत के लिए विधानसभा में उपस्थित रहने और मतदान में हिस्सा लेने की इजाजत देने के बाद, दूर हो गया होगा। हेमंत सोरेन की एक पुराने भूमि संबंधी मामले में ईडी द्वारा गिरफ्तारी के बाद, राज्य में अगर ज्यादा बड़ी राजनीतिक उठा-पटक टल गयी है और झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व में एक प्रकार से इंडिया गठबंधन की सरकार बनी रह सकी है, तो ऐसा कम से कम इसलिए हर्गिज नहीं हुआ है कि देश में सत्ता में बैठी भाजपा ने, ईडी की एक पदासीन मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी जैसी असाधारण कार्रवाई का राजनीतिक फायदा उठाने की कोशिश नहीं की थी।

बेशक, यह मानने के लिए बहुत ही ज्यादा भोला होना जरूरी होगा कि ईडी ने सत्ता के शीर्ष पर बैठे भाजपा नेताओं के इशारे के बिना ऐसी असाधारण कार्रवाई की होगी और वह भी किन्हीं अकाट्य साक्ष्यों के बिना ही। बहरहाल, यहां हम ईडी की इस कार्रवाई की वैधता के सवाल में न जाकर, इसी का ध्यान दिलाने तक खुद को सीमित रखेंगे कि भाजपा नेता अर्जुन मुंडा के दावे के विपरीत, ईडी के इस कदम के स्वाभाविक परिणाम के तौर पर, झारखंड सरकार के स्तर पर आने वाली राजनीतिक अस्थिरता का फायदा उठाने की भाजपा ने हरेक संभव कोशिश की थी।

बेशक, यह कोई संयोग ही नहीं है कि हेमंत सोरेन के ईडी की इस कार्रवाई का सामना करने के लिए अपनी ओर से तैयारी के हिस्से के तौर पर, झारखखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस, राजद तथा सीपीएमएल विधायक मंडल के नये नेता के रूप में चंपाई सोरेन का चुनाव करने के बाद, औपचारिक गिरफ्तारी से ठीक पहले मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे के साथ ही, बहुमत के समर्थन के साथ नयी सरकार के गठन का दावा पेश किए जाने के बावजूद, मोदी राज द्वारा नियुक्त राज्यपाल ने नयी सरकार बनाने के लिए आमंत्रण देने में छत्तीय घंटे से ज्यादा लगा दिए। यह इसके बावजूद था कि इससे चंद रोज पहले ही, बगल में बिहार में नीतीश कुमार के पल्टी मारकर दोबारा भाजपा की गोद में जा बैठने की सूरत में, महागठबंधन सरकार के मुख्यमंत्री के रूप में उनके इस्तीफे और एनडीए सरकार सरकार के गठन के लिए आमंत्रण के बीच, चंद घंटे भी नहीं लगे थे। इस तरह, जाहिर है कि भाजपा को अपने स्पष्टड्ड अल्पमत को बहुमत में तब्दील करने की जोड़-तोड़ के लिए समय देने के लिए ही, राज्यपाल ने झारखंड को पूरे दो दिन, वैध निर्वाचित सरकार के बिना ही गुजारने पर मजबूर कर दिया।

हैरानी की बात नहीं है कि इस सब के सामने, अपने स्पष्ट बहुमत को अल्पमत में तब्दील कर, अवैध हथकंडों से अपनी सरकार ही चुराए जाने से बचाव के राज्य में सत्ताधारी गठबंधन को, अपने 39 विधायकों को हैदराबाद पहुंचाना पड़ा था, ताकि अवैध चोरी से अपने विधायकों की हिफाजत कर सके।लेकिन, आखिरकार भाजपा का कोई पैंतरा काम नहीं आया और मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करने के दो दिन में ही चंपई सोरेन ने विधानसभा में 47 सदस्यों का समर्थन साबित कर दिया, जबकि बहुमत के लिए उन्हें सिर्फ 41 वोट की जरूरत थी। इस तरह, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल भिजवाने के बावजूद, भाजपा झारखंड में किसी तरह से सरकार हथियाने में ही नाकाम नहीं रही है, झारखंड की 14 लोकसभा सीटों में से अधिकतम को कब्जाने का उसका एक बड़ा दांव भी विफल हो गया है। याद रहे कि झारखंड की कुल 14 संसदीय सीटों में से 2019 में भाजपा खुद 11 सीटों पर कब्जा करने में कामयाब रही थी, जबकि एक सीट उसकी सहयोगी एजेएसयू के हिस्से में आयी थी। दूसरी ओर, वर्तमान इंडिया गठबंधन का प्रतिनिधित्व कर रही झामुमो और कांग्रेस के हिस्से में दो सीटें ही आयी थीं। लोकसभा चुनाव के कुछ ही महीने बाद हुए विधानसभाई चुनाव में, भाजपा बुरी तरह हार गयी थी और हेमंत सोरेन के नेतृत्व में विपक्षी गठबंधन की सरकार बनी थी। कहने की जरूरत नहीं है कि राज्य से लोकसभा सीटों में उल्लेखनीय कमी की आशंकाओं को कम करने की कोशिश में ही, झारखंड की विपक्षी सरकार को अस्थिर करने का पूरा खेला रचाया गया था।

सभी जानते हैं कि कुछ भिन्न रूप में ऐसा ही खेला इससे ठीक पहले, बगल बिहार में सफलता के साथ रचाया गया था। इस खेल में भाजपा ने, नीतीश कुमार की पल्टी के जरिए, एक प्रकार से उस गठजोड़ को ही दोबारा हासिल करने की कोशिश की है, जिसके सहारे 2019 के चुनाव में उसका गठजोड़ राज्य की चालीस में से कुल 39 सीटों पर काबिज हो गया था, हालांकि खुद भाजपा के हिस्से में 17 सीटें ही आयी थीं। महागठबंधन की सरकार बनने के साथ, बिहार का लोकसभा चुनाव भी भाजपा को अपने हाथ से पूरी तरह से निकल गया नजर आ रहा था और ठीक इसीलिए, नीतीश कुमार के लिए श्बाइ बैकश् की पेशकश के जरिए, भाजपा ने महागठबंधन तथा उसकी सरकार को साम-दाम-दंड-भेद के सभी हथकंडों को आजमा कर तुड़वाया है।

## परीक्षा में नकल रोकने की साहसिक पहल

डॉ. रमेश शर्मा



अलग-अलग कोर्स में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा हो या नौकरी के लिए प्रतिस्पर्धात्मक प्रक्रिया हो या फिर स्कूल और कॉलेज की नियमित रूप में होने वाली परीक्षा हो। नकल, धोखाधड़ी और गुंडागर्दी एक रूटीन का मामला बन गया है। अनेक तरह कोशिश के बाद भी इस अपराध पर अंकुश लगाना संभव नहीं हो पाया। नकल रोकने के प्रयास हिंसा या प्रतिशोध के कारण विफल रहे हैं । दबाव के आगे समर्थ भी खामोश रहते देखे जाते रहे हैं। परिस्थिति के दौरान गलत को सही और सही को गलत समझने का भ्रम अनुभव होता है। परीक्षा माफिया पर अब लगाम लगनी तय है।

संसद द्वारा इस संबंध में कानून बनाया जाना सचमुच सही दिशा में एक भगीरथी प्रयास है। अचानक सब ठीक हो जाएगा ऐसा मानना थोड़ी जल्दबाजी होगी क्योंकि नासूर की जड़ बहुत ही गहरी है। लेकिन यह इस दिशा में एक मील का पत्थर और एक साहसिक एवं स्वागतयोग्य कदम है जो धीरे-धीरे इस क्षेत्र की भ्रष्ट प्रणाली में वांछित परिणाम देगा । प्रतियोगी परीक्षाओं में युवा सारे साधन झोंक देते हैं और कई बार तो स्वयं को आहत भी कर रहे हैं। कोटा जैसे संस्थान इसके उदाहरण हैं। उम्मीदवार के साथ साथ परिवार और पूरी व्यवस्था को अपूरणीय क्षति के दौर से गुजरना पड़ता है। यह राष्ट्रीय कलंक है। विगत वर्षों में कई राज्यों के राजनेता और अधिकारी इस तरह के भ्रष्टाचार में संलिप्त पाये गए हैं और जेल में हैं। नौकरी देने वाली संस्थाएं, लोकसेवा आयोग के मुखिया और सदस्यों सहित प्रभावशाली वर्ग की भूमिका संदेह के दायरे में रही है।

आर्थिक संपन्न समूह का डंका बजता है जिस से सभी स्तर पर निराशापूर्ण माहौल पैदा होता है। यह कानून इस दिशा में युगांतकारी और आशातीत फल देगा ऐसा विश्वास किया जाना चाहिए।शिक्षण संस्थानों में इस समस्या के अलग आयाम हैं। यह कानून एक करोड़ रुपये जुर्माना और दस साल तक की सजा का प्रावधान करता है तथा संबंधित संस्थान की अयोग्यता को सस्पेंड करता है।

इस तरह के नियम स्कूल और कॉलेज के लिए भी बनने चाहिए । नकल के खेल में उम्मीदवार, परीक्षक, अभिभावक यानी समाज, माफिया और कानून की एजेंसियां मुख्य किरदार रहते हैं। यह कानून इन सभी पक्षों से सहयोग की अपेक्षा रखता है ।

कहीं एक, कहीं दो और कहीं सभी समूह की सहभागिता निश्चित परिणाम देने में सक्षम होगी ऐसा माना जाना होगा। नकल के स्वर्णिम सिद्धांत के अनुसार यदि अध्यापक चाहेगा तो नकल होगी यदि नहीं चाहेगा तो नहीं होगी लेकिन उसे परिवेश का वरदहस्त चाहिए क्योंकि उसे खामोश करने के बड़े रास्ते हैं जो माफिया समूह जानता है। इस कानून को पूरे देश में पूरी तन्मयता के साथ अपनाकर पूरी निष्ठा के साथ लागू किया जाएगा और युवावर्ग और देश की प्रतिभा के साथ न्याय करते हुए देश की उन्नति सुनिश्चित हो पाएगी तभी यह कानून अपनी दिशा में वरदान साबित हो सकता है।



## राशिफल

**मेषः-** जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है। नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का एहसास होगा। संतान संबंधी दायित्वों की पूर्ति होगी।

**बृषभः-** शासन-सत्ता से जुड़े लोगों के साथ निकटता बढ़ेगी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य पूर्ण होने के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ होगा। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा।

**मिथुनः-** संबंधों में व्यवहार कुशल बने। सामाजिक एवं मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागेदारी संभव। निकट संबंधों में अपनी अच्छी छबि बनायें।

**कर्कः-** विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होंगी। नवीन आशाएं नये उत्साह का संचार करेंगी। कार्यक्षेत्र में संबंधों का भरपूर लाभ उठाएंगे।

**सिंहः-** अंतमरुखी स्वभाव को त्याग बाह्यमुखी बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

**कन्याः-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। शिक्षा में समुचित परिश्रम करने में असमर्थ मन नकारात्मक चिंताओं से बोझिल होगा।

**तुलाः-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। पारिवारिक वातावरण में उत्साह का माहौल रहेगा।

**वृश्चिकः-** कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरें में व्यस्तता बढ़ेगी। परिजनों के भावनात्मक सहयोग से मन उत्साहित होगा। हंसमुख स्वभाव से आसपास का माहौल प्रसन्न होगा।

**धनुः-** कठिन एवं विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा में बढ़ेगी। घरेलू दायित्वों की पूर्ति होगी।

**मकरः-** कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकट संबंधों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं।

**कुंभः-** कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत् क्षेत्रों में संघर्ष संभव परंतु निराशावादी विचारों को मन में स्थान न दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित ऊर्जा की अनुभूति होगी।

**मीनः-** नकारात्मक चिंताओ को त्याग अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियो व सहकर्मियो के सहयोग से वातावरण सुखद होगा। राजनीति से जुड़े लोगों का सहयोग मिलेगा।

# बुंदेलखंड की बुझी प्यास, मेड़बंदी से बढ़ी आस

मुकुंद



**झांसी से 34194 मीट्रिक टन गेहूं सरकार ने खरीदा। तीन-चार दशक पहले अपने गांव जखनी का सूखा खत्म करने के लिए खेत पर मेड़ और मेड़ पर पेड़ अभियान शुरू करने वाले पद्मश्री से सम्मानित उमाशंकर पाण्डेय इस बदली हुई तस्वीर का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देते हैं। वह कहते हैं कि प्रधानमंत्री ने सारे देश को खेत पर मेड़ और मेड़ पर पेड़ अभियान से जोड़कर जल संरक्षण की पुरखों की विधि को जीवंत कर दिया है। इन प्रयासों की वजह से 30 लाख क्विंटल से अधिक बासमती उत्पादन चित्रकूट मंडल कर रहा है। बुंदेलखंड के किसान राष्ट्र और समाज को मजबूत कर रहे हैं। बांदा जिले के 10,000 से अधिक किसानों ने खेत पर मेड़बंदी की है। अब तक 25,000 से अधिक किसानों ने सामुदायिक प्रयास से मेड़बंदी कर वर्षा की बूंदों को रोका है।**

केंद्र सरकार सारे देश में वर्षा जल की बूंद-बूंद सहेजने के लिए पिछले 10 साल से भगीरथ प्रयास कर रही है। कुछ जगह अब इसके सुखद और सार्थक परिणाम सामने आने लगे हैं। उत्तर प्रदेश ने बड़ी खुशखबरी दी है। राज्य में गेहूं और धान की सरकारी खरीद का आंकड़ा लंबे समय तक अकाल का पर्याय रहे बुंदेलखंड के लिए नई उम्मीद जगाता है, क्योंकि यह वही इलाका है जहां कभी केंद्र सरकार मालगाड़ी से पानी भेजती थी। यहां से टैंकरों के माध्यम से पानी बांदा के चित्रकूट, मानिकपुर और सूखे के लिए अभिशप्त पाठा क्षेत्र में भेजा जाता था।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने एक दशक में बुंदेलखंड खासकर बांदा और चित्रकूट का सूखा खत्म कर दिया है। प्रदेश की योगी सरकार ने भी इस अभियान में अहम भूमिका निभाई है। अब चित्रकूट के पाठा, मऊ, राजापुर में बासमती चावल महक रहा है। बाकी जगह गेहूं की फसल लहलहा रही है। उत्तर प्रदेश में पिछले साल 15 जून तक गेहूं की कुल सरकारी खरीद (न्यूनतम समर्थन मूल्य) 20 4000 मीट्रिक टन की गई। इसमें अकेले चित्रकूट और राजापुर से 75270 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया। चित्रकूट मंडल के किसानों ने 41076 मीट्रिक टन उत्तर प्रदेश सरकार को बेचा। चित्रकूट मंडल उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा। दूसरे नंबर पर बुंदेलखंड मंडल रहा।

झांसी से 34194 मीट्रिक टन गेहूं सरकार ने खरीदा। तीन-चार दशक पहले अपने गांव जखनी का सूखा खत्म करने के लिए खेत पर मेड़ और मेड़ पर पेड़ अभियान शुरू करने वाले पद्मश्री से सम्मानित उमाशंकर पाण्डेय इस बदली हुई तस्वीर का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देते हैं। वह कहते हैं कि प्रधानमंत्री ने सारे देश को खेत पर मेड़ और मेड़ पर पेड़ अभियान से जोड़कर जल संरक्षण की पुरखों की विधि को जीवंत कर दिया है। इन प्रयासों की वजह से 30 लाख क्विंटल से अधिक बासमती उत्पादन चित्रकूट मंडल कर रहा है। बुंदेलखंड के किसान राष्ट्र और समाज को मजबूत कर रहे हैं। बांदा जिले के 10,000 से अधिक किसानों ने खेत पर मेड़बंदी की है। अब तक 25,000 से अधिक किसानों ने सामुदायिक प्रयास से मेड़बंदी कर वर्षा की बूंदों को रोका है। इससे पलायन रुका है। लोग बड़े पैमाने पर पशुपालन कर रहे हैं। दुग्ध उत्पादन और सब्जियों की पैदावार से समृद्धि आई है। पानी के लिए अब हाहाकार नहीं मचता।

पाण्डेय कहते हैं कि एक सरकारी रिपोर्ट के अनुसार बांदा जिले के जिन गांवों में कभी 200 बीघा जमीन में धान की पैदावार होती थी उनमें अब हजार बीघा से अधिक जमीन में धान की पैदावार हो रही है। जिस गांव के रकबे में 20 फीसद फसल पैदा होती थी वहां 95 प्रतिशत फसल पैदा होने लगी है। भू-जल विभाग की रिपोर्ट के अनुसार दो मीटर जलस्तर बांदा जिले का ऊपर आया है। यह बड़े बदलाव का संकेत है। जल संरक्षण की परंपरागत सामुदायिक विधि को आज सूखा प्रभावित सभी राज्य के किसान अपना रहे हैं। महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़,बिहार और झारखंड में भी किसान बड़ी संख्या में आगे आए हैं। %%खेत पर मेड़ और मेड़ पर पेड़%% को सर्वप्रथम बांदा जिले की 470 ग्राम पंचायत में प्रशासन ने लागू किया था। अब तो उत्तर प्रदेश सरकार ने संपूर्ण प्रदेश को इससे जोड़ दिया है।

नीति आयोग और जल शक्ति मंत्रालय ने संपूर्ण भारत के लिए इसे उपयुक्त माना है। अटल भू-जल योजना सहित अनेक योजनाओं में जल संरक्षण के इस मॉडल पर अमर किया जा रहा है। वह कहते हैं कि बुंदेलखंड में कभी एक किलोग्राम बासमती चावल पैदा नहीं होता था। जखनी में इसकी शुरुआत 2007 में हुई। इस प्रयोग ने सूरत बदल दी। %%खेत पर मेड़ और मेड़ पर पेड़%% ऐसी जल संरक्षण की तकनीक है कि कोई भी फावड़े से अपने खेत की मेड़बंदी कर सकता है।

उस पर सहजन, करौंदा, नींबू, अमरूद और अरहर और औषधि फसल का उत्पादन कर अतिरिक्त आमदनी की जा सकती है। अमृतकाल में हो रहे बदलावों में सामुदायिक और सरकारी प्रयास तो रंग ला रहे हैं, मगर यह दावे से कहा जा सकता है कि अगर राजनीतिक इच्छाशक्ति मजबूत हो तो संकल्प सिद्धि में देर नहीं लगती। मोदी सरकार का मानना है कि इन उपायों का कार्यान्वयन सतत प्रक्रिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के देश की बागडोर संभालने के सालभर बाद ही 2015 में 500 शहरों में अटल मिशन शुरू किया गया।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
( *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी* ) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# व्यवसायी से फिरौती मांगने वाले तीन गिरफ्तार

- व्हाट्सअप कॉल से हुई पांच लाख की फिरौती की मांग, रकम न देने पर जान से मारने की दी धमकी
- जिले की थाना पनवाड़ी की पुलिस टीम ने की कार्यवाही



पुलिस की हिरासत में पकड़े गए आरोपी।

**पनवाड़ी,महोबा। समृद्धि न्यूज**

व्यापारी से पांच लाख की फिरौती मांगने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। 29 जनवरी को को थाना पनवाड़ी में महेंद्र राजपूत पुत्र सिद्ध गोपाल राजपूत द्वारा शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया, जिसके माध्यम से उन्होनें बताया कि 28 जनवरी की रात्रि 09.30 बजे व्हाट्सअप मैसेज व 29 जनवरी की प्रातः 07.30 बजे व्हाट्सअप कॉल के माध्यम से उनसे 05 लाख रुपये फिरौती की मांग की गई व रकम न देने पर जान से मारने की धमकी दी गई। प्राप्त तहरीर के आधार पर धारा 386, 387, 506 व 67 आईटी एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता को इसकी जानकारी हुई तो प्रकरण की गंभीरता के दृष्टिगत व्यावसायी से वार्ता की गई एवं तत्परता दिखाते हुए व्यवसायी की सुरक्षा के पर्याप्त बंदोबस्त करते हुए उनकी सुरक्षार्थ पुलिस कर्मी उपलब्ध कराये गये साथ ही फिरौती की मांग करने वाले आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित किये जाने के लिये यशवंत सिंह यादव निरीक्षक अपराध थाना पनवाड़ी के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम प्रकाश में आये आरोपियों की तलाश शुरू की।ग्राम नकरा तुर्रा मोहार मोड़ पर मुखबिर द्वारा सूचना दी गई कि तीन व्यक्ति राठ रोड पर खड़े होकर आपस में फिरौती के पैसे लेने की बातचीत कर रहे हैं। इस सूचना पर तत्काल मौके पर पुलिस टीम पहुंची, पुलिस बल को देख सभी अभियुक्त भागने का प्रयास किये। जिस पर घेर कर चन्दन अहिरवार पुत्र दिलीप कुमार निवासी ग्राम पठा ढकरवारा थाना मऊरानीपुर जनपद झांसी, अवधेश कुमार पुत्र कालीचरन अहिरवार निवासी ग्राम मड़ैइन भगवन्तपुरा थाना गरौठा जनपद झांसी व विमल प्रजापति पुत्र गंगाचरन प्रजापति निवासी ग्राम सुबेदार का पूरवा थाना थरियांव जनपद फतेहपुर को हिरासत में लिया गया। सभी इनके कब्जे से 04 मोबाइल फोन बरामद किये गये हैं, जिनसे फिरौती की घटना कारित की गई थी। इनका एक साथी नीरज फरार चल रहा है।

गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करत हुये न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा जा रहा है । आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली टीम निरीक्षक अपराध यशवंत सिंह यादव, कां राहुल कुमार, कां धीरज कुमार आदि शामिल रहे।

# जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान रखे क्षेत्र से संबंधित विकास प्रस्ताव

- कानपुर मंडल के विधायकों के साथ क्षेत्र के विकास संबंधी चर्चा की

**महोबा। समृद्धि न्यूज**



कल शाम लखनऊ 7, कालिदास मार्ग मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बुंदेलखंड क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने मुलाकात की जिसमे मुख्यमंत्री द्वारा उपस्थित चित्रकूट मंडल/ कानपुर मंडल के विधायकों के साथ क्षेत्र के विकास संबंधी चर्चा की गई।

महोबा एवम चरखारी विधानसभा क्षेत्रों की प्रमुख समस्याओं के सम्बंध में सदस्य विधान परिषद बांदा हमीरपुर क्षेत्र जितेन्द्र सिंह सेंगर महोबा सदर विधायक राकेश गोस्वामी एवम चरखारी विधायक बृज भूषण राजपूत द्वारा संयुक्त रुप से क्षेत्र में विकास सम्बन्धी योजनाओं, मेडिकल कॉलेज, खजुराहो से बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे कनेक्टिविटी, किसानों के बिजली संबंधी समस्याओं, क्षेत्र की प्रमुख सड़कों आदि समस्याओं से मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ को अवगत कराया। जिस पर मुख्यमंत्री ने मुलाकात के दौरान आश्वाशन दिया गया कि जो भी क्षेत्र की समस्याएं हैं उनका निस्तारण किया जाएगा।

# यूआरसी में भाजपा नेता ने परिषदीय अध्यापकों को बांटे टैबलेट

- टेबलेट से शिक्षकों का काम आसान होगा : प्रधानाध्यापक

**इटावा। समृद्धि न्यूज**

यू.आर.सी.पक्का तालाब पर नगर क्षेत्र इटावा के परिषदीय विद्यालयों के लिए टेबलेट वितरण का कार्य संपन्न हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं अकाल गंज वार्ड से वरिष्ठ सभासद शरद बाजपेयी ने टैबलेट वितरित किए कार्यक्रम की अध्यक्षता करनपुरा वार्ड की सभासद नीलम दुबे ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेता शरद बाजपेई ने कहा की शासन की महत्वाकांक्षी योजना के तहत परिषदीय विद्यालयों में टेबलेट वितरण का कार्य किया जा रहा है इससे शिक्षकों तथा बच्चों को लाभ मिलेगा उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का धन्यवाद ज्ञापित किया कि उन्होंने सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले गरीब बच्चों के लिए इस योजना की शुरुआत की, शरद बाजपेयी ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का धन्यवाद ज्ञापित करता हूं जिन्होंने परिषदीय विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों की दशा को सुधारा है और उन्हें बहुत सुदृढ़ किया है। काशीराम कॉलोनी के प्रधानाध्यापक प्रदीप यादव ने इस अवसर पर कहा कि इससे शिक्षकों का काम आसान होगा क्योंकि सारा काम पेपर लेस होगा अंत में खंड शिक्षा अधिकारी जयपाल सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम का संचालन अरुण कुमार सोनी ने किया।

# दुकानों का एग्रीमेंट कराकर ही किराए पर दें: डीएम

- डीएम की अध्यक्षता में आयोजित की गई समीक्षा बैठक

**महोबा। समृद्धि न्यूज**



**पुराने बकायेदारों से की जाए राजस्व की वसूली**

जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर, राजस्व कार्यों एवं राजस्व वादों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कर-करेत्तर से संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन के द्वारा निर्धारित करों के लक्ष्यों की पूर्ति करना सुनिश्चित करें। उन्होंने डिप्टी कमिश्नर वाणिज्य कर, एआरटीओ, खनिज अधिकारी को लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत वसूली करने तथा रजिस्ट्रेशन बढ़ाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने नगर पालिका/नगर पंचायतों को निर्देशित करते हुए कहा कि दुकानों का अग्रीमेंट कराकर ही किराये पर दें तथा लक्ष्य के सापेक्ष वसूली करें।

जिलाधिकारी नें विद्युत विभाग को वसूली लक्ष्य के सापेक्ष करने हेतु निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त सभी संबंधित विभागों के अधिकारिओं को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने विभागों की वसूली शासन द्वारा दिए गए लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत कराएं।

राजस्व वादों की समीक्षा में जिलाधिकारी ने 12 वर्ष और 08 वर्ष पुराने वादों को जल्द से जल्द निस्तारित करने हेतु सम्बंधित उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया। और कहा कि पुराने बकायेदारों की लिस्ट बनाकर उनसे राजस्व की वसूली की जाये। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामप्रकाश, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिशिर कुमार, उपजिलाधिकारी सदर जितेन्द्र सिंह, उपजिलाधिकारी चरखारी प्रदीप कुमार सहित तहसीलदार तथा संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



# गौनगुढा में भव्य कबड्डी एवं मेला प्रतियोगिता का शुभारंभ

**पनवाड़ी, महोबा।** पनवाड़ी विकास खंड के ग्राम गौनगुढा में बुंदेलखंड स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता एवं मेले का आयोजन हर साल की भांति इस साल भी किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर राज नारायण उर्फ राजू मिश्रा भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन सोनी भाजपा सह जिला मीडिया प्रभारी राम लखन सोनी पुरुष कबड्डी एवं मेला का उद्घाटन फीता काटकर किया गया इसी मौके पर आयोजनकर्ताओं द्वारा फूलमालाओं के साथ भव्य स्वागत किया गया इस मौके पर जुगल किशोर विश्वकर्मा श्याम सुंदर तिवारी देव्पल परिहार धीरज अनुरागी राजेंद्र यादव विक्रम यदुवंशी राजा दीक्षित अजेश राजपूत आयोजनकर्ता महेश आचार्य नरसिंह राजपूत रमाकांत राजपूत एवं समस्त ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### अंब्रेश कुमारी एवं पुत्र जिला पंचायत सदस्य ने दिया इस्तीफा



**महोबा।** बुंदेलखंड मे समाज़वादी पार्टी को बड़ा झटका लगा है चरखारी से पूर्व विधायक अम्बेश कुमारी व उनके पुत्र जिला पंचायत सदस्य मृत्युजय प्रताप सिंह ने सपा से इस्तीफ़ा दे दिया है अपने इस्तीफे में उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को अवगत कराया है कि नेता मुलायम सिंह यादव की जो सोच दलितों एवं गरीबों के उत्थान एवं सामाजिक न्याय दिलाने की थी अब उस सोच से समाजवादी पार्टी पूरी तरह से भटक चुकी है अब समाजवादी पार्टी का न कोई लक्ष्य है ना ही कोई सोच है इसी लिए वह सपा से इस्तीफा दे रहे हैं दोनों नेताओ के भाजपा ज्वाईन करने के कयास लगाए जा रहे हैं।

### युवक को दबंग ने पीटा, दर्ज हुआ मुकदमा

**महोबा।** पूजा कर घर पहुंचे व्यक्ति को गांव के ही एक दबंग द्वारा गाली गलौज कर मारपीट कर दी, तथा जान से मारने की धमकी देकर चला गया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही करने की गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुलपहाड़ कोतवाली क्षेत्र के कमालपुरा निवासी रामचंद्र पुत्र जयनारायण तिवारी ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाते हुए कहा कि प्रार्थी जब मंदिर से पूजा कर जैसे ही घर पहुंचा था, तो तभी गांव का एक व्यक्ति आकर मुझे बुरी बुरी गाली देने लगा, और कहने कि तूं हनुमान मंदिर बरकछा में पूजा पाठ करता है और माइक भी बजाता है। प्रार्थी ने जब गाली देने से मना किया, तो उक्त व्यक्ति द्वारा घर में घुसकर मारपीट करने लगा। तभी आवास सुनकर मेरा भाई हरिश्चंद्र व अन्य लोगों ने आकर बीच बचाव किया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर दबंग व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अनियंत्रित होकर कार खाई में गिरी, चार घायल

**इटावा।** थाना बकेवर क्षेत्र के कस्बा निवाड़ी कला से भिटारी गांव तक का महेवा अछल्दा मार्ग एक दुर्घटना बाहुल्य मार्ग बनता जा रहा है। आये दिन वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होंने का सिलसिला अनवरत जारी है। एक कार निवाड़ी कला की ओर से अछल्दा की तरफ जा रही थी बंबा पुलिया के पहले अनियंत्रित होकर खाई में चली गई।रफ्तार कम होंने से कार सवार पिता पुत्र को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। कार चालक राघवेंद्र पुत्र बृजराज सिंह निवासी बनगढ़ थाना दन्नाहार जनपद मैनपुरी ने बताया कि सामने से आ रहे वाहन को बचाने में कार खाई में चली गई। उनके साथ उनका पुत्र अनुराग चौहान भी था पर किसी को चोट नहीं आयी। वह ग्राम लड़ैयापुर थाना अछल्दा जनपद औरैया अपने रिश्तेदार जगदीश सिंह की पुत्री के विवाह में शामिल होंने जा रहे थे। सूचना पर चौकी पुलिस अहेरीपुर ने घटनास्थल पर पहुंच घटना की पूरी जानकारी अपने उच्चाधिकारियों को दी। एक सप्ताह बीते घटना स्थल से 500 मीटर आगे एक कार पेड़ से टकरायी थी जिसमें एक की मृत्यु और चार लोग घायल हुये थे। इन दुर्घटनाओं का एक मुख्य कारण घने कोहरे में दृश्यता कम होना भी है जिससे चालक सड़क का अनुमान नहीं लगा पाता और दुर्घटना का शिकार हो जाता है।

# 18 ग्राम पंचायत को आईएसओ प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाला बना प्रथम जिला



**हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**

बुन्देलखण्ड गौरव महोत्सव के अन्तर्गत सोमवार को परेड ग्राउण्ड में जिला गजेटियर का विमोचन जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय ने किया।साथ ही उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक 18 ग्राम पंचायतों को आईएसओ प्रमाण पत्र प्राप्त करने पर उत्तर प्रदेश में जनपद का प्रथम स्थान मिलने पर जिलाधिकारी ने सभी को बधाई दी, तथा आईएसओ प्रमााण पत्र प्राप्त करने वाले ग्राम अमगॉव, नहदौरा, इलैलिया बाजा, सिसोलर व टिकरी बुजुर्ग के ग्राम प्रधानों व ग्राम पंचायत सचिवों के सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि यह सर्टिफिकेट ग्राम पंचायत को ग्रामीण विकास योजनाओं के कुशल संचालन, ग्रामीणों के शिकायतों का समन्वित निवारण, शासकीय सुविधाओं को नागरिकों तक कुशलता पूर्वक पहुंचाने हेतु प्रदान किया गया।

## खोए बालक को पुलिस ने परिजनों के सुपुर्द किया

**हमीरपुर।** मंगलवार को मां के साथ बाजार आया एक सात वर्षीय बालक बिछड़ गया। पुलिस ने सूचना मिलते ही खोजबीन कर उसे ढूंढ निकाला। थाना बिवांर के उमरी गांव निवासी आकाश पुत्र लाखन अपनी मां के साथ कस्बा बिवांर बाजार करने आया था। तभी बाजार में खो गया। इस पर परिजनों ने थाना बिवांर पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बच्चे को सोशल मीडिया, सीसीटीवी फुटेज एवं स्थानीय लोगों की मदद से ढूंढने के काफी प्रयास किए। जिसके फलस्वरूप बालक को 30 मिनट के अंदर ढूंढ लिया गया। बालक से पूछताछ के क्रम में ज्ञात हुआ कि वह घर से अपनी मां के साथ बाजार आया था। बालक को थाना बिवांर पुलिस द्वारा परिजनों को सुपुर्द किया गया।

# पुलिस बल के साथ 28 घंटे बाद हो सका शव का पोस्टमार्टम

- सोमवार को चार दिन से गायब किसान का शव मटर के खेत में मिला था दफन

**राठ, हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**

सोमवार को चार दिन से गायब किसान का शव मटर के खेत में दफन मिला था। मझगवां पुलिस ने मृतक के भतीजे की तहरीर पर खेत मालिक व उसके पुत्र के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। मंगलवार को 28 घंटे बाद पुलिस ने शव का दो डॉक्टरों के पैनल में पोस्टमार्टम कराया है। पोस्टमार्टम होने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली है। मझगवां थाने के इटौरा गांव निवासी 45 वर्षीय मानसिंह पुत्र रामकुमार राजपूत का शव कोतवाली के इकठौर गांव निवासी उत्तम सिंह के मटर के खेत में गड्ढे में दफन मिला था। मृतक के भतीजे ने रुपए के लेन-देन को लेकर इकठौर गांव निवासी उत्तम सिंह व उसके पुत्र तेजसिंह पर हत्या कर शव को खेत में गड्ढा खोदकर दफन करने का आरोप लगाया था। सोमवार को स्वजन आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग करने पर आड़े थे।देर रात पुलिस ने आरोपित के पुत्र को गिरफ्तार कर लिया था। लेकिन मंगलवार की सुबह स्वजन मुख्य आरोपित को गिरफ्तार करने की मांग पर अड़े थे।

## अभियुक्त के विरुद्ध जिला बदर की कार्रवाई

**हमीरपुर।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही प्रभावी पैरवी के चलते न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट/ अपर जिला मजिस्ट्रेट थाना कोतवाली नगर गुंडा अपराधी को जनपद की सीमा से छह माह के लिए जिलाबदर किया गया है। पारित आदेश में कहा है कि जिलाबदर की अवधि में अपराधी शहर कोतवाली के गौरा देवी मोहल्ला निवासी कन्हैया शर्मा पुत्र राजेश कुमार अपने साथ किसी प्रकार का शस्त्र व अग्नेयास्त्र लेकर नहीं चलेंगे एवं छह माह की अवधि तक जनपद की सीमा में प्रवेश नहीं करेंगे।

# रिहायशी मकान में आग लगी, बाल-बाल बचे लोग

**सरीला, हमीरपुर समृद्धि न्यूज।**



जलालपुर थाना क्षेत्र के लोधीपुरा गांव के एक घर में अचानक आग लग गई। जिसमें घर गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया है। पीड़ित ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र देते हुए मुआवजा दिलाये जाने की मांग की है।

क्षेत्र के लोधीपुरा गांव निवासी योगेंद्र कुमार ने बताया कि सोमवार रात घर में अचानक आग लग गई। घर में रखा बैड, अलमारी, इन्वर्टर, कूलर, टीवी, मोबाइल सहित दस हजार रुपये जलकर खाक हो गये। उसी कमरे में पत्नी व बच्चे भी लेटे थे। धुंआ देखकर बाहर निकलकर जान बचाई। हालांकि आग से छोटे बच्चे का पैर झुलस गया है। बाकी सभी लोग बाल बाल बच गए हैं। मोहल्ले के लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना की सूचना पीड़ित ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर आर्थिक सहायता की मांग की है।

## पूर्व विधायक अम्बेश कुमारी ने सपा से दिया इस्तीफा



**राठ।** 24 साल से समाजवादी पार्टी की कर्मठ एवं जुझारू पूर्व विधायक व सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी डॉ. अम्बेश कुमारी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। अम्बेश कुमारी ने बताया कि उन्होने अपना इस्तीफा सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के व्हाटसअप पर भेज दिया है। अम्बेश कुमारी ने फोन पर अमृत विचार को बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की जो सोच दलितों एवं गरीबों के प्रति थी अब उस सोच से समाजवादी पार्टी पूरी तरह से भटक चुकी है। कार्यकर्ताओं की उपेक्षा और सपा का कोई लक्ष्य न होने के कारण वह पार्टी की नीतियों से असंतुष्ट हैं। सूत्र बताते हैं कि आगे आने वाले समय में पूर्व विधायक अम्बेश कुमारी भाजपा की सदस्यता ले सकती हैं। बतादें कि पूर्व विधायक के पुत्र मृत्युंजय प्रताप सिंह सनी वर्तमान में बैंदों पनवाड़ी सीट से जिला पंचायत सदस्य हैं। मां के पार्टी से इस्तीफा देने से बेटे ने भी अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। बतादें कि मृत्युंजय प्रताप सिंह हो सकता है कि बुधवार को लखनऊ में भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर दामन थाम लें। गौरतलब है कि पूर्व विधायक डा. अम्बेश कुमारी ने 2001 में समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की थी। 2002 में हुए विधान सभा चुनाव में सपा ने अम्बेश कुमारी को चरखारी विधायक सभा से चुनावी मैदान में उतारा था। जिसमें अम्बेश कुमारी ने विजयीश्री हासिल की थी।

## मौसम का विपरीत असर दलहन तिलहन के उत्पादन में डाल रहा असर

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** पिछले 50 दिनों से पड रहे कोहरे के साथ भीषण ठंड एवं बारिश ने गेहूं को छोड़कर सभी फसलों की सेहत को बिगाड़ दिया है। फसलों की दिन प्रतिदिन बिगड़ रही हालत को देखकर किसान परेशान और चिंतित है। किसानों को आशंका है कि यह विपरीत मौसम दलहनी एवं तिलहनी फसलों के उत्पादन पर अवश्य विपरीत असर डालेगा। इसी आशंका से किसान बेचैन है।

कोहरे की शुरुआत गत वर्ष 18 दिसंबर से हुई थी। दिसंबर में कोहरा सुबह कुछ घंटे के लिए ही होता था लेकिन जैसे ही जनवरी शुरू हुई। कोहरे के साथ ठंड ने कोहराम मचाना शुरू कर दिया और यह सिलसिला फरवरी में बारिश के साथ निरंतर जारी है। 50 दिनों से धूप के अभाव में फसलों की सेहत में बुरा असर पड़ा है। मटर मसूर चना अरहर के साथ सरसों की फसल से फूल नदारद है। कीट पतंगों की भरमार हुई है। गेहूं भी अत्यधिक ठंड के चलते बिगड़ रहा है। किसानों को आशंका है कि मौसम का यह विपरीत असर फसलों के उत्पादन में सीधा प्रभाव डालेगा। यही आशंका किसानों को रात दिन सता रही है। सबसे बड़ा नुकसान मटर मसूर में होने की आशंका है।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज, कन्नौज

पत्रांक-900/ना.पा.प. गुरसहायगंज/2023-24 — दिनांक- 05.02.2024

## ई-निविदा सूचना

ई-निविदा हेतु निकाय में पंजीकृत ठेकेदार, बिडर्स/कॉन्टैक्टर्स, वेण्डर्स एवं शासनादेश संख्या-3/2017/1067/78-2-2017-42 आईटी/2017 अनुभाग-2 दिनांक 12.05.2017 के क्रम में यू.पी. इलेक्ट्रॉनिक्स कार्पोरेशन लिमिटेड में रजिस्टर्ड बिडर्स/कॉन्टैक्टर्स/वेण्डर्स को प्रतिभाग करने हेतु अवसर प्रदान करते हुए ई-निविदायें,ई-टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in के माध्यम से ई-निविदाएं निम्न कार्यक्रम के अनुसार आमंत्रित की जाती है।

| क्र.सं. | नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज /ANN Stage | Vendor Stage | प्रारम्भ तिथि व समय | अन्तिम तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Tender Release | | 06.02.2024 06:00 PM | |
| | | Tender Download | 06.02.2024 06:00 PM | 14.02.2024 10:00 AM |
| | | Bid Submission | 06.02.2024 06:00 PM | 14.02.2024 10:00 AM |
| | Close of Bid | | | 14.02.2024 10:00 AM |
| | Technical Bid Opening | | | 14.02.2024 10:00 AM |
| | Financial Bid Opening | | After Approval of Technical Bid | |

**नोट-** निविदा सम्बन्धी नियम व शर्तों की विस्तृत जानकारी http://etender.up.nic.in पर निर्धारित समय पर या कार्यालय अवधि में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**गुरसहायगंज-कन्नौज**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**गुरसहायगंज-कन्नौज**


**शुभारम्भ** — हेरिटेज वाक को एसडीएम ने हरी झंडी दिखा किया रवाना

# बुंदेलखंड शौर्य महोत्सव में जनपद के लोगों ने उठाया लुफ्त

**हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**



उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय बुंदेलखंड शौर्य महोत्सव 2024 आखिरी दिन विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने के पश्चात देर शाम समापन हो गया।

बुंदेलखंड शौर्य महोत्सव 2024 के पहली शाम परेड ग्राउंड में आयोजित संस्कृतिक कार्यक्रमो की शुरुआत के पहले जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय,एसपी डॉ दीक्षा शर्मा एवं नगर पालिका चेयरमैन कुलदीप निषाद ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। जिसमे मशहूर सिंगर सुधीर यदुवंशी ने कार्यक्रम में धूम मचा दी। वहीं राजकीय स्टेडियम में सोमवार की शाम हॉट एयर बैलून टेथर्ट फ्लाइट के आयोजित होने पर लोगों ने जमकर लुफ्त उठाया। वहीं दूसरे दिन शहर स्थित कल्पवृक्ष परिसर में एडीएम नागेंद्र नाथ यादव,सदर एसडीएम चेयरमैन की अगुवाई में जनप्रतिनिधियों व छात्र छात्राओं के द्वारा योग साधना के साथ सम्पन्न हुआ। इसके पश्चात हेरिटेज वाक के लिए प्रातः सिंह महेश्वरी मंदिर पर समस्त विद्यालयों के बच्चे शिक्षक उपस्थित हुए जहां सदर एसडीएम पवन प्रकाश पाठक ने हरी झंडी दिखाकर जनपद की हेरिटेज वाक का प्रारंभ किया।हेरिटेज वाक सिंह महेश्वरी मन्दिर से प्रारंभ होकर लक्ष्मीबाई पार्क, यमुना पाथवे, कल्पवृक्ष, पातालेश्वर एवं शहीद पार्क रहुनिया धर्मशाला में एक सभा के रूप में आयोजित होकर संपन्न हुई। वहीं जनपद के लोगों ने यमुना नदी में दो दिवस के लिए संचालित स्टीमर बोट में बैठ कर नौका बिहार का आनंद उठाया। इसके बाद साहित्य संगम परेड ग्राउण्ड में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें प्रमुख कविओं नाथूराम पथिक, शैलेश शुक्ला व हेमन्त पाण्डेय ने काब्य पाठ कर पंण्डाल में उपस्थितिजनों को भाव विभोर कर दिया।

डीएम की अध्यक्षता में कृषि उत्पादन संगठन कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित

# कृषि कार्यों से जुड़ी कंपनियों के साथ टाईअप करें एफपीओः डीएम

- बांस की खेती, कुक्कुट पालन एवं फूलो की खेती जैसे कृषि कार्यों में आगे आए एफपीओः डीएम



**बलरामपुर। समृद्धि न्यूज**

**डीएम अरविंद** सिंह की अध्यक्षता में कृषि उत्पादन संगठन के कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में डीएम सिंह द्वारा सभी कृषि उत्पादन संगठन के सीईओ से वार्ता की गई एवं उनके द्वारा किए जा रहे कृषि कार्यों की जानकारी प्राप्त की गई। उन्होंने कहा की कृषि उत्पादन संगठन एक उत्पादन कंपनी है,जिसका कार्य कंपनी/संगठन से जुड़े कृषको को बेहतर आय सुनिश्चित करना,कृषको को उभरते बाजार में अवसर उपलब्ध कराना,मध्यस्थो को हटाकर बेहतर मूल्य प्राप्ति,कृषको को आधुनिक तकनीकी और प्रशिक्षण प्रदान करना,सामूहिक खरीद एवं बिक्री है । एफपीओ के माध्यम से क्लस्टर आधारित कृषि व्यवसाय को बढ़ावा देना उद्देश्य हैं। उन्होंने कहा की सभी एफपीओ पारंपरिक खेती के इतर व्यावसायिक खेती की ओर आगे आए। कृषि कार्यों से संबंधित विभिन्न व्यवसायों में संभावना तलाशे । जनपद जो की बाढ़ से प्रभावित रहता है यह बांस की खेती काफी संभावना है,बांस का बड़े पैमाने पर व्यवसायिक कार्यों में प्रयोग होता है। असम जैसे राज्य की इकोनॉमी काफी हद तक बांस के खेती का पर निर्भर है। उन्होंने कहा एफपीओ के सक्रिय सदस्य असम जैसे राज्यों का भ्रमण करे एवं बांस की खेती की शुरुवात बड़े पैमाने पर करें। बैठक में एफपीओ द्वारा वन विभाग द्वारा संचालित मिशन बंबू में जनपद को शामिल किए जाने का मुद्दा उठाया गया। डीएम सिंह ने कहा की मिशन बंबू में जनपद को शामिल किए जाने को उनके द्वारा शासन स्तर से पत्राचार किया जायेगा एवं इसके लिए व्यक्तिगत प्रयास भी किया जाएगा। एफपीओ को कुक्कुट पालन,औषधीय खेती,फूलो के खेती में आगे आए। उन्होंने कहा की एफपीओ अपनी क्रेडेबिलिट बढ़ाए। जिससे बैंक से आसानी से ऋण प्राप्त कर सकें। एफपीओ विशेषज्ञता एवं बेहतर तकनीक के लिए आईटीसी जैसे कृषि कार्यों से जुड़ी कंपनियों से साथ टाईअप करें। कृषि एवं संबंधित विभाग अपनी योजनाओं से एफपीओ को जागरूक करे एवं योजना का लाभ कैसे एफपीओ से माध्यम से बड़ी संख्या में कृष्ण को मिले इसके लिए पहल करे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य, डीडी एग्रीकल्चर,जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, सहायक निदेशक मत्स्य व अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# समूह में एक साथ कार्य कर दृढ़शक्ति एवं निर्णय लेने की क्षमता से ग्रामीण अंचल की महिलाएं हो रही सशक्तः डीएम

**बलरामपुर। समृद्धि न्यूज**

**एमपीपी इंटर** कॉलेज में दो दिवसीय सरस आजीविका मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि डीएम श्री अरविंद सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए उत्पादों के स्टॉल का निरीक्षण किया एवं सभी के उत्पादों की प्रशंसा की। इस अवसर पर उन्होंने ने कहा कि स्वयं सहायता समूह का गठन कर महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण करने में ग्रामीण आजीविका मिशन का विशेष योगदान है कोरोना काल में ग्रामीण अंचल की महिलाओं ने अपने हुनर से वह कर दिखाया जिसकी किसी ने उम्मीद भी नहीं की थी। उनके द्वारा बनाए गए उत्पादों को भारतीय सेना द्वारा खरीदा गया। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से समूह में कार्य करने, निर्णय लेने की क्षमता एवं उद्यमिता के माध्यम से महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हो रही है। उन्होंने कहा की ग्रामीण अंचल में अधिक से अधिक महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़े एवं दृढ़ इच्छाशक्ति, लगन एवं मेहनत के साथ इन समूह के माध्यम से आर्थिक सशक्तिकरण की ओर बढ़े। इस अवसर पर बेहतर कार्य करने वाली स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को डीएम द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री आरती तिवारी, मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य, उपयुक्त एनआरएलएम व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



# जमीन का मुवावजा न मिलने से किसान हो रहे परेशान

**श्रीदत्तगंज बलरामपुर। समृद्धि न्यूज**

**विकास खण्ड** श्रीदत्तगंज के ग्राम चन्दापुर में लगभग छः माह पहले बनाए गए बांध की भूमि का मुआवजा बाढ़ विभाग ने किसानों को नहीं दिया। किसान मुआवजे की मांग को लेकर जिलाधिकारी से लेकर समाधान दिवस में तमाम शिकायत कर चुके हैं। उसके बाद भी पीड़ित किसानों के मुआवजे का भुगतान नहीं हो पाया। मजबूरन एक किसान ने विभागीय अधिकारियों के खिलाफ हाईकोर्ट की शरण ली है। बलरामपुर से भडरिया तक बनाए गए बांध में हजारों किसानों की भूमि जाने के बाद विभाग ने मुआवजा नहीं दिया। विकास खण्ड श्रीदत्तगंज के ग्राम चन्दापुर के सालिक राम ने बताया कि उसकी जमीन पर अधिकारियों ने उसे भूमि का मुआवजा न देकर जबरन उसकी भूमि पर बांध का निर्माण कर लिया। इसकी भूमि के मुआवजे को लेकर क ई बार अधिकारियों से मिले लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसी तरह ग्रामीण खलील ने बताया कि उसकी जमीन का मुआवजा न मिलने से उनका परिवार भुखमरी के कगार पर पहुंच गया है। ग्राम प्रधान नुरुल हुदा ने बताया कि इस गांव में बने बंधे के निर्माण पर उसकी भूमि के सैकड़ों किसानों को उनकी भूमि का मुआवजा नहीं मिला है। इस मामले को क ई बार अधिकारियों के सामने उठाया गया लेकिन मुआवजा आज तक नहीं मिला। ग्राम चंदापुर निवासी नुरुल हूदा, पप्पू शर्मा,राम विलास विश्वकर्मा, दयाराम, पारस नाथ, सुन्दर, सीतापति, नूर मोहम्मद, राम नारायन, अजीज अहमद, मैनुद्दीन ने बताया कि उनकी भूमि बांध के निर्माण में चली जाने के बाद उनको भूमि का मुआवजा नहीं मिला है। तमाम परिवार का खेत बांध में चले जाने से परिवार भुखमरी पर पहुंच गया है। बलरामपुर से भडरिया तक बने बांध से हजारों किसानों की भूमि बांध निर्माण में चले जाने पर सिंचाई विभाग के बाढ़ खण्ड ने पीड़ित किसानों को मुआवजा नहीं दिया। भूमि का मुआवजा न मिलने पर अधिकारियों के चौखट का चक्कर लगाते हुए किसान बेबस हो ग ए है। थक-हार कर पीड़ित किसान असगर अली ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों के खिलाफ हाईकोर्ट की शरण ली। असगर अली की याचिका पर हाईकोर्ट ने अधिकारियों को नोटिस जारी किया है।

## सहकारी समितियों पर उर्वरक न होने से गेहूं व गन्ना की बुवाई प्रभावित

**उतरौला(बलरामपुर)।** सहकारी समितियों के गोदामों में खाद न होने से किसानों की गेहूं व गन्ना की बुआई नहीं हो पा रही है। किसान फसलों की बुआई के लिए समितियों के चक्कर लगा रहे हैं। उतरौला तहसील क्षेत्र में सहकारी समिति के गोदामों पर यूरिया व डीएपी खाद उपलब्ध नहीं है। विकास खण्ड उतरौला में नौ सहकारी समितियों में खाद क ई महीनों से नहीं आया। इसी तरह विकास खण्ड श्रीदत्तगंज, गैडास बुजुर्ग में भी खाद गोदामों में खाद नहीं आया। समितियों में खाद न होने से समितियां बंद रहती है। विकास खण्ड उतरौला कार्यालय के सामने बने सहकारी गन्ना समिति उतरौला होने पर उसके गोदामों में खाद नहीं आया है। सहकारी समितियों के गोदामों पर खाद न होने से सरकारी मूल्य पर खाद नहीं मिल पा रहे हैं वहीं किसान रबी फसल के गेहूं,सरसों व गन्ना फसल की बुआई नहीं कर पा रहे हैं।

# रंजिश में चली गोली, महिला गंभीर रूप से घायल

**माधौगढ़ (जालौन)।** बंगरा में रंजिशन रात को गोली चलने से घर के अंदर महिला घायल हो गई, घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची जहां तनाव की स्थिति को देखते हुए गांव में फोर्स तैनात है। बंगरा में सोमवार को सवा 12 बजे रात को प्रधान के बेटे शिवम गुर्जर पुत्र दुष्यंत ने हरेंद्र गुर्जर पुत्र रामशरन को फोन लगाया, कॉल रिसीव न होने के बाद वह अपने साथी चरित्र गुर्जर पुत्र राजू व अन्य दो अज्ञात साथी के साथ घर के बाहर आकर गाली-गलौज करने लगे। गालियां और धमकी सुनने के बाद राशि पत्नी हरेंद्र ने खिड़की खोलकर देखा तो बाहर से तमंचे से फायर हुआ और उसके कारण महिला की आंख घायल हो गयी, खून से लथपथ महिला जमीन पर गिर पड़ी। रात को ही सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई, जबकि महिला को माधौगढ़ अस्पताल, उसके बाद जिला चिकित्सालय में रेफर कर दिया गया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल की जांच की। पति हरेंद्र ने घटना की तहरीर दी है। वहीं सीओ शैलेन्द्र कुमार बाजपेयी ने कहा है कि दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है और पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी करने का प्रयास कर रही है।



# कान्हा गौशाला निरीक्षण में डीएम ने सीसीटीवी की व्यवस्थाएं परखी

**उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज**



**मंगलवार** को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने ग्राम सरसौखी कान्हा गौशाला व चमारी गौशाला का औचक निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पानी, भूसा व हरा चारा तथा ठंड से बचाव के इंतजाम देख गौवंशों को गुड़ खिलाया, सभी केयरटेकर उपस्थित मिले साथ ही गौशाला में सरंक्षित गौवंशों के लिए पर्याप्त मात्रा में भूसा, हरा चारा और अन्य खानपान की वस्तु उपलब्ध मिली, गौशाला में साफ सफाई के उचित प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि समय समय पर चिकित्सक गौवंशों का स्वास्थ परीक्षण करते रहे। उन्होंने गौशाला में लगे भूसा घर पर चरही व मुख्य द्वार पर सीसीटीवी कैमरों को देखा जो सभी संचालित थे। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि गौशालाओं में तैनात केयरटेकर 24 घंटे रहकर गोवंशों की देखभाल करेंगे साथ ही यह भी सुनिश्चित करेंगे कि गौवंश को समय से भूसा हरा चारा आदि के साथ-साथ बीमार गौवंश की सूचना पशु चिकित्सा अधिकारी को दें। उन्होंने कहा कि गौवंशों के लिए खान-पान और अन्य चीजों की पर्याप्त सुविधा है, साथ ही मौसम का बचाव हो या बीमारियों के लिए चिकित्सक की तैनाती हो हर चीज के लिए पर्याप्त सुविधा की गई है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विशाल यादव, अधिशाषी अधिकारी विमलापति आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# फाइलेरिया उन्मूलन अभियान में प्रधान दवा खाकर एमडीए कार्यक्रम का करेंगे शुभारंभ

- 10 से 28 फरवरी तक चलने वाले एमडीए (सर्वजन दवा सेवन) अभियान

**रामपुरा (जालौन)। समृद्धि न्यूज**



**10 फरवरी से** शुरू होने वाले फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के दौरान प्रधान भी जनता को जागरूक करेंगे। राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत ब्लाक रामपुरा के सभागार में फाइलेरिया रोग की जन जागरूकता को लेकर एडीओ पंचायत रामपुरा भरत सिंह की अध्यक्षता में समस्त प्रधानों की बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर आगामी 10 फरवरी से शुरू होने वाले सर्वजन दवा सेवन अभियान (एमडीए) के विषय में विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान सुनील गुप्ता डीएमसी पीसीआई संस्था ने बताया कि प्रधान समाज के पथ प्रदर्शक होते हैं। उनके द्वारा दी जाने वाली जानकारी एवं संदेश जनमानस आत्मसात करते हुए महत्व देता है। इस बार भी फाइलेरिया उन्मूलन के लिए चलाए जाने वाले सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम में इनकी महती भूमिका होगी। समाज में फैली भ्रांतियों के प्रति लोगों को जागरूक करेंगे व दवा सेवन हेतु सभी को प्रेरित करने की अपील करेंगे। उन्होने उपस्थित अध्यापकों को बताया कि फाइलेरिया एक लाइलाज बीमारी है। इससे बचाव के लिए पांच साल तक लगातार साल में एक बार फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन करना अनिवार्य है। यह दवा खाली पेट नहीं खानी है। दो वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों को (गर्भवती और अति गंभीर बीमार लोगों को छोड़कर) दवा खानी है। एमडीए अभियान में एक से दो वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों को भी पेट के कीड़े मारने की दवा खिलाई जाएगी। बीसीपीएम विनय चतुर्वेदी रामपुरा ने सभी प्रधानों से अपील की कि अभियान का शुभारंभ स्वयं डीए के सामने दवा खाकर करें। इसके बाद अपने स्कूल के बच्चों, आसपास के लोगों व गांव के अन्य वाशिंदों को डीए की उपस्थिति में दवा खाने के लिए प्रेरित करें। याद रहें यह दवा किसी को खाली पेट नहीं खानी है। दवा खाने के बाद किसी-किसी को जी मिचलाना, चक्कर या उल्टी आना, सिर दर्द, खुजली की शिकायत हो सकती है, ऐसे में घबराने की जरूरत नहीं है। फाइलेरिया निरीक्षक आशुतोष बाजपेई ने भी प्रधानों से निवेदन किया कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को दवा सेवन के लिए प्रेरित करें ताकि ऐसी असाध्य बीमारी से आम जनमानस का बचाव किया जा सकें। क्योंकि फाइलेरिया एक गंभीर एवं लाईलाज बीमारी है और इससे बचने का एकमात्र उपाय समय रहते हुए फाइलेरिया रोग से बचाव की दवा का सेवन पहले ही करना है जिससे कि समय रहते फाइलेरिया रोग होने से बचाव किया जा सके। फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन एक वर्ष के बच्चों, गर्भवती और अति गंभीर बीमार को छोड़कर सभी को करना है। एडीओ पंचायत भरत सिंह ने उपस्थित प्रधान को 10 फरवरी से संचालित होने वाले फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु सहयोग दिए जाने हेतु निर्देशित भी किया। इस दौरान समस्त प्रधानों ने भी अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु अपना सम्पूर्ण योगदान देने का आश्वासन भी दिया गया। कार्यक्रम में सचिव एवम प्रधानों ने प्रतिभाग किया। इसमें प्रधान टीहर प्रदीप कुमार गौरव, मिजा।पुरा प्रधान रामशंकर पाल, धर्मपुरा जागीर से अवनीश कुमार, पचोखरा से देवेंद्र कुमार, हुकुमपुरा से भोदल सिंह, रामपुरा देहात से ओमप्रकाश, बाबूपुरा से प्रह्लाद, गोरा चिरैया से मुकेश शिवहरे, हनुमंतपुरा से अरविंद कुमार सहित अनेकों ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

# हार्डकोर नक्सली मुन्ना विश्वकर्मा समेत दो नक्सलियों को उम्रकैद

- 25-25 हजार रूपये अर्थदंड, न देने पर दो-दो वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी
- तत्कालीन एसपी सुभाष चंद्र दुबे के नेतृत्व में साढ़े 11 वर्ष पूर्व कनछ कन्हौरा जंगल में दो घंटे हुई थी पुलिस नक्सली मुठभेड़

**सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**



**साढ़े** 11 वर्ष पूर्व तत्कालीन एसपी सुभाष चन्द्र दुबे के नेतृत्व में कनछ कन्हौरा जंगल में दो घंटे हुई पुलिस नक्सली मुठभेड़ के दौरान पकड़े गए 10 लाख के इनामी हार्डकोर नक्सली मुन्ना विश्वकर्मा और 50 हजार के इनामी नक्सली अजीत कोल के पास से प्रतिबंधित असलहा बरामद होने के मामले में मंगलवार को सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम एहसानुल्लाह खां की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर दोषी हार्डकोर नक्सली मुन्ना विश्वकर्मा और अजीत कोल को आजीवन कारावास व 25-25 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर दो- दो वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक 23/24 मई 2012 को मुखबिर खास के जरिए यह सूचना मिली कि कनछ कन्हौरा के जंगल में कुछ नक्सली अपराधियों की चहल कदमी देखी गई है। जो किसी गंभीर अपराध को अंजाम देने की फिराक में हैं। इतना ही नहीं उनके साथ अन्य प्रांतों के नक्सली संगठन के लोग आकर बैठक कर रहे हैं। पुलिस अधीक्षक सुभाष चंद्र दुबे ने तत्कालीन सीओ अनिल कुमार यादव , उपनिरीक्षक रविंद्र कुमार सिंह यादव, उपनिरीक्षक जेके सिंह, उपनिरीक्षक शिवानंद मिश्रा, उपनिरीक्षक सुनील चंद तिवारी, उपनिरीक्षक के राम मोहन राय, उपनिरीक्षक वीरेंद्र कुमार यादव को अपने अपने हमराहियों के साथ चोपन थाने पहुंचने का निर्देश दिया। थोड़ी ही देर बाद पुलिस अधीक्षक सुभाष चन्द्र दुबे भी फोर्स के साथ चोपन थाने पहुंच गए। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसओजी और सीआरपीएफ फोर्स को मौके पर बुलाया गया। चोपन थाने पर ही टीम बनाई गई। पहली टीम का नेतृत्व एसपी सुभाष चंद्र दुबे खुद कर रहे थे, दूसरी टीम का नेतृत्व सीओ ओबरा अनिल कुमार यादव कर रहे थे। सभी लोग असलहों से लैस होकर बुलेट प्रूफ जैकेट और अन्य सामग्रियों के साथ कनछ जंगल की तरफ बढ़े तो कुछ दूरी पर कुछ लोग असलहे के साथ बैठे हुए दिखाई दिए। जब एसपी साहब ने नक्सलियों को आत्मसमर्पण करने को कहा तो नक्सलियों ने पुलिस बल के ऊपर अंधाधुंध फायर करने लगे। अपना बचाव करते हुए पुलिस बल ने भी फायरिंग शुरू कर दी। करीब दो घंटे हुई पुलिस मुठभेड़ के बाद नक्सलियों की ओर से गोलीबारी बंद हो गई। जब पुलिस बल के साथ निगरानी की गई तो दो नक्सली दिखाई दिए, जिन्हे पुलिस टीम ने पकड़ लिया। शेष नक्सली भागने में सफल हो गए। पूछताछ में पकड़े गए नक्सली ने अपना नाम पता मुन्ना विश्वकर्मा उर्फ विद्रोही, उर्फ रामवृक्ष पुत्र तिलकधारी निवासी समाबाध , कम्हारडीह, थाना राबर्ट्सगंज, जिला सोनभद्र और दूसरे ने अपना नाम पता अजीत कोल उर्फ अभिषेक उर्फ हरिशंकर कोल पुत्र बहादुर कोल निवासी सनाइत, थाना नौगढ़, जिला चंदौली बताया। तलाशी करने पर उनके कब्जे से भारी मात्रा में प्रतिबंधित असलहा और 55 जिंदा कारतूस बरामद हुआ। बुलेट प्रूफ जैकेट पर दो फायर लगा था। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया। मामले की विवेचना करते हुए विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। हार्डकोर नक्सली मुन्ना विश्वकर्मा के ऊपर यूपी, एमपी, बिहार, झारखंड और छत्तीसगढ़ में 10 लाख का इनाम था। सिर्फ यूपी में तीन लाख का इनाम था। वहीं अजीत कोल के ऊपर 50 हजार का इनाम था।

मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्को को सुनने, गवाहों के बयान व पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी हार्डकोर नक्सली मुन्ना विश्वकर्मा और अजीत कोल को आजीवन कारावास व 25- 25 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर दो- दो वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर जिला शासकीय अधिवक्ता विनोद कुमार पाठक और अभियुक्तगणों की ओर से अधिवक्ता रोशन लाल यादव ने बहस की।

## कार्यालय ग्राम पंचायत किल्हौआ विकास खंड पनवाड़ी (महोबा)

अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा योजना 2023-24 के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराने जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों की पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 07.02.2024 से 13.02.2024 तक सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जायेगी व उसी दिन अपरान्ह 3 बजे उपस्थित निविदायें खोली जायेंगी। निविदा शुल्क -100 रु.

| क्र. सं. | योजना | ग्राम पंचायत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | धरोहर राशि | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मनरेगा | किल्हौआ | नाली निर्माण कार्य (सामुदायिक शौचालय से बाबा की पुलिया तक) | 686268 | 2% | सीमेंट, बालू, ईंटा, सिरिया, गिट्टी आदि | 210 मी. | 6 माह |

शर्तेः- 1. ठेकेदारों, आपूर्तिकर्ताओं बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीकृत होना चाहिये। 2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रुपये के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा। 3. निविदादाता धरोहर राशि के एवज में एनएससी/एफडीआर संलग्न करना होगा। 4. निविदा स्वीकृत अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहत होगा शासकीय टैक्स निमयामनुसार काटा जायेगा।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत किल्हौआ
विकास खण्ड पनवाड़ी (महोबा)

सचिव
ग्राम पंचायत किल्हौआ
विकास खण्ड पनवाड़ी (महोबा)

## कार्यालय ग्राम पंचायत घुटई (दिदौरा) विकास खंड पनवाड़ी (महोबा)

अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा+ICDS+पंचायती योजना 2023-24 के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराने जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों की पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 07.02.2024 से 13.02.2024 तक सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जायेगी व उसी दिन अपरान्ह 3 बजे उपस्थित निविदायें खोली जायेंगी। निविदा शुल्क -100 रु.

| क्र. सं. | योजना | ग्राम पंचायत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | धरोहर राशि | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मनरेगा +ICDS + पंचायती राज | घुटई (दिदौरा) | आंगनवाड़ी केन्द्र का निर्माण कार्य | 11.74 लाख | 2% | सीमेंट, बालू, ईंटा, सरिया, गिट्टी, टाइल्स, पुट्टी,पेन्ट डिस्टेम्पर, गेट आदि | - | 1 वर्ष |

शर्तेः- 1. ठेकेदारों, आपूर्तिकर्ताओं बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीकृत होना चाहिये। 2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रुपये के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा। 3. निविदादाता धरोहर राशि के एवज में एनएससी/एफडीआर संलग्न करना होगा। 4. निविदा स्वीकृत अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहत होगा शासकीय टैक्स निमयामनुसार काटा जायेगा।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत घुटई (दिदौरा)
विकास खण्ड पनवाड़ी (महोबा)

सचिव
ग्राम पंचायत घुटई (दिदौरा)
विकास खण्ड पनवाड़ी (महोबा)

## कार्यालय ग्राम पंचायत टोलापाँतर विकास खंड पनवाड़ी (महोबा)

अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा+ICDS+पंचायती योजना 2023-24 के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराने जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों की पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 07.02.2024 से 13.02.2024 तक सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जायेगी व उसी दिन अपरान्ह 3 बजे उपस्थित निविदायें खोली जायेंगी। निविदा शुल्क -100 रु.

| क्र. सं. | योजना | ग्राम पंचायत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | धरोहर राशि | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मनरेगा +ICDS + पंचायती राज | टोलापाँतर | आंगनवाड़ी केन्द्र का निर्माण कार्य | 11.67 लाख | 2% | सीमेंट, बालू, ईंटा, सरिया, गिट्टी, टाइल्स, पुट्टी,पेन्ट डिस्टेम्पर, गेट आदि | - | 1 वर्ष |

शर्तेः- 1. ठेकेदारों, आपूर्तिकर्ताओं बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीकृत होना चाहिये। 2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रुपये के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा। 3. निविदादाता धरोहर राशि के एवज में एनएससी/एफडीआर संलग्न करना होगा। 4. निविदा स्वीकृत अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहत होगा शासकीय टैक्स निमयामनुसार काटा जायेगा।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत टोलापाँतर
विकास खण्ड पनवाड़ी (महोबा)

सचिव
ग्राम पंचायत टोलापाँतर
विकास खण्ड पनवाड़ी (महोबा)

## कार्यालय ग्राम पंचायत घुटई (इमिलिया) विकास खंड पनवाड़ी (महोबा)

अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा+ICDS+पंचायती योजना 2023-24 के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराने जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों की पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 07.02.2024 से 13.02.2024 तक सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जायेगी व उसी दिन अपरान्ह 3 बजे उपस्थित निविदायें खोली जायेंगी। निविदा शुल्क -100 रु.

| क्र. सं. | योजना | ग्राम पंचायत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | धरोहर राशि | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मनरेगा +ICDS + पंचायती राज | घुटई (इमिलिया) | आंगनवाड़ी केन्द्र का निर्माण कार्य | 11.70 लाख | 2% | सीमेंट, बालू, ईंटा, सरिया, गिट्टी, टाइल्स, पुट्टी,पेन्ट डिस्टेम्पर, गेट आदि | - | 1 वर्ष |

शर्तेः- 1. ठेकेदारों, आपूर्तिकर्ताओं बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीकृत होना चाहिये। 2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रुपये के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा। 3. निविदादाता धरोहर राशि के एवज में एनएससी/एफडीआर संलग्न करना होगा। 4. निविदा स्वीकृत अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहत होगा शासकीय टैक्स निमयामनुसार काटा जायेगा।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत घुटई (इमिलिया)
विकास खण्ड पनवाड़ी (महोबा)

सचिव
ग्राम पंचायत घुटई (इमिलिया)
विकास खण्ड पनवाड़ी (महोबा)

## कार्यालय ग्रा0पं0 लोहापानी वि0ख0 शमशाबाद, फर्रु0

पत्रांकःमीमो/ ग्रा0पं0/पंचम वित्त/पन्द्रहवां वित्त/ टेण्डर प्रकाशन वित्तीय वर्ष 2023-2024 — दिनांक 04/02/2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

पंचम वित्त/पन्द्रहवां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत लोहापानी द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 05/02/2024 से 09/02/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 09/02/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव/अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | संतोष के घर से राजवीर की जगह तक सीसी कार्य (परतापुर) | 259600 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | सीसी रोड से रिषीपाल के घर तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | 256220 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | नरेन्द्र के घर से राधेश्याम के घर तक नाली व सीसी निर्माण कार्य (परतापुर) | 360210 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः-** ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (राजेन्द्र सिंह पाल) — ग्रा0पं0 लोहापानी, शमशाबाद — सचिव (आदित्य वर्मा)

## कार्यालय ग्रा0पं0 बकसुरी वि0ख0 शमशाबाद, फर्रु0

पत्रांकःमीमो/ ग्रा0पं0/पंचम वित्त/पन्द्रहवां वित्त/ टेण्डर प्रकाशन वित्तीय वर्ष 2023-2024 — दिनांक 04/02/2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

पंचम वित्त/पन्द्रहवां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बकसुरी द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 05/02/2024 से 09/02/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 09/02/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव/अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | पुलिया से बेनी नगला सम्पर्क मार्ग की पुलिया तक नाला निर्माण कार्य | 230182 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः-** ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (हवलदार) — ग्रा0पं0 बकसुरी, शमशाबाद — सचिव (आदित्य वर्मा)

## कार्यालय ग्रा0पं0 हुसैनपुर राजपुर वि0ख0 राजेपुर, फर्रु0

पत्रांकःमीमो/ग्रा0पं0/पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त योजनान्तर्गत टेण्डर प्रकाशन/वित्तीय वर्ष 2023-24 — दिनांक 06/02/2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में वर्ष 2023-24 अन्तर्गत ग्राम पंचायत हुसैनपुर राजपुर की स्वीकृति कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 07/02/2024 से दिनांक 13/02/2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा विक्रय की जायेगी एवं दिनांक 13/02/2024 शाम 04 बजे निर्माण समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क्रं. | कार्य का नाम | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | मुनीम के घर होते हुए रामकिशोर के घर तक मि0 नाली व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | पंचम राज्य वित्त/ पन्द्रहवां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 1.85 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः-** निविदादाता का आयकर व जी.एस.टी. में पंजीकृत होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि एफ.डी.आर. व एन.एस.सी. व चेक द्वारा ली जायेगी।

(मुलायम सिंह कुशवाहा)
ग्राम प्रधान-हुसैनपुर राजपुर, राजेपुर

(नौशाद अहमद)
सचिव-हुसैनपुर राजपुर, राजेपुर

**15 दिवसीय अभियान में निराश्रित गोवंश गोशाला में होगे संरक्षित**

# चयनित पदाधिकारी और अधिकारी एक साथ मिलकर अभियान को सफल बनाएं: असीम अरुण

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

- प्रदेश के समाज कल्याण विभाग राज्यमंत्री असीम अरुण ने गोवंश संरक्षण की बैठक में अफसरों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश
- जिले में 8 फरवरी से 22 फरवरी तक गोवंशों को पकड़ कर गोशाला में संरक्षित किये जाने का चलाया जाएगा अभियान



**समाज कल्याण** विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में गोवंश संरक्षण की बैठक हुई। बैठक में बताया गया कि आगामी 8 फ़रवरी से 22 फ़रवरी तक चलने वाले 15 दिवसीय इस विशेष अभियान के तहत गोवंशों को पकड़ कर गोशाला में संरक्षित किया जाएगा। तथा गोशालाओं को कैसे बेहतर करें, इस पर भी कार्य किया जायेगा।

बैठक में मन्त्री असीम अरुण ने कहा कि इस अभियान के तहत 1-1 निराश्रित गोवंशों को पकड़ कर गोशाला में संरक्षित करना है। कहा कि शहरी एंव ग्रामीण क्षेत्रों के दलों द्वारा गोवंशों को पकड़ने में कंधे से कंधे मिलाकर कार्य करना होगा। प्रतिदिन प्रत्येक दल लक्ष्य के अनुसार गोवंशो को गोशाला में सरंक्षित करेंगा। इस अभियान में जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों द्वारा सहयोग भी किया जायेगा। इस कार्य में कोई छोटा-बड़ा नहीं है, इस अभियान के तहत चयनित पदाधिकारी एवं अधिकारी एक साथ मिलकर कार्य करेगें। जो व्यवस्थायें है, उनको मजबूत किया जाये और उनका उपयोग करते हुये पूर्ण तरह से गोवंशों को संरक्षित किया जाये। मन्त्री जी ने कहा कि अपने कार्यों के प्रति संवेदनशील होकर कार्य को अच्छे से करें, जनपद की समस्याओं को हल करना हम सभी लोगों का दायित्व है। उन्होंनें कहा कि इस अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक दिवस कितने गोवंशों को संरक्षित किया गया, जनप्रतिनिधियों द्वारा इसकी समीक्षा भी की जाये। श्री अरूण ने कहा कि शहरी एंव ग्रामीण क्षेत्रों के पकड़ें गये गोवंशों को संरक्षित करने हेतु 1077 नम्बर पर काल करने पर किस गोशाला में गोवंशों को संरक्षित करना है इस संबंध में जानकारी प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि अधिकारी एंव जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रतिदिन 02 गोशालाओं का निरीक्षण किया जायेगा। कहा कि मुख्यमंत्री निराश्रित/बेसहारा गोवंश सहभागिता योजना के अन्तर्गत अधिक से अधिक लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाये। इस योजना के तहत निराश्रित गोवंशों के भरण-पोषण हेतु प्रत्येक दिवस 30 रुपए प्रति गोवंश को बढ़ाकर अब 50 रुपए प्रतिदिन प्रति गोवंश के दर से अनुमन्य किया गया है। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने बताया कि जनपद में 499 ग्राम पंचायत के सापेक्ष 151 गो आश्रय स्थल क्रियाशील है, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में 138 गोशाला एवं नगरीय क्षेत्र में 08 गोशाला है जिसमें 8059 गोवंश संरक्षित हैं और 04 पंजीकृत व 01 अपंजीकृत गोशाला हैं, जिसमें 419 गोवंश संरक्षित हैं। 2579 गोवंशो को मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के अन्तर्गत पशुपालक किसानों को लाभान्वित किया गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी करनवीर सिंह समेत सम्बन्धित विभागीय अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## विदाई समारोह में सभासद गण व समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** नगर पालिका परिषद में राजस्व लिपिक के पद पर राजीव कुमार दुबे पदनाम-नायव कर एवं राजस्व को सेवा निवृत्ति पर दी गई भाविनी विदाई। नगर पालिका परिषद के सभागार में नायाब कर एवं राजस्व के पद से सेवा निवृत प्राप्त राजीव दुबे को चेयरमेन मनोज दुबे अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार ने साल उड़कर भाव विहनी विदाई दी सेवानिवृत्ति राजस्व लिपिक राजीव दुबे कुल सेवा अवधि- 35 वर्ष 05 माह 19 दिन। कार्य विवरण- 1. चुंगी, टैक्स वसूली. सम्पत्ति विभाग सफाई विभाग सम्पत्ति विभाग। कार्यालय नगर पालिका परिषद छिबरामऊ में राजीव दुबे का विदाई समारोह आयोजित किया गया जो की 31/01/2024 को सेवा निवृत हुऐ थे विदाई समारोह में अध्यक्ष श्री मनोज दुबे एवम अधिशासी अधिकारी ने साल पहनाकर सम्मानित किया विदाई समारोह में सभासद गण एवम् समस्त कर्मचारी उपस्थिति रहे।

# खबरें चलते-चलते

## टीन शेड डालते समय मजदूर को लगा करंट, मौत

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** सौरिख थाना क्षेत्रान्तर्गत एक आढ़त की दुकान पर टीन शेड डालते समय टीन का तख्ता हाईटेंशन लाइन में छू जाने से एक मजदूर की मौत हो गई वहीं दो मजदूर गंभीर रुप से घायल हो गए। घटना से कस्बे में हड़कम्प मच गया। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया वहीं मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार सौरिख कस्बा स्थित सकरावा रोड के निकट राजीव कुमार गुप्ता की गल्ला की आढ़त है। मंगलवार को मजदूरों द्वारा आढ़त पर टीन शेड डलवाया जा रहा था। टीन शेड डालते वक्त टीन का एक तख्ता ऊपर से निकली हाईटेंशन लाइन में छू गया, जिससे क्षेत्र के शंकरपुर गांव निवासी 32 वर्षीय अतुल शाक्य और अंबेडकर नगर मोहल्ला निवासी काशी और धर्मेंद्र शाक्य करंट की चपेट में आकर गंभीर रुप से घायल हो गए। तीनों को आनन-फानन में सौरिख कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने अतुल को मृत घोषित कर दिया। वहीं, धर्मेंद्र और काशी को गम्भीर हालत में राजकीय मेडिकल कॉलेज तिर्वा रेफर कर दिया। इधर अतुल की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। घटना की जानकारी होते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## एसडीएम की अध्यक्षता में हुई दो ब्लाकों की सतर्कता समिति की मीटिंग

**कोंच (जालौन)।** कोंच एवं नदीगांव ब्लॉक स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक मंगलवार को एसडीएम अतुल कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय में आयोजित की गयी जिसमें उपस्थित कई विभागों के स्थानीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक.में एसडीएम ने कहा कि समूचे कोंच तहसील में मॉडल उचित दर की 14 दुकानें बनाई जा रही हैं जिसमें से कोंच ब्लॉक में 8 और नदीगांव ब्लॉक में 6 दुकानों का निर्माण कार्य जारी है और इनमें से भी दोनों ब्लॉकों में 2-2 दुकानें बनकर तैयार हो चुकी हैं। उन्होंने बताया कि अंत्योदय कार्डधारकों को प्रति यूनिट 21 किलो चावल, 9 किलो गेंहू, 5 किलो बाजरा और पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को प्रति यूनिट 3 किलो चावल, 1 किलो गेंहू व 1 किलो बाजरा दिया जा रहा है। एसडीएम ने सभी विभागों के स्थानीय अधिकारियों कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए कि खाद्यान्न सामग्री वितरण में पूरी पारदर्शिता बरती जाये और एक भी पात्र को खाद्यान्न से वंचित न रखा जाये। बैठक में सीएचसी अधीक्षक डॉ. अनिल शाक्य, आपूर्ति निरीक्षक मनोज कुमार तिवारी, एडीओ आईएसबी देवेंद्रसिंह निरंजन, एबीसीए रंगनाथ चौधरी, नदीगांव एबीएसए दिग्विजय सिंह, प्रभारी सीडीपीओ चन्दप्रभा खरे, डॉ. मानवेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

## लापता हुई नाबालिग बुआ-भतीजी दिल्ली से बरामद

**कोंच (जालौन)।** बीती 2 फ़रवरी को नगर के मुहल्ला प्रताप नगर निवासी लापता हुई 2 किशोरियों को पुलिस ने दिल्ली के एक स्थान से बरामद कर लिया है। दोनों किशोरियों को बरामद करने के बाद पुलिस ने राहत की साँस ली है, साथ ही चिंतित परिजनों में सुकून के भाव देखे जा रहे हैं। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र कुमार पाठक ने बताया कि 14 वर्षीय दोनों नाबालिग किशोरियों को नई दिल्ली के एक स्थान से पुलिस द्वारा बरामद कर लिया गया है और आवश्यक कार्यवाही पूरी कर मंगलवार को उक्त दोनों किशोरियों को उनके परिजनों के सुपुर्द दे दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पूंछतांछ में किशोरियों द्वारा बताया गया कि वह दोनों दिल्ली घूमने के लिए घर से निकली थी। परिजनों द्वारा स्कूल जाते समय लापता हो जाने की बात कहकर दफा 363 के तहत मामले को लेकर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी थी।

# पूर्व विधायक ने सपा सुप्रीमो के हाथों को मजबूत करने की अपील की

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**



**सपा सुप्रीमो** के निर्देशानुसार पीडीए पखवाड़ा विधानसभा छिबरामऊ में ग्राम सभा तिसौली और अतरौली अदमापुर अतरौली विरौली ज्ञानपुर में कार्यक्रम करते हुए। पूर्व विधायक अरविन्द सिंह यादव यादव ने कहा इस बार का चुनाव बाद महत्वपूर्ण चुनाव है जो देश की दशा दिशा दोनों को तय करने का चुनाव आए और नौजवान पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि हो सकता है कि अगली बैठक में आपके सांसद अखिलेश हो उन्होंने अपने द्वारा कराए गए विकास कार्यो को गिनाते हुए कहा कि 100सैया अस्पताल और राजकीय इंटर कॉलेज बिजली पानी की समस्याओं से वंचित लोगों को सुविधा देने का काम किया और बड़े पैमाने पर विकास कराकर लोगों के लिए लभावित करने का काम किया और चुनाव में जुट जाने का आवाहान किया और समाज पार्टी के सरकार बनाने का काम हमें और आप सभी लोग करना है कार्यक्रम सभी समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता नेतागढ़ और लगातार ये सरकार समाजपार्टी कार्यकर्ताओं पर जुल्म कर रही है तभी तो राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पीडीए के द्वारा गांव-गांव आहान्न रखा अगर हमारे किसी भी कार्यकर्ता को तंग करेगी पुलिस तो उसकी खैर नहीं लोकसभा आते ही हमारे कार्यकर्ताओं के ऊपर मिनी गुंडा एक्ट कार्रवाई कर रहा प्रशासन ये कतई बर्दाश्त नहीं होगा हम लोग जिले के पुलिस कप्तान से जल्द मिलकर इसके बारे में बताएंगे आप सभी लोग एकजुट होकर समाजवादी पार्टी को वोट दें इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष उमेश पाल जिला पंचायत सदस्य रीपू यादव सर्वेश कुमार नत्थू कठेरिया पूर्व माहसचिव बोवी यादव सुमित यादव उर्फ़ पारुल तरिमोहन यादव अनार रामविलास वेदराम चेतन सुगर सिंह नीरज पाल पप्पू कठेरिया हरमान सिंह मौजूद रहे।

# राजकीय पशु चिकित्सालय में हुई समीक्षा बैठक

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**



**राजकीय पशु** चिकित्सालय में हुई विकासखंड क्षेत्र की समीक्षा बैठक में उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉक्टर नेमकुमार ने निर्देश दिया कि सभी कर्मचारी भारत पशु धन एप पोर्टल पर टीकाकरण एवं कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम को शीघ्र अपलोड करें। उन्होंने पशु टीकाकरण एवं कृत्रिम गर्भाधान को गति देने के निर्देश देते हुए कहा इससे पहले हुई बैठक में लगभग 15000 की फीडिंग थी जबकि अब 30 से 35000 की फीडिंग हो चुकी है। शेष फीडिंग के लिए भी युद्ध स्तर पर कार्य करें क्योंकि अगली बैठक में इसकी समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा सभी कर्मचारी मोबाइल वेटरनरी यूनिट को बढ़ावा देने हेतु प्रचार प्रसार करें। उन्होंने मुख्यमंत्री पशुपालक प्रोत्साहन योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी और किसान क्रेडिट कार्ड पशुपालन घटक की प्रगति हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा केवल बछिया पैदा करने के लिए वर्गीकृत वीर्य से कृत्रिम गर्भाधान को बढ़ावा दें। समीक्षा बैठक में विशुनगढ़ के पशु चिकित्साधिकारी डॉक्टर रिजवान आलम, पशु चिकित्सा फार्मासिस्ट गौरव पांडेय, पशुधन प्रसार अधिकारी नरेंद्र पाल सत्यम यादव एवं देवेंद्र सिंह सहित समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

# जर्जर भवन की छत गिरने से बालक गंभीर रुप से घायल



**गुरसहायगंज (कन्नौज)। समृद्धि न्यूज**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी की महत्वाकांक्षी आवास योजना के आवंटन में विगत दो वर्ष पूर्व हुये भ्रष्टावार व दलाली की जांच व कार्रवाई न होने से जहां अपात्रों के हौसले बुलंद है तो वही कई पात्र आज भी योजना के लाभ से वंचित होकर मायूस हैं। वहीं उच्चाधिकारी भी जान बूझकर मूकदर्शक बनें हुये हैं। मंगलवार को नगर के मोहल्ला रामगंज में प्रधानमंत्री आवास योजना की पात्र सुनीता देवी पत्नी उमेश चन्द्र के जर्जर मकान की पूरी छत अचानक भर-भरा कर गिर पडी। जिससे घर के अंदर खेल रहा 04 वर्षीय बालक दबकर गंभीर रुप से घायल हो गया जिसे परिजनों द्वारा इलाज के लिये निजी चिकित्सक के यहा ले जाया गया। पात्र महिला नें बताया कि उसके पति मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करते हैं। सुविधा शुल्क न दे पाने के कारण वह विगत दो वर्षो से आवास योजना का लाभ लेने के लिये राजस्व कार्यालय से तहसील कार्यालय तक अधिकारियों के चक्कर लगा चुकी है। बताया कि उसका भवन पूर्णतयः जर्जर है जिससे कभी भी जानमाल की हानि हो सकती है। अब देखना यह है कि क्या जिम्मेदार अभी भी प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना को पलीता लगायेंगे या फिर पात्र को आवास योजना का लाभ भी मिल सकेगा।

# सीओ सदर ने रुटमार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का किया निरीक्षण

- अतिक्रमणकारियों को हद में रहने की चेतावनी दी

**गुरसहायगंज (कन्नौज)। समृद्धि न्यूज**



रुटमार्च करते सदर क्षेत्राधिकारी व अन्य

**सदर क्षेत्राधिकारी** ने प्रभारी निरीक्षक के साथ नगर के प्रमुख मार्गो पर पैदल भ्रमण कर जहां एक ओर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं दूसरी ओर नागरिकों को सुरक्षा का एहसास कराया। इस दौरान उन्होंने अतिक्रमणकारियों को हद में रहनें की चेतवानी दी।

मंगलवार की शाम सदर क्षेत्राधिकारी कमलेश कुमार ने प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश शर्मा सहित पुलिस बल के साथ नगर के जीटी रोड, रेलवे रोड, तिर्वा रोड, रेलवे स्टेशन सहित अन्य प्रमुख मार्गो पर पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होनें नागरिकों से वार्ता कर उनके आसपास हो रहे गैरकानूनी कार्यो की सूचना देकर अपराध नियंत्रण में पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील भी की। इस दौरान कोतवाल द्वितीय जयंती प्रसाद गंगवार, कस्बा प्रभारी रॉबिन सिंह, उप निरीक्षक चंद्रभान सिंह, विनय शर्मा, आनंद मिश्रा, महिला उपनिरीक्षक नीलम सिंह सहित कांस्टेबल विनय कुमार, अमन कुमार, दीपांशु, गजेंद्र सिंह, मोनू कुमार, डेविड कुमार, प्रशांत कुमार, अनुज कुशवाहा, पवन कुमार आदि मौजूद रहे।

# सड़क निर्माण से छात्र-छात्राओं के चेहरे पर दौड़ी खुशी की लहर

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**



**बिशुनगढ़ मार्ग** नादनपुर की पुलिया से नगला लक्ष्मण शंकरपुर लोकपुर तक उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने 3 फरवरी को जिला कन्नौज में कार्यक्रम के दौरान सड़क का शिलान्यास किया था। इस सड़क के ठेकेदार जे ई रमाकांत शर्मा जी पीडब्ल्यूडी के कर्मचारी आदि सभी लोगों ने पैदल सड़क का निरीक्षण किया ग्रामीणों को बताया जल्द सड़क से आपको मिलेगी निजात पानी सूख जाने के तुरंत बाद सड़क का निर्माण कराया जाएगा इस मौके पर सपा नेता दलगजन सिंह यादव ने अधिकारियों से वार्ता कर कहा यह सड़क जनता के लिए सबसे बड़ी सड़क साबित होगी क्योंकि 8 साल से छात्र किसान इस सड़क से दिक्कत का सामना कर रहे थे अब इससे मिलेगी निजात इस मौके पर युवा नेता अक्षय यादव उर्फ बॉबी यादव ने हमारे साथ इस सड़क को लेकर कई बार प्रदर्शन किया कई बार सांसद विधायक मुख्यमंत्री जिलाधिकारी आदि को प्रार्थना पत्र भी भेजने का काम किया इस सड़क से मिलेगी इन गांवों को राहत लोकपुर धीरपुर नगरिया रामपुर हृदय नंदग्रामपुर थानपुर आदि गांवों को लोगों को मिलेगी सड़क का निरीक्षण कर रहे थे इसी दौरान सड़क से निकल रहे थी छात्र-छात्राएं को मिली जानकारी ऐसे ही उनके चेहरे पर खुशी झलक उठी आपस में चर्चा कर रहे छात्र अब हमारी सड़क बन जाएगी अब हमें स्कूल जाने में कोई दिक्कत नहीं होगी इसी सड़क पर प्राथमिक विद्यालय दो इंटर कॉलेज संचालित हैं सड़क निर्माण होने पर सभी लोगो मे खुशी की लहर दौड़ गई।

**प्रशिक्षण** | **नकल विहीन बोर्ड परीक्षा संपन्न कराए जाने को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में केंद्र व्यवस्थापकों को दिया गया प्रशिक्षण**

# नकल विहीन एवं शुचितापूर्ण बोर्ड परीक्षा संपन्न करना हम सभी का दायित्व: डीएम

**कनौज,समृद्धि न्यूज**

- प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर एक केन्द्र-व्यवस्थापक, एक वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक तथा एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट की होगी नियुक्ति



**यूपी बोर्ड** परीक्षा की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में केंद्र व्यवस्थापकों को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कहा कि प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर एक केन्द्र-व्यवस्थापक, एक वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक तथा एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त होगा। कहा कि यह सुनिश्चित कर लें कि परीक्षार्थी परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार की नकल सामग्री, मोबाइल फोन, कैलकुलेटर अथवा किसी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के साथ प्रवेश न करें।

डीएम ने निर्देशित किया कि परीक्षा कक्ष में कोई पाठ्य सामग्री, पोस्टर, ब्लैक बोर्ड पर लिखित निर्देश आदि न हों। परीक्षा केन्द्र पर कक्ष निरीक्षक उपस्थिति पंजिका रखी जाए, जिसमें उनका नाम, पदनाम, अध्यापित विषय तथा स्नातक एवं परास्नातक का विषय अंकित किया जाये। कहा कि हाईस्कूल के परीक्षार्थियों की वस्तुनिष्ठ परीक्षा के लिए प्रयुक्त की गयी ओएमआर शीट के मुख्य भाग एवं उसके प्रतिपर्ण भाग को सावधानीपूर्वक अलग-अलग कराकर इन्हें पृथक-पृथक लिफाफे में रखकर मुख्य भाग तथा प्रतिपर्ण भाग लिखकर एवं परीक्षा केन्द्र कोड अंकित कर समुचित रूप से सील कर संकलन केन्द्रों पर जमा कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। डीएम ने कहा कि लिखित उत्तर पुस्तिकाओं का बण्डल पृथक से तैयार कर संकलन केन्द्र पर जमा कराया जायेगा। कहा कि परीक्षा के उपरान्त लिखित उत्तर पुस्तिकाओं को अनिवार्यत पुलिस अभिरक्षा में संकलन केन्द्र को प्रेषित करना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा है कि प्रश्न पत्रों की सुरक्षा व्यवस्था एवं उनके सुरक्षित व्यवहरण हेतु प्रत्येक परीक्षा केन्द्र में स्ट्रॉग रूम स्थापित किया जाएगा। यह स्ट्रॉग रूम प्रधानाचार्य कक्ष से पृथक एक अत्यन्त सुरक्षित कक्ष में ही बनाया जाना अनिवार्य होगा, जो 24 घण्टे सीसीटीवी की निगरानी में होगा। इसी क्रम में जिला मुख्यालय के डबल लॉक स्ट्रांग रूम से पुलिस अभिरक्षा में प्रश्नपत्रों के सील्ड बाक्स को बन्द गाड़ी में जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा सम्बन्धित परीक्षा केन्द्र के केन्द्र व्यवस्थापक, वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक तथा स्टेटिक मजिस्ट्रेट को हस्तगत कराया जाएगा। तत्पश्चात् इन्हें परीक्षा केन्द्र पर बने स्ट्रांग रूम में अनिवार्य रूप से केन्द्र व्यवस्थापक, वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में डबल लॉक आलमारी में सुरक्षित रखवाकर सील करवाया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रश्न पत्रों के बण्डल प्राप्त होते ही परीक्षा केन्द्र पर आवंटित परीक्षार्थियों की कक्षावार एव विषयवार संख्या के अनुसार प्रश्नपत्रों की संख्या का मिलान कर लें। अतिरिक्त प्रश्नपत्रों की मांग होने पर तत्काल जिला विद्यालय निरीक्षक को सूचित करे जिससे ससमय प्रश्नपत्रों की व्यवस्था करायी जा सके। डीएम ने कहा कि केन्द्र व्यवस्थापक, स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक के साथ पालीवार नियत समय पर डबल-लॉक अलमारी खुलवाकर उस दिन निर्धारित परीक्षा के प्रश्न पत्रों को निकलवाएंगे एवं तत्काल डबल-लॉक अलमारी को सील करवा देंगे। प्रश्नपत्र खोलने के पूर्व प्रश्नपत्रों के लिफाफे के ऊपर मुद्रित परीक्षा तिथि, विषय एवं पाली का भली-भांति मिलान परीक्षाओं हेतु निर्धारित समय-सारणी से कर लें एवं इसके उपरान्त अनिवार्य रूप से तीनों सदस्यों की सामूहिक उपस्थिति में ही उनके द्वारा प्रश्न पत्र का लिफाफा खोला जाये, जिससे किसी भी दशा में गलत तिथि, विषय एवं पाली का प्रश्नपत्र न खुलने पाये। परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र वितरण के उपरान्त स्ट्रांग रूम में ही दूसरी डबल लॉक अलमारी में अवशेष प्रश्नपत्रों को सुरक्षित रखा जाएगा।










# जिलाधिकारी पहुंचे लोहिया, खाना इंचार्ज फार्मासिस्ट पर गिरी गाज

- स्टाफ नर्स यज्ञेश कुमारी के खिलाफ कार्रवाई करने के दिये निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जिलाधिकारी ने** जब से चार्ज संभाला है तब से अधिकारियों की नींद काफूर हो गयी है। आये दिन निरीक्षण से कब किस पर गाज गिर जाये, कहा नहीं जा सकता। आज लोहिया अस्पताल में निरीक्षण के दौरान खाना इंचार्ज फार्मासिस्ट को निलंबित कर दिया तथा स्टाफ नर्स के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह ने बीते 1 फरवरी को चार्ज लिया था। तब से ताबड़तोड़ विभागों में छापेमारी से अधिकारियों की रातों की नींद तथा दिन का चैन छिन सा गया है। जिलाधिकारी सबसे ज्यादा साफ-सफाई तथा फर्नीचर तथा अभिलेखों का ठीक प्रकार से रखरखाव पर ज्यादा जोर दे रहे हैं। मंगलवार को जिलाधिकारी ने डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल महिल व पुरुष का निरीक्षण किया। सभी वार्डों में जाकर मरीजों से उपचार संबंध जानकारी की तथा दवायें आदि मिलने के बारे में भी पूछा। उन्होंने कहा कि कोई दवा बाहर से तो नहीं मंगायी जा रही है। जिस पर मरीजों ने कहा कि दवाई अस्पताल से ही दी जा रही है। डीएम ने आकस्मिक कक्ष में जाकर मॉनिटर से खुद का ऑक्सीजन लेवल चेक कराया। जिस पर मॉनिटर का एसपीओ-2 सेंसर खराब निकला। जिस पर इंचार्ज फार्मासिस्ट सचेन्द्र द्विवेदी व ई0एम0ओ0 आकाश बंसल को चेतावनी दी गई। डीएम ने मरीजों से पूछा की समय पर खाना व नाश्ता मिल रहा है कि नहीं, कई मरीजों ने बताया कि कल शाम को भर्ती हुये थे अभी तक खाने व नाश्ते में कुछ नहीं मिला। इस पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी जताई एवं खाने की व्यवस्था के इंचार्ज फार्मासिस्ट मुकेश दीक्षित को निलंबित करने व स्टाफ नर्स यज्ञेश कुमारी के खिलाफ विभागीय कार्यवाही के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि मरीजों को खाना व नास्ता समय पर दिये जाने के निर्देश दिये। अस्पताल में साफ-सफाई की स्थिति खराब पाई गई। डीएम ने सी0एम0एस को उक्त व्यवस्थायें सही करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी व संबंधित डॉक्टर उपस्थित रहे।



स्टाफ नर्स से पूछताछ करते जिलाधिकारी — समृद्धि न्यूज

# आधा दर्जन स्कूली वाहनों का चालान 1.5 लाख का ठोंका गया जुर्माना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**स्कूली जिलाधिकारी** डॉ0 वी0के0 सिंह के निर्देशन में एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने नगर क्षेत्र में स्कूली वाहनों की सघन चेकिंग की। जिसमें छह वाहनों का चालान करते हुए दो वाहनों को थाना राजेपुर में सीज कर दिया गया तथा इन वाहनों पर 1.5 लाख रुपए का जुर्माना ठोंका गया। जानकारी के अनुसार नगर में संचालित प्राइवेट स्कूलों में बगैर व्यवसायिक पंजीकरण कराये वाहन संचालित हैं। वाहनों की फिटनेस भी समाप्त थी। स्कूली वाहनों की चेकिंग में विशेष रूप से एलपीजी अथवा सीएनजी किट द्वारा संचालित वाहनों की चेकिंग की गई, ताकि बच्चों की सुरक्षा को कोई खतरा न हो। चेकिंग में कोई भी स्कूली वाहन सीएनजी अथवा एलपीजी किट से संचालित नहीं पाया गया। पकड़े गए स्कूली वाहनों में दो मारुति वैन भी सम्मिलित हैं। जिनके द्वारा व्यावसायिक पंजीकरण कराए बिना स्कूली छात्र ले जाये जा रहे थे तथा उनकी फिटनेस भी समाप्त थी। इसके अतिरिक्त एआरटीओ द्वारा अन्य आठ वाहनों का चालान करते हुए रुपया 1.75 लाख का अर्थदंड भी लगाया गया। एआरटीओ ने बताया कि ऐसे वाहनों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी जिनके कागजात कम्पलीट नहीं हैं और स्कूली वाहन नियम का पालन नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चेकिंग अभियान अभी जारी रहेगा।




स्कूली वाहन की चेकिंग करते एआरटीओ प्रवर्तन

# एल्कोहलयुक्त दवाइयों एवं टिंचर की बिक्री को लेकर मेडिकल स्टोरों पर हुई छापेमारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**एल्कोहलयुक्त दवाइयों** एवं टिंचर की बिक्री को लेकर मेडिकल स्टोरों पर औषधि एवं खाद्य विभाग ने संयुक्त रुप से छापेमारी की। जिससे मेडिकल स्टोर स्वामियों में हड़कंप की स्थिति देखी गयी।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को आबकारी आयुक्त प्रयागराज एवं जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जिला अस्पताल के सामने संचालित लोहिया मेडिकल स्टोर का मय टीम औषधि निरीक्षक रजत कुमार, आबकारी निरीक्षक आनंद सिंह व सचिन त्रिपाठी ने पुलिस के साथ निरीक्षण किया। इसके पश्चात कैलाश मेडिकल स्टोर, गुलाटी सर्जिकल और मेडिकल स्टोर आवास विकास का औचक निरीक्षण किया। जिला अस्पताल के सामने स्थित मेडिकल प्रतिष्ठानों से एल्कोहलयुक्त औषधीय एवं टिंचर का विक्रय होना नहीं पाया गया। औषधि निरीक्षक द्वारा बताया गया कि यह आबकारी निरीक्षक एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी के साथ संयुक्त रूप से अल्कोहल युक्त औषधीय का दुरुपयोग न होने की दृष्टिगत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उन्हें शिकायत मिली थी कि कुछ मेडिकल स्टोरों पर इस प्रकार की दवाइयों की बिक्री की जा रही है। जिसके मद्देनजर छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि यह छापामार अभियान लगातार जारी रहेगा। जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ नहीं किया जायेगा। आज की छापेमारी से मेडिकल स्टोर स्वामियों में हड़कंप का माहौल देखा गया।



मेडिकल स्टोर पर छापेमारी करते औषधि निरीक्षक आदि — समृद्धि न्यूज

# जहान सिंह लोधी बने सपा के जिला महासचिव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**समाजवादी पार्टी** के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति पर प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने जय नारायन वर्मा रोड निवासी जहान सिंह लोधी को पार्टी का जिला महासचिव नामित किया है। जहान सिंह लोधी जिला कमेटी में निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष है। फर्रुखाबाद के नेताओं द्वारा पार्टी नेतृत्व से जिला महासचिव की शिकायत की गई। जिसके चलते जहान सिंह लोधी को जिला महासचिव का दायित्व सौंपा गया है। जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि जहान सिंह लोधी को जिला महासचिव बनाया गया है। अब जिले में दो जिला महासचिव कार्य करेंगे, लेकिन इस संदर्भ में जब उनसे पूछा गया कि क्या कोई लिखित में दो महासचिव कार्य करने की जानकारी आयी है तो उन्होंने कोई जबाव नहीं दिया। वहीं इलियास मंसूरी ने बताया कि मुझे पद से हटाया नहीं गया है। हम भी पार्टी में पहले की तरह ही कार्य करेंगे। जहान सिंह लोधी के जिला महासचिव बनने पर पार्टी के लोगों ने उनके निवास फतेहगढ़ पहुंचकर फूल मालाओं से स्वागत किया।



जहान सिंह लोधी का स्वागत करते मतीन खां

# खबरें चलते-चलते

## कचहरी तारीख करने गये युवक को ससुरालीजनों ने पीटा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कचहरी तारीख करने गये युवक को ससुरालीजनों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। जानकारी के अनुसार पीड़ित सलमान हुसैन पुत्र सत्तार हुसैन निवासी मोहल्ला घोड़ानखास बगिया ने कोतवाली फर्रुखाबाद पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि उसका विवाह 2022 को नमरा उर्फ शाजीन पुत्री राहत खाँ निवासी तलैया लेन इमामवाड़ा फतेहगढ़ के साथ हुआ था। पीड़ित के उसकी पत्नी नमरा उर्फ शाजीन से संबंध खराब हो गये और जुलाई 2022 में नमरा उर्फ शाजीन के भाई रफीक, असर व पिता राहत व उनके परिवारीजनों ने मारपीट की। जिसका मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन चल रहा है। जिसकी तारीख करने 2 फरवरी को वह कचहरी गया था। शाम को वापस लौटते समय भारत पेट्रोल पम्प के सामने तलैया लेन मोड़ पर ससुर राहत खां, साले रफीक व असर के द्वारा गाली-गलौज कर मारपीट की गयी तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर उपरोक्त तीनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

## बाइकों की भिड़ंत में चालक घायल, एक लोहिया रेफर

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** नगर के मोहल्ला सिकंदरपुर महमूद निवासी शाहनूर बीते दिवस की देर शाम बाइक द्वारा किसी कार्य से शमसाबाद बाजार जा रहा था। वही नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम नगला धोबियान निवासी संतोष कुमार भी बाइक द्वारा शमशाबाद थाना क्षेत्र ग्राम नैगमां में स्थित एक रिश्तेदारी जहां दावत खाकर वापस आ रहा था। फैजबाग शमशाबाद मार्ग पर मंडी समिति के पास दोनों बाइक सवारों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना में दोनों ही बाइक सवार गिरकर घायल हो गए। चीख पुकार सुनकर आसपास क्षेत्र के लोगो की भीड़ लग गई। भीड़ में कुछ लोगो ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनो घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद भेजा। जहां संतोष की हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सक अलीम अंसारी ने लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया, जबकि शाहनूर को परिवार के लोग उपचार के बाद घर ले गए। दुर्घटना की जानकारी पर पुलिस का कहना था दुर्घटना की सूचना दी गई थी। पुलिस को भेजा गया था। किसी भी पक्ष द्वारा तहरीर नहीं दी गई। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## महिला ने रंगे हाथ चोर को पकड़ा, मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दिनदहाड़े चोरी के इरादे से घुसे चोर को महिला ने पकड़ लिया। शोर शराब करने पर मोहल्ले के लोग आ गये और चोर को पकड़ लिया। बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ के मोहल्ला सैनिक कालोनी निवासी पारुल दीक्षित पत्नी राघवेंद्र दीक्षित ने दी गयी तहरीर में कहा कि बीते दिन वह अपनी पुत्री के साथ बाजार गयी थी तथा पति डियूटी पर चल गये थे। घर पर कोई नहीं था, तभी एक चोर उनके घर में घुस आया। उसने अलमारी तोड़कर 1000/- रुपये चुरा लिये। वहा लॉकर का ताला तोड़ ही रहा था, तब तक महिला व उसकी पुत्री आ गये। उन्होंने शोर मचाया। जिस पर मोहल्ले के लोग मौके पर आ गये। उन्होंने चोर को पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई की। पूछने पर उसने अपना नाम अरविंद पुत्र गुलजारी लाल निवासी नगला नैन फतेहगढ़ बताया। महिला ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

## अभियुक्त की तलाश में कर्नाटक पुलिस का छापा, बैरंग लौटी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** कस्बा नवाबगंज के नयागनीपुर निवासी गोविंद कुमार पुत्र रघुवीर सिंह किसी मामले में थाना जगलोर जनपद दावनगरे जनपद कर्नाटक में काफी समय से किसी मामले में वांछित चल रहा था। कर्नाटक पुलिस के एसआई चंद्रशेखर व कांस्टेबिल आनंदप्पा ने नवाबगंज थाने में आमद करने के बाद थाना नवाबगंज की पुलिस के साथ उसके घर पर दविश दी, लेकिन अभियुक्त पुलिस के हत्ते नहीं चढ़ा और वह खाली हाथ वापस लौट गया।

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**ट्रेन की** चपेट में आने से अविवाहित युवक की मौत हो गई। जानकारी होने पर पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र की रेलवे क्रासिंग नंबर 155 पर देर रात एक युवक की ट्रेन की चपेट में आ जाने से मौत हो गई। जानकारी होने पर मौके पर पहुची जीआरपी पुलिस ने शव की शिनाख्त के लिए आसपास के गांव के लोगों को सूचना दी। रात करीब दो बजे नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव मंझना निवासी पुष्पेंद्र गंगवार पुत्र ओमप्रकाश मौके पर पहुंचा, क्योंकि वह अपने भाई को खोज रहा था। उसने कहा कि उसका भाई शाम से लापता हो गया था। उसने शव की शिनाख्त अपने 35 वर्षीय अविवाहित भाई उपेंद्र सिंह के रुप में की। पुष्पेंद्र ने बताया कि वह दो भाई था। छोटे भाई उपेन्द्र की शादी नहीं हुई थी। वह खेतीबाड़ी का कार्य करता था। वह शराब पीने का आदी था। वह शाम को बगैर बताए घर से कहीं चला गया था। रात में उनकी तलाश करते समय सूचना मिली। बेटे की मौत पर मां शीतला देवी सहित परिवार के अन्य लोगों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।



पीएम हाउस में गुमशुम बैठे मृतक के परिजन

# ढाईघाट मेले में हो रही अवैध वसूली को लेकर दुकानदारों में रोष

- भाकियू हरपाल गुट ने मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी को भेजा ज्ञापन

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**ढाईघाट मेला** रामनगरिया में दुकानदारों से की जा रही अवैध वसूली के विरोध में भाकियू हरपाल गुट के नेताओं ने कड़ी नाराजगी जताते हुए मुख्यमंत्री तथा जिलाधिकारी को संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन मेला प्रभारी को सौंप है तथा कहा अगर अवैध वसूली नहीं रुकी, तो भाकियू धरना प्रदर्शन करने पर मजबूर होगी। जानकारी के अनुसार ढाईघाट शमशाबाद में मेला रामनगरिया चल रहा है। इस मेले में दुकानें लगाने वाले दुकानदारों का कहना है कि उन्हें जगह तो दी जा रही है, लेकिन उनसे अवैध वसूली की जा रही है। मंगलवार को भाकियू हरपाल गुट के नेताओं ने जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में ढाईघाट मेले में पहुंचकर जब दुकानदारों से जानकारी की, तो दुकानदारों ने कहा कि उनसे जबरन अवैध वसूली की जा रही है। जिलाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री तथा जिलाधिकारी को संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन मेला प्रभारी शमशाबाद को सौंपा। जिसमें कहा गया कि 300 रूपये प्रति मीटर का हो रहा आवंटन तत्काल रोका जाए। अवैध वसूली के चलते दुकानदार कीमत से ज्यादा वस्तुएं विक्रय करने को मजबूर होंगे। जिसका असर आम श्रद्धालुओ पर होगा। लाइट व पानी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है, व्यवस्था कराई जाये। रामनगरिया मेला स्थल तथा गंगा किनारे गंदगी का साम्राज्य देखा जा रहा है। गंदगी को देखकर ऐसा लग रहा है जैसे यहां काफी समय से सफाई नहीं की गई हो। घटवइयों से 300 रूपये तथा दुकानदारों से 300 रूपये फिट जमीन उपलब्ध कराई जा रही, जिसको तुरंत रोका जाये। महिला स्नानार्थियों को कपड़े बदलने की समुचित व्यवस्था नहीं की गयी, जिसे तत्काल कराई जाए। इस मौके पर भाकियू हरपाल गुट के जिलाध्यक्ष डॉ0 प्रेमचंद सक्सेना, सूरजपाल सिंह शाक्य, मंडल अध्यक्ष कानपुर हुकुम सिंह यादव, चरण सिंह, नौरंगीलाल, सोनेलाल, सुनीता देवी, मोतीलाल, हरलाल सिंह राजपूत, रमेश चंद पाल, कश्मीर सिंह, पूजा यादव, राम रक्षपाल, निर्देश कुमार सहित तमाम किसान पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मैजूद रहे।




विरोध दर्ज कराते किसान यूनियन नेता — समृद्धि न्यूज

# 33 हजार विद्युत लाइन में आई तकनीकी खराबी आने से 80 गांवों की बिजली गुल

- कर्मचारियों ने पेट्रोलिंग कर विद्युत व्यवस्था बहाल की

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**नीमकरोरी से** हजियांपुर विद्युत उपकेंद्र संचालित है। उक्त केंद्र के तीन फीडरों से 80 गांव रोशन होते हैं। बताया गया है बीते दिवस की रात्रि लगभग 3 बजे के करीब अचानक तकनीकी खराबी के चलते विद्युत व्यवस्था ठप्प हो गई। जिससे उपभोक्ताओं के घरों में अंधेरे का साम्राज्य हो गया। इस संबंध में हजियांपुर विद्युत उपकेंद्र के कर्मचारियों ने बताया नीम करोरी विद्युत स्टेशन से हजियांपुर विद्युत केंद्र तक गुजरी 33000 की विद्युत लाइन जिसमें नवाबगंज के निकट कोई तकनीकी फाल्ट आ जाने के कारण विद्युत व्यवस्था ठप्प हो गई थी। मंगलवार की सुबह कर्मचारियों ने पेट्रोलिंग की, तो नवाबगंज के पास 33000 की लाइन में फॉल्ट पाया गया। जिसकी सूचना कर्मचारियों ने विभागीय अधिकारियों को दी। जिसके बाद तकनीकी फाल्ट को दूरकर विद्युत व्यवस्था बहाल की गई। बताते हैं उक्त हजियांपुर विद्युत उपकेंद्र से हरसिंहपुर, रोशनाबाद तथा मंझना सहित 3 फीडरों के लगभग 80 गांव रोशन होते हैं। फिलहाल कर्मचारियों ने पेट्रोलिंग के जरिए तकनीकी फाल्ट को दुरुस्त कर विद्युत सप्लाई बहाल कर दी। तकनीक फॉल्ट के कारण ग्यारह घंटे विद्युत आपूर्ति ठप्प रही।



३३ हजार की विद्युत लाइन ठीक करते कर्मचारी — समृद्धि न्यूज

**प्रदर्शन** — ग्रामीणों ने राशन न मिलने पर केंद्र पर पहुंचकर किया प्रदर्शन, पुलिस ने की जांच पड़ताल

# ताला, गेट व ग्रिल कुछ भी नहीं टूटा, फिर भी 70 पैकेट रिफाइंड आंगनवाड़ी केंद्र से हो गये चोरी

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**विकास खंड** शमसाबाद के ग्राम पहाड़पुर बैरागर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय यहां आंगनबाड़ी कक्ष से 70 पैकेट रिफाइंड चोरी का मामला प्रकाश में आया है। घटना के संबंध में बताया गया है मंगलवार की सुबह जब गांव की महिलाएं अपने छोटे-छोटे बच्चों के साथ बाल पुष्टाहार लेने के लिए केंद्र पर पहुंचीं, तो वहां आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा बाल पुष्टाहार चोरी होने की सूचना देकर टरका दिया गया। जब ग्रामीणों को पता चला तो ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। देखते ही देखते आंगनबाड़ी केंद्र पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। ग्रामीणों के अनुसार बताया गया है उक्त विद्यालय जहां आंगनबाड़ी कक्षा में दो आंगनवाड़ी कार्यकत्रिया प्रथम अनीता पत्नी विजयपाल सिंह, द्वितीय अनीता पत्नी नेत्रपाल सिंह तथा एक सहायिका रीना पत्नी सरवन कार्यरत है। ग्रामीणों की जानकारी के अनुसार अनीता पत्नी विद्या पाल जिसके 30 पैकेट रिफाइंड के चोरी हुए हैं, जबकि अनीता पत्नी नेत्रपाल के 40 पैकेट कुल 70 पैकेट चोरी हुए। ग्रामीणों ने चोरी की घटना पर आश्चर्य जताते हुए कहा ना ताला टूटा ना गेट टूटा न हीं कोई ग्रिल फिर अज्ञात चोरों ने किस तरह चोरी की घटना को अंजाम दिया होगा। चोरी की बात किसी ग्रामीण के गले नहीं उतर रही है, वहीं कुछ दाल के पैकेट इधर उधर बिखरे पड़े थे। आंगनबाड़ी केंद्र से रिफाइंड पैकेट चोरी की होने की सूचना के बाद जब क्षेत्रीय रिपोर्टर मौके पर पहुंचे, तो ग्रामीणों ने बताया नवंबर के बाद फरवरी में पुष्टाहार का वितरण हुआ। ग्रामीणों का आरोप था अगर 3 वर्ष से कम उम्र के बच्चे उन्हें तो पुष्टाहार का वितरण किया गया, 3 साल से ऊपर के बच्चों के परिजनों को बैरंग लौटा दिया गया। ग्रामीणों का यह भी आरोप था कुछ बच्चे पात्र होने के बावजूद बाल पुष्टाहार के हक से वंचित हैं। ग्रामीणों ने कई बार नाराजगी जताकर सम्बन्धित अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। आंगनबाड़ी केंद्र से बाल पुष्टाहार चोरी होने के संबंध में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा पुलिस को तहरीर नहीं दी गई थी।



केंद्र पर जांच पड़ताल करती पुलिस — समृद्धि न्यूज



राशन न मिलने से केंद्र पर प्रदर्शन करते ग्रामीण — समृद्धि न्यूज

# सपा लोकसभा प्रत्याशी डा. नवल किशोर शाक्य का अहमद अंसारी ने किया स्वागत

▸ चुनाव को लेकर हुई चर्चा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



स्वागत के दौरान मौजूद सपा प्रत्याशी डा0 नवल किशोर व अन्य — समृद्धि न्यूज

**समाजवादी पार्टी** लोकसभा प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य ने पूर्व विधायक मरहूम इजहार आलम खान की पुत्री मारिया आलम के साथ बीती रात अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव हाजी अहमद अंसारी के निवास खटकपुरा में पहुंचकर लोकसभा चुनाव की चर्चा की। सपा से लोकसभा प्रत्याशी डॉ0 नवल किशोर शाक्य, जिला उपाध्यक्ष मारिया आलम का जोरदार स्वागत किया गया। मुस्लिम समाज में अच्छी पकड़ रखने वाले समाजसेवी हाजी अहमद अंसारी को अपने समाज की जिम्मेदारी सौंपी। मुस्लिम समाज की एक बड़ी बैठक करने जिम्मेदारी दी। हाजी अहमद अंसारी ने कहा लोकसभा चुनाव पूरी दमदारी से लड़ाया जाएगा। इस अवसर पर महानगर उपाध्यक्ष खुर्शीद अहमद खान, पिछड़ा वर्ग नगर अध्यक्ष रफी अहमद अंसारी, पूर्व महानगर अध्यक्ष मोहम्मद चांद खां, अल्पसंख्यक सभा के जिला महासचिव मुजाहिद अंसारी, हामिद अंसारी, शकील मंसूरी आदि लोग मौजूद रहे।

# ज्ञान के बिना मनुष्य की उन्नति नहीं हो सकती: चन्द्रदेव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



प्रवचन करते चन्द्रदेव शास्त्री

**आर्य प्रतिनिधि** सभा के तत्वावधान में मेला श्रीरामनगरिया में चल रहे वैदिक क्षेत्र में चरित्र निर्माण शिविर में प्रातःकाल यज्ञ किया गया। आचार्य चन्द्रदेव शास्त्री ने बताया कि मनुष्य जीवन की उन्नति के दो ही प्रकार हैं- शिक्षा और सत्संग। नैमित्तिक ज्ञान के बिना मनुष्य की उन्नति नहीं हो सकती, इसलिए ईश्वर ने सृष्टि के आदि में मनुष्य मात्र के कल्याण के लिए वेदों का ज्ञान दिया। शिक्षा और सत्संग ही हमारे परिवार, समाज और राष्ट्र की दशा और दिशा निश्चित करते हैं। जैसी शिक्षा व्यवस्था हमारे समाज में होगी वैसा ही समाज का निर्माण होगा। शिक्षा और सत्संग ये दो राष्ट के मूलभूत आधार स्तम्भ हैं। आचार्य ने बताया कि जिसके संग से सत्य की अच्छे प्रकार से प्राप्ति हो, उसे सत्संग कहते हैं। सत्यवादी व्यक्ति का शत्रु भी विश्वास करते हैं और मिथ्यावादी व्यक्ति का अपने भी विश्वास नहीं करते। प्रत्येक मनुष्य को सत्य का ही व्यवहार करना चाहिए। आचार्य प्रदीप शास्त्री ने सत्संग की गंगा में जो नित्य नहाते हैं, पापी से पापी भी पावन बन जाते हैं। भजन के माध्यम से बताया कि सत्संग रूपी साबुन से व्यक्ति का मन पवित्र बनता है, मन की पवित्रता से विचार पवित्र बनते हैं और विचार के पवित्र होने से आचरण पवित्र होता है। सत्याचरण व्यक्ति ही परमानन्द प्राप्ति का कारण बनता है। उदिता आर्या ने मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। पण्डित रामवीर आर्य, हरिदेव आर्य, पण्डित हरिओम शास्त्री ने प्रेरणाप्रद भजन सुनाकर सन्मार्ग में चलने की प्रेरणा दी। स्वामी महेन्द्रानंद ने सभा का संचालन किया। इस अवसर पर उत्कर्ष आर्य, उदयराज आर्य, शिशुपाल आर्य, संजीत आर्य, संदीप आर्य, रत्नेश द्विवेदी, उपासना कटियार आदि उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### रेवेन्यू बार एसोसिएशन की बैठक में छायी रहीं समस्यायें, सौंपा ज्ञापन



**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** रेवेन्यू बार एसोसिएशन की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें जिलाधिकारी को संबोधित 13 सूत्रीय ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा गया। जिसमें कहा गया कि रियल टाइम खतौनी में क्षेत्रीय लेखपालों के द्वारा अंशों का सही निर्धारण न करना, खतौनी में मृतक व्यक्तियों के नाम दर्ज चले आ रहे है उनका कोई वारिस न होने पर उनकी विरासत उत्तर जीविता के करने के सम्बन्ध में, खतौनी में दर्ज आदेशों का निफाज न होना, असंक्रमणीय भूमिधर को भूमिधर न करने के संबंध में, एकल खिड़की के कार्यों का अनुदालन समय सीमा में न होना, तजबीज सानी का पोर्टल चालू न होना, बंटवारे की फाइलों का कुरे में दाखिल न होना, धारा 80 की पत्रावलियों को बिना कार्यवाही के खारिज कर देना, शर्तिया बैनामे की औपचारिकतायें पूर्ण होने के बाद दाखिल खारिज न होना, धारा 38(2) की फाइलों में समय से रिपोर्ट न लगाना सहित 17 मांगें शामिल हैं। इस दौरान रेवन्यू बार एसोसिएसन अध्यन विशेश्वर यादव, अवनीश गंगवर, फहीम खां, माधव शुक्ला, अनोखे लाल शाक्य सहित अन्य अधिवक्तागण मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का कैम्प आज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज ब्लाक कार्यालय परिसर में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। कमालगंज खण्ड विकास अधिकारी श्रीप्रकाश उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अन्तर्गत बुधवार प्रातः 10 बजे विकास खण्ड कार्यालय परिसर में कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें समस्त सम्मानित ग्राम प्रधान अपने आधार कार्ड की छायाप्रति के साथ समय पर कैम्प में उपस्थित होकर सहयोग प्रदान करें।

### डीएन कालेज में वार्षिक खेलकूद 8 फरवरी से शुरु

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** डीएन डिग्री कालेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता सत्र 2023 व 24 की 8 व 9 फरवरी को सम्पन्न होगी। यह जानकारी प्राचार्य डा0 मनोज गर्ग ने दी है। जिसकी व्यवस्था क्रीड़ा अधीक्षक डा0 रामनरेश सिंह देखेंगे।

# ग्राम मंझना में जलभराव और गंदगी का अम्बार

▸ टूटी फूटी पुरानी नालियां क्या यही है गांव की पहचान

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**



मुख्य गली में भरा पानी — समृद्धि न्यूज

**ग्राम पंचायत** मंझना में एक संपर्क मार्ग जो ग्राम परम नगर के लिए जाता है, वह भी संपर्क मार्ग अव्यवस्थाओं का शिकार बना हुआ है। वैसे तो यहां हमेशा जल भराव और गंदगी का आलम ही नहीं देखा जा रहा है बल्कि ग्राम विकास कार्यों की पोल खोल रहा है। क्योंकि इस संपर्क मार्ग पर ही जल भराव है। यहां लोग गंदगी और गली में जल भराव से निकलते है। गांव की गलियों से बहने वाला गंदा पानी जो टूटी फूटी नालियों के सहारे टूटे फूटे संपर्क मार्ग में भर जाता है। उसी रास्ते से छोटे-छोटे बच्चों को स्कूल जाना पड़ता है। सभी को पानी में घुसकर निकलना पड़ रहा है। लोगों को सुसज्जित रास्तों की बजाय गंदगी भरे रास्तों से गुजरना पड़ रहा है। बाइक सवारों को पैर उठाकर निकलना पड़ता है और लोग जल भराव के रास्ते से निकलते समय पेंट उठाकर कीचड़ युक्त गलियों से गुजरते है और जनप्रतिनिधियों को कोसते है। ग्रामीणों ने बताया बरसों पुरानी नालियां जो टूटी-फूटी अवस्था में हैं। गांव की गलियों से बहने वाला पानी जब इन नालियों से गुजरता है तो यही पानी सड़कों पर आ जाता है। लोगों ने बताया कि ग्राम प्रधान से भी शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

# बद्री विशाल महाविद्यालय में छात्रों को वितरित किये गये स्मार्ट फोन




स्मार्ट फोन के साथ छात्र-छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बीए तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों को प्राचार्य डॉ0 सीडी यादव ने स्मार्ट फोन वितरित किए। अधिकांश छात्राओं को सांसद द्वारा फतेहगढ़ क्लब में पहले ही मोबाइल वितरित किये जा चुके हैं। मोबाइल पाकर छात्रों के चेहरे खिल गए। वहीं प्राचार्य ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि वह फोन का सद्पयोग करें, दुरुपयोग नहीं। उसे पढ़ाई लिखाई आदि में इस्तेमाल करें। जिससे उन्हें नई-नई जानकारी मिल सकें। इसी के चलते सरकार छात्र-छात्रों को स्मार्ट फोन वितरित कर रही है। मोबाइल वितरण में अवधेश कटियार, सुबोध मिश्रा, मनोज कटियार, सुनील वर्मा, हरी सिंह, लालजीत, गोपाल, सुरेश का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर डॉ0 शाहिद मालिक व डॉ0 अर्चना पांडेय उपस्थित रहीं।

# होम्योपैथी चिकित्सा में मरीजों का बढ़ा विश्वास




शिविर में दवाइयां लेते मरीज — समृद्धि न्यूज

▸ मेला रामनगरिया में प्रतिदिन 250 से 300 मरीज ले रहे हैं स्वास्थ्य लाभ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जिले में** इस समय पतित पावनी मां गंगा के तट पर मेला रामनगरिया लगा है। जहां पर आस पड़ोस के जिले से लोग एक माह तक कल्पवास करने आते हैं। ऐसे में होम्योपैथ विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाकर मरीजों को दवाई देकर स्वास्थ्य लाभ दिया जा रहा है। मेले में तैनात होम्योपैथ विभाग से डॉ0 सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि मेले में प्रतिदिन लगभग 250 से 300 मरीज बुखार, दाद, खुजली, जुकाम, शरीर में दर्द, जोड़ों में दर्द, अस्थमा, पेचिस, दस्त, आंख में खुजली आदि अन्य बीमारियों के मरीज आ रहे हैं। उनको बीमारी अनुसार दवा देकर इलाज किया जा रहा है।

# जेडी ने दो लाख रुपये तक एरियर भुगतान के लिए किया आदेश पारित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



रस्तोगी कालेज में मौजूद शिक्षक नेता — समृद्धि न्यूज

**माध्यमिक शिक्षक** संघ के जिलाध्यक्ष लालाराम दुबे व मंत्री नरेंद्र पाल सिंह सोलंकी ने कानपुर जाकर संयुक्त शिक्षा निदेशक मनोज कुमार द्विवेदी से जनपद के माध्यमिक शिक्षक/कर्मचारियों के 2 लाख तक के एरियर भुगतान के आदेश करवाये। इससे जनपद के शिक्षकों में खुशी की लहर है। सभी शिक्षकों ने माध्यमिक शिक्षक के संघ के जिलाध्यक्ष को बधाई दी है। उन्होंने जनपद के जिला विद्यालय निरीक्षक को आदेश दिया है कि 2 लाख तक के एरियर का भुगतान शिक्षक व कर्मचारियों को किया जाये। रस्तोगी इंटर कालेज में सभी शिक्षकों ने खुशी जताते हुए बधाई दी। साथ ही जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार दुबे व संयुक्त मंत्री सतेन्द्र सिंह ने इस आदेश की सराहना की है और कहा है कि शिक्षक कर्मचारियों के लिए काफी हितकर आदेश है। इस मौके पर रस्तोगी कालेज के शिक्षक राकेश प्रसाद, ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी, देवेन्द्र कुमार, हिमांशु शुक्ला, शैलेश दुबे, गौरी शंकर के अलावा अन्य शिक्षकों ने बधाई दी है।

### अप्रेन्टिसशिप मेले में 21 अभ्यार्थियों को मिला रोजगार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क पर मंगलवार को अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन हुआ। मेले में 6 उद्योगों विभागों की कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। 21 अभ्यार्थियों का साक्षात्कार हुआ। जिसमें 8 अभ्यार्थियों का दि किसान सहकारी चीनी मिल कायमगंज, 3 विद्युत वितरण खण्ड नगरीय, 2 भास्कर न्यूज एवं 1 बैंगलोर डीजल हेतु चयन किया गया। मेले में प्रधानाचार्य राजवीर सिंह, कार्यदेशक बृजेश कुमार, रंजीत कुमार सुमन, सुनील कुमार, विजेन्द्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे। वहीं 7 फरवरी बुधवार को भी रोजगार मेले का विकास खण्ड राजेपुर में आयोजन होगा। जिसमें 23 कम्पनियां प्रतिभाग करेगी।

# कृषि संबंधित परीक्षा में छात्र आंकिक प्रश्नों पर विशेष ध्यान दें: डा0 जितेन्द्र कुमार

**बोर्ड परीक्षा विशेष**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



कृषि प्रवक्ता डा0 जितेन्द्र कुमार यादव

**बोर्ड परीक्षा** में अच्छे अंक लाने के लिए शिक्षकों द्वारा छात्रों को तैयारी करायी गई है। रामानंद बालक इंटर कालेज के कृषि प्रवक्ता डा0 जितेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि बोर्ड परीक्षा में कृषि इंजीनियरिंग में आंकिक सवाल हाउस पावर एवं सिंचाई संबंधित आते है। जिसे हल करने पर मैरिट अच्छी आती है। कृषि से संबंधित परीक्षा में छात्र आंकिक प्रश्नों पर विशेष ध्यान दें। प्रमुखता से हर्ष पावर, सिंचाई की जल क्षमता, गियर एवं घिरनी में दांतों की संख्या व बेल्ट एवं पुली से संबंधित प्रश्न अनिवार्य रुप से आते है। छात्र सभी प्रश्नों को एक बार गंभीरता पूर्वक पढ़े। 10 साल का अन्साल्ट पेपर अच्छी तरह से हल करें। प्रश्न से संबंधित चित्र को घर पर चित्रांकित करते हुए याद करें। अच्छी किताबों का अध्यन करने से गाइड की तुलना में परीक्षा की तैयारी अच्छी होती है। किसी भी प्रकार का संचय होने पर विषय अध्यापक से निःसंकोच प्रश्न को पूछे। जिससे सफलता मिले। आंसर याद न होने पर लिखकर रिवीजन करें। पशु चिकित्सा विज्ञान में सारणी टेबिल एवं पशुओं से संबंधित दवाइयां तथा बीमार पशुओं को गिराने का वर्णन तैयार करें। शास्त्र विज्ञान में प्रजाति वीज दर, जलवायु एवं राग को अच्छी तरह याद करें। जिससे नम्बर अच्छे मिले।

### सुबह शाम पढ़ने से अच्छा रिवीजन होता है: योगेश



छात्र योगेश

**फर्रुखाबद।** कक्षा 12 के छात्र योगेश शाक्य ने बताया कि कृषि में केचुआ का पाचन व खरगोश की स्वतंत्र रक्त समूह, पशु चिकित्सा में पशुओं का अपरा, खुरपका रोग आदि को पढ़ा है। सुबह चार घंटे व शाम को ढाई घंटे रोजाना पढ़ता हूं, जिससे बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक आये।

# कनोडिया बालिका इंटर कालेज में प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



प्रयोगात्मक प्रदर्शनी का अवलोकन करती प्रधानाचार्या

**मदन मोहन** कनोडिया बालिका इंटर कॉलेज में 2 फरवरी से प्रयोगात्मक परीक्षाएं चल रही है। प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी ने बताया की कल तक भौतिक विज्ञान, रासायन विज्ञान, पाकशास्त्र व सिलाई की प्रयोगात्मक परीक्षा संपन्न हो चुकी है। छात्राओं की उपस्थिति 100 प्रतिशत रही। परीक्षा प्रभारी पूनम शुक्ला ने बताया कि विद्यालय में जीव विज्ञान की 88 छात्राओं, गृह विज्ञान की 75 छात्राओं व भूगोल के 86 छात्र-छात्राओं ने प्रयोगात्मक परीक्षा दी। जिसमें परीक्षकों ने छात्राओं के द्वारा बनाये गये मॉडल चार्ट और उनके द्वारा तैयार की गई फाइल, अन्य कार्य विषय से संबंधित प्रश्न पूछे तथा उनकी सराहना की। साथ ही छात्राओं द्वारा प्रयोगात्मक परीक्षा में तैयार की गई प्रयोगात्मक वस्तुओं की प्रदर्शनी लगायी गई। जिसका अवलोकन बाहर से आये पर्यक्षकों के साथ प्रधानाचार्या ने किया। इस मौके पर शिक्षिका राधा दीक्षित, अर्चना कपूर, विजयलक्ष्मी, पारुल मिश्रा, मधु कटियार, नेहा सक्सेना, उर्मिला राठौर, राघव मिश्रा व प्रदीप कुमार ने सहयोग किया।

# सटोरिया सट्टा पर्ची व 210 रुपये की नकदी समेत गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने सटोरिया को सट्टा पर्ची व नकदी सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार फतेहगढ़ कोतवाली के उप निरीक्षक मो0 सरताज मय हमराह कांस्टेबिल आर्य चौधरी गश्त कर रहे थे, तभी वह मुखबिर की सूचना पर ओवरब्रिज भोलेपुर के पास पहुंचे। मुखबिर के बताये अनुसार लोको की तरफ जाने वाले मार्ग पर घूम रहे व्यक्ति को हिरासत में ले लिया। पकड़े गये व्यक्ति से उसका नाम, पता पूछने पर उसने अपना नाम वाशिद उर्फ बब्लू पुत्र मो0 यूसुफ निवासी दुर्गा कालोनी हनुमान मंदिर वाली गली बताया। जामा तलाश में पहने पेंट की दाहिनी जेब से तीन सट्टा पर्ची, एक पेन, गत्ते का पैड तथा कुल 210 रुपये बरामद हुए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया।

### कई विभागों में चला तबादलों का दौर

**कालपी (जालौन)।** लोकसभा की आम चुनाव के पहले शासकीय महकमों में तबादलों का दौर चल रहा है। कोतवाली में तैनात 21 सिपाहियों के दो सूचियां में स्थानांतरण हो गए है। जिसमें तीन महिला कांस्टेबल के नाम भी शामिल है। वही कालपी के तहसीलदार शेर बहादुर सिंह का भी तबादला हो गया है।

# शक्ति वंदन अभियान के तहत कार्यशाला का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**




बैठक में मौजूद रुपेश गुप्ता व बबिता पाठक — समृद्धि न्यूज

**मंगलवार** को आवास विकास कॉलोनी स्थित भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता की अध्यक्षता में नारी शक्ति वंदन अभियान को लेकर जिला कार्यशाला का आयोजन हुआ। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष बबीता पाठक सहित महिला कार्यकर्ता मौजूद रही।

जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने बताया कि केंद्र की मोदी सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए संसद में 33 प्रतिशत आरक्षण देने का कार्य किया। महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए भाजपा प्रतिबद्ध है। संगठन स्तर पर शक्ति वंदन अभियान चलाया जाएगा जो की पांच चरणों में चलाने के निर्देश मिले हैं। इस अभियान में भाजपा महिला मोर्चा की भागीदारी रहेगी। पहले चरण में 10 फरवरी से शक्ति संवाद कार्यक्रम जिला स्तर पर होगा। जिसमें महिला संबंधित विशिष्ट एनजीओ के प्रमुख (शिक्षा, स्वास्थ्य, सहकारी समितियां, कृषि, लीगल अवेयरनेस, पर्यावरण, स्केल के क्षेत्र में काम करने वाली एनजीओ) एवं जिले में अच्छा कार्य करने वाले स्वयं सहायता समूह के अध्यक्ष/सचिव शामिल होंगे। 11 फरवरी से 14 फरवरी के मध्य शक्ति सम्मान कार्यक्रम आयोजित होगा। विधानसभा स्तर पर आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में एनजीओ से संबंधित प्रमुख महिलाओं को अच्छे कार्यो के लिए सम्मानित किया जाएगा।

महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष बबीता पाठक ने कहा कि आज देश में हर क्षेत्र में महिलाएं नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत के निर्माण में महिलाओं की भागीदारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने महिलाओं को हर क्षेत्र में मजबूत करने का कार्य किया है। आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के साथ एनजीओ एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने सामाजिक परिवर्तन लाने का कार्य किया। संगठन स्तर पर भाजपा में महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने समय-समय पर समाज के लिए कार्य किया है। यह अभियान महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए चलाया जा रहा है जो सामाजिक स्तर पर एक अच्छा संदेश देगा। हिमांशु गुप्ता ने बताया इन कार्यक्रमों के लिए जल्द से जल्द तिथियां का ऐलान हो जाएगा। प्रत्येक कार्यक्रम के लिए संयोजक बनाए जाएंगे।10 फरवरी से 26 फरवरी तक चलने वाले इस अभियान में महिला मोर्चा सहित जिला व मंडल स्तर पर कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति बनाई गई है। संचालन हिमांशु गुप्ता ने किया। इस दौरान ममता सक्सेना, श्वेता दुबे, अभिषेक बाथम, रमला राठौर, राजवती बाथम, रचना अवस्थी आदि लोग मौजूद रहे।

# पिछली सरकारों की तुष्टीकरण की नीति ने देश के लिए पैदा की समस्याएं : शाह

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि पिछली सरकारों की तुष्टिकरण की नीति ने देश के लिए कई समस्याएं पैदा कीं और कई गलत नीतियों के कारण दशकों तक जम्मू-कश्मीर, वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों और पूर्वोत्तर में हिंसा और अशांति रही। श्री शाह ने यहां सुरक्षा से परे भारत के



लचीले भविष्य का निर्माण विषय पर व्याख्यान देते हुए और ओआरएफ विदेश नीति सर्वेक्षण का शुभारंभ करते हुए कहा कि भारत छह देशों के साथ भूमि सीमा और सात देशों के साथ समुद्री सीमा साझा करता है। गृह मंत्री ने कहा, 75 वर्षों में हमने आंतरिक सुरक्षा के मोर्चे पर आतंकवाद, उग्रवाद और वामपंथी उग्रवाद का सामना किया है और हजारों निर्दोष नागरिक और सुरक्षाकर्मी इनका शिकार बने हैं। उन्होंने कहा कि 2014 से मोदी सरकार ने 'जीरो टॉलरेंस 'की नीति अपनाई और आतंकवाद को पूरी तरह खत्म करने की रणनीति बनाई। उन्होंने कहा कि हमने न केवल आतंकवाद से निपटना जरूरी समझा है, बल्कि हमने इसके पारिस्थितिकी तंत्र पर भी प्रहार किया है। श्री शाह ने कहा कि अपनी दो-आयामी नीति के कारण, मोदी सरकार ने इन तीन हॉटस्पॉट में बड़ी सफलता हासिल की है। गृह मंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में, प्रधान मंत्री मोदी के प्रयासों के कारण, भारत ने राजनीतिक स्थिरता, भ्रष्टाचार मुक्त शासन, लोक कल्याण, निवेशक-अनुकूल एजेंडा और शांतिपूर्ण वातावरण स्थापित करने में बड़ी सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि 2024 पूरी दुनिया के लिए इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इस साल दुनिया के 40 लोकतांत्रिक देशों में चुनाव होने वाले हैं और इन चुनावों में करीब 3.3 अरब लोग मतदान करेंगे।

### अमित शाह ने की लालकृष्ण आडवाणी से मुलाकात

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी से मंगलवार को मुलाकात कर उन्हें भारत रत्न दिए जाने पर बधाई दी है। मुलाकात की फोटो एक्स पर साझा कर शाह ने लिखा कि लालकृष्ण आडवाणी ने देश की सांस्कृतिक विरासत, राजनीति और प्रगति में अमूल्य योगदान दिया है। उनके किए गए कार्य हम सब के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने आडवाणी को भारत रत्न देने का निर्णय लेकर उनके अथक संघर्षों और योगदान को सम्मानित करने का काम किया है।

# दिग्विजय ने ईडब्ल्यूएस कोटे में आरक्षण को लेकर की मोदी सरकार की तारीफ

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अभी तक आपने कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह की केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की आलोचना करते तो जरूर सुना होगा लेकिन आज राज्यसभा में उन्होंने केंद्र सरकार की जमकर तारीफ की। मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम राज्यसभा में एक सवाल के दौरान कहा कि मोदी सरकार ने एक काम बड़ा अच्छा किया है जो उन्होंने अनारक्षित वर्गों के बच्चों को केंद्रीय सेवाओं में आरक्षण दिया है।

दिग्विजय सिंह आम तौर पर मोदी सरकार पर हमलावर रहते हैं। चाहें ईडब्ल्यूएस का मुद्दा हो या फिर आर्थिक नीतियां वो हाल के दिनों में मोदी सरकार पर जमकर निशाना साध रहे हैं। पर आज राज्यसभा में नजारा जरा बदला हुआ था। दिग्विजय सिंह ने ईडब्ल्यूएस कोटे में आरक्षण को लेकर मोदी सरकार की तारीफ की। हालांकि, उन्होंने केंद्र सरकार से एक मांग भी कर डाली। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने एक काम बड़ा अच्छा किया जो उन्होंने अनारक्षित वर्गों के बच्चों को केंद्रीय सेवाओं में आरक्षण दिया। लेकिन यदि आप देखेंगे कि चूंकि उसमें ऐसी शर्तें लगाई गई हैं, जिनकी वजह से प्रति सीट जो संख्या अनारक्षित वर्ग के गरीब परिवारों की है वो बहुत कम है।

दिग्विजय ने कहा कि जैसे उदाहरण के लिए यूपीएससी बहाली में एससी वर्गों से एक सीट पर 1950 बच्चे आ रहे हैं। एसटी वर्ग से एक सीट पर 1355 और ओबीसी में 1225 बच्चे एक सीट पर आ रहे हैं। लेकिन श्रद्धेय से 569 बच्चे एक सीट पर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसी तरह से जितनी भी कैटिगरी देखेंगे, यूपीएससी इंजीनियरिंग सर्विस, फॉरेस्ट सर्विस आदि में यही स्थिति है। उन्होंने कहा कि यदि नियुक्तियों की संख्या लेंगे प्रति सीट तो वो भी कम है। दिग्विजय सिंह ने कहा कि इसलिए ईडब्ल्यूएस छात्र-छात्राओं को आयु और दूसरी शर्तों में कुछ छूट दी जाए।

# भाजपा ने आठ भाषाओं में जारी की केन्द्र की उपलब्धियों पर आधारित फिल्म




एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 की घोषणा से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोशल मीडिया पर चुनाव अभियान शुरू कर दिया है। मंगलवार को भाजपा ने अपने सोशल मीडिया मंच से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल की उपलब्धियों की गारंटी पर फिल्म जारी की है। सपने नहीं हकीकत बुनते हैं, तभी तो सब मोदी को चुनते हैं अभियान पर बनी फिल्म को आठ भारतीय भाषाओं में लांच किया गया है। इस फिल्म को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ऑफिशियल हैंडल से एक्स प्लेटफॉर्म पर भी शेयर किया गया है। इसके साथ भाजपा कार्यकर्ताओं, नेताओं के साथ कैबिनेट मंत्रियों ने भी इसे शेयर किया है। भाजपा के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल्स से आठ भाषाओं में पीएम मुद्रा योजना पर आधारित एक फिल्म जारी की गई। यह फिल्म तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़, असमिया, उड़िया, बंगाली और हिंदी में जारी की गई है। सपने नहीं हम हकीकत बुनते हैं, तभी तो हम मोदी को चुनते हैं ...टैग लाइन से बनी फिल्म में मुद्रा योजना के तहत 44 करोड़ से ज्यादा कोलेटरल फ्री लोन दिए गए हैं, जिससे करोड़ों लघु उद्यमी सशक्त हुए हैं।

## राजस्थान के पोखरण में आर्मी इंटेलिजेंस ने संदिग्ध पाक जासूस को पकड़ा

**जोधपुर।** राजस्थान के सीमावर्ती जिले जैसलमेर के पोखरण क्षेत्र से आर्मी इंटेलिजेंस ने मंगलवार को एक संदिग्ध पाकिस्तानी जासूस को पकड़ा। संदिग्ध 2014 में अपने परिवार के साथ टर्म वीजा पर भारत आया था और अभी आर्मी कैंट एरिया में लेबर का काम कर रहा था। अधिकारियों के अनुसार युवक जनवरी 2024 से आर्मी कैंट एरिया में लेबर का काम करता था। युवक जांच के दौरान फोन पर बात करते पकड़ा गया। उसके फोन में पाकिस्तान के नंबर से बात करने और सोशल मीडिया पर पाकिस्तानी लोगों से ऑडियो-वीडियो कॉल के जरिए बातचीत के भी सबूत मिले हैं। संदिग्ध युवक का नाम मनुजी भील (24) है। जो पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के भावलपुर का रहने वाला है। सुरक्षा एजेंसियां गहनता से पूछताछ कर रही हैं। सूत्रों ने बताया कि मनुजी भील कैंट के अतिसंवेदनशील क्षेत्र में काम करता था। पकड़े जाने पर तलाशी में उसके पास से एक फोन मिला।

# तेजस एमके-1ए फाइटर जेट इसी माह भरेगा पहली उड़ान

▸ लड़ाकू विमानों का पहला बैच वायु सेना को देने के लिए एचएएल तैयार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना इस महीने तेजस एमके-1ए लड़ाकू विमानों का पहला बैच प्राप्त करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जो स्वदेशी एलसीए तेजस का एक बेहतर संस्करण है। रक्षा विमानन क्षेत्र में भारत का स्वर्ण युग इस महीने 4.5 पीढ़ी के इस फाइटर जेट की पहली उड़ान के साथ शुरू होने जा रहा है। तेजस की पहली स्क्वाड्रन 01 अप्रैल तक भारत-पाकिस्तान की पश्चिमी सीमा पर राजस्थान के नाल हवाई अड्डे पर बीकानेर एयरबेस में बनाने की तैयारी है।



भारतीय वायु सेना के लिए आठ वर्षों में कुल 180 तेजस विमानों का उत्पादन किया जाना है। रक्षा मंत्रालय ने 83 एलसीए तेजस एमके-1ए फाइटर जेट के लिए 03 फरवरी, 2021 को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ डील फाइनल की थी। इसी सौदे का पहला ट्विन-सीटर ट्रेनर पिछले साल 04 अक्टूबर को एचएएल ने वायुसेना को सौंप दिया था। वायु सेना की जरूरत को देखते हुए केंद्र सरकार ने लंबे इंतजार के बाद पिछले साल 30 नवंबर को 97 तेजस एमके-1ए खरीदने को मंजूरी दे दी है।

एचएएल के साथ अतिरिक्त 97 तेजस एमके-1ए के सौदे पर हस्ताक्षर होने के बाद कुल 180 विमानों का उत्पादन किया जाना है। एचएएल ने 83 विमानों का ऑर्डर मिलने पर प्रति वर्ष 16 जेट तैयार करने का लक्ष्य रखा था, लेकिन 97 विमानों का और ऑर्डर मिलने पर प्रति वर्ष 32 जेट का उत्पादन करने की तैयारी है। वायु सेना की जरूरतों को देखते हुए तैयार किये जा रहे एलसीए तेजस एमके-1ए फाइटर जेट में एवियोनिक्स, हथियार और रखरखाव में 43 तरह के सुधार किये जाने का खुलासा किया गया है। एचएएल के मुताबिक अब तेजस एमके-1ए में अत्याधुनिक एईएसए रडार होगा, जो तेजस एमके-1 के इजरायली ईएल/एम-2032 राडार से बेहतर होगा। पहले बैच में इजरायली ईएल/एम-2052 राडार होगा, जबकि बाकी में स्वदेशी उत्तम राडार होगा। तेजस एमके-1ए में इजरायली ईएलएल-8222 जैमर पॉड होगा, जो बीवीआर या एसएएम मिसाइलों के राडार सिग्नल को बाधित करेगा। आधुनिक वायु युद्ध के लिहाज से यह सुधार काफी महत्वपूर्ण है। तेजस एमके-1ए में एक नया डिजिटल फ्लाइट कंट्रोल कंप्यूटर (डीएफसीसी) होगा, जो इसकी चपलता और कंप्यूटिंग शक्ति को बढ़ावा देगा। नया डीएफसीसी पावरवीसी आर्किटेक्चर का उपयोग करेगा, जिससे इसे हवा में ज्यादा समय तक बनाए रखना आसान हो जाएगा।

# शंकर महादेवन व जाकिर हुसैन ने 66वें ग्रैमी में पुरस्कार जीतकर देश को किया गौरवान्वित



भारत के पास इस वर्ष जश्न मनाने का एक कारण है क्योंकि शंकर महादेवन और जाकिर हुसैन ने इस वर्ष 66वें ग्रैमी में पुरस्कार जीतकर देश को गौरवान्वित किया। उनसे पहले कई अन्य भारतीय गायकों ने भारत को वैश्विक मंच पर चमकाया है। भारत के पास इस वर्ष जश्न मनाने का एक कारण है क्योंकि शंकर महादेवन और जाकिर हुसैन ने इस वर्ष 66वें ग्रैमी में पुरस्कार जीतकर देश को गौरवान्वित किया। उनसे पहले कई अन्य भारतीय गायकों ने भारत को वैश्विक मंच पर चमकाया है। आइए भारत के उन कलाकारों की सूची पर एक नज़र डालें जिन्होंने पिछले वर्षों में पुरस्कार जीते हैं। संगीतकार एआर रहमान ने 2024 ग्रैमी पुरस्कार विजेताओं - तबला वादक जाकिर हुसैन, गायक शंकर महादेवन और वी सेल्वगनेश के साथ खुशी से पोज देते हुए एक सेल्फी साझा की। रहमान ने इंस्टाग्राम पर इवेंट में क्लिक की गई तस्वीर पोस्ट की। कैमरे की ओर देखते ही वे सभी मुस्कुरा दिए। इस कार्यक्रम के लिए एआर रहमान ने काले और हरे रंग की पोशाक पहनी हुई थी। जहां शंकर हरे रंग की पोशाक में नजर आए, वहीं जाकिर हुसैन ने पारंपरिक नीले रंग की पोशाक पहनी थी। एआर रहमान ने पोस्ट को कैप्शन दिया, भारत में ग्रैमी की बारिश हो रही है।

# दांतों के कारण भी होता है सिरदर्द, समय रहते समस्याओं में लें इलाज


आंखे कमजोर होने के कारण अक्सर सिर में दर्द रहती है। इसके अलावा ज्यादा देर तक यदि मोबाइल स्क्रीन, लैपटॉप स्क्रीन पर आंखें टिकी रहे तो भी सिर में दर्द होने लगती है लेकिन क्या आपने कभी यह सोचा है कि दांतों में दर्द के कारण भी सिरदर्द हो सकती है। यदि नहीं तो आज आपको इस आर्टिकल के जरिए यही बताएंगे कि दांत का दर्द सिरदर्द के साथ कैसे जुड़ा हुआ है। आइए, जानते हैं।

## जबड़े के आस-पास दर्द

दांत से जुड़ी समस्याओं के कारण आपको जबड़े के आस-पास भी दर्द हो सकता है। यह दर्द टेम्पोरोमैंडिबुलर जोड़ के कारण हो सकता है जो जबड़े की हड्डी को खोपड़ी से जोड़ता है। इसमें आपको अपना मुंह खोलते या बंद करते समय, चबाते या बोलते समय सिरदर्द होता है तो यह दांत संबंधी सिरदर्द का संकेत हो सकता है।

## दांत में दर्द

दांतों में सड़न, इंफेक्शन,फ्रैक्चर जैसी परेशानियों के कारण भी सिरदर्द हो सकती है। यदि आपको गर्म या ठंडी चीजें खाने-पीने के कारण सिरदर्द होता है तो इसका अर्थ है कि यह दर्द आपको आपको दांत से जुड़ी समस्या के कारण हो सकता है।



## चेहरे में दर्द या दबाव

दांत संबंधी सिरदर्द भी चेहरे के दर्द या फिर दबाव का कारण होसकती है। अगर आपको गाल, आंखों के आस-पास किसी तरह की परेशानी हो सकती है। इस दर्द के कारण आपको दांतों में संवेदनशीलता,सूजन, मसूड़ों या साइनस कंजेशन के कारण हो सकता है।

## दांत पीसड़े या जकड़ते हुए दर्द होना

दांत पीसते या जकड़ते हुए सिरदर्द भी इसी का संकेत है। यदि आप अपने दांतों को पीसते है या फिर जकड़ते हैं तो इससे जबड़े की मांसपेशियों को तनाव होता है जिससे सिरदर्द होने लगती है।

## किसी डैंटल प्रक्रिया के कारण

यदि आपने हाल ही में कोई दांत संबंधी इलाज प्रक्रियाएं करवाई हैं जैसे दांतों की फिलिंग, दांत निकलवाना तो भी आपको सिरदर्द हो सकती है। ऐसे में इन लक्षणों को देखते हुए एक बार डेंटिस्ट को जरुर दिखाएं।

## कैसे करें अपना बचाव?

ओरल हाईजीन का ध्यान रखें

अपने दांतों की सफाई का ध्यान रखें। दिन में कम से कम दो बार ब्रश करें, नियमित रुप से डेंटिस्ट के पास जाए। ओरल हाईजीन का ध्यान रखकर आपक सिरदर्द को दूर कर सकते हैं।

### दांतों में नाइटगार्ड पहनें

यदि आप अपने दांतों को पीसते हैं या जकड़ते हैं तो डेंटिस्ट से पूछकर ही नाइटगॉर्ज पहनें। इससे आपके दांत सुरक्षित रहेंगे, मांसपेशियों का तनाव कम होगा और ब्रुकिसज्म के कारण होने वाला सिरदर्द भी कम होगा।

### तनाव दूर रखें

तनाव दूर रखने के लिए आप गहरी सांस, व्यायाम, ध्यान या आराम जैसी गतिविधियों कर सकते हैं। तनाव कम लेने से दांत पीसने और सिरदर्द को कम करने में भी मदद मिल सकती है।

## खबरें एक नजर में

### कर्नाटक के साथ डिजिटल संचार में सुरक्षा को बढ़ावा देगा ट्रूकॉलर




**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पूरी दुनिया में संचार और कॉलर आईडी के सबसे बड़े प्लेटफॉर्म, ट्रूकॉलर ने साइबर अपराध, दूसरों के नाम से लोगों को झांसा देने और धोखाधड़ी की बढ़ती घटनाओं का मुकाबला करने और डिजिटल संचार में यूजर्स की सुरक्षा को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कर्नाटक सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के साथ साझेदारी की है। सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर राज्य के सूचना प्रौद्योगिकी एवं जैव प्रौद्योगिकी तथा ग्रामीण विकास और पंचायत राज मंत्री, प्रियांक खड़गे की उपस्थिति में इस पहल की शुरुआत की गई, जिसका उद्देश्य साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूकता और कौशल के साथ नागरिकों को सशक्त बनाना है। इस साझेदारी के तहत, ट्रूकॉलर पूरे राज्य में नागरिकों के बीच जागरूकता फैलाने और उन्हें सक्षम बनाने के लिए कई पहलों की शुरुआत करेगा, ताकि वे इंटरनेट का सुरक्षित तरीके से उपयोग कर सकें, साथ ही खुद को ऑनलाइन नुकसान, खास तौर पर फोन के ज़रिए होने वाली धोखाधड़ी और ठगी से बचा सकें। आज की तारीख तक, ट्रूकॉलर की ओर से दिल्ली पुलिस, असम पुलिस, दिल्ली, झारखंड, तमिलनाडु, जम्मू-कश्मीर और राजस्थान की राज्य सरकारों के साथ मिलकर 1.6 मिलियन से अधिक नागरिकों के लिए साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा चुका है। इस साझेदारी के बारे में बात करते हुए, सूचना प्रौद्योगिकी एवं जैव प्रौद्योगिकी और ग्रामीण विकास और पंचायत राज मंत्री, प्रियांक खड़गे ने कहा, इस साझेदारी से यह बात जाहिर होती है कि, कर्नाटक सरकार डिजिटल इकोसिस्टम में अपने नागरिकों की सुरक्षा को सबसे ज्यादा अहमियत देने के संकल्प पर कायम है। ऋषित झुनझुनवाला, चीफ प्रोडक्ट ऑफिसर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, भारत, ने कहा, हमें संचार में डिजिटल सुरक्षा को बढ़ाने, और नागरिकों को डिजिटल दुनिया में उपलब्ध अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने में सक्षम बनाने के लिए कर्नाटक सरकार के साथ साझेदारी करते हुए बेहद खुशी हो रही है।

### रियलमी ने लॉन्च किया 12 प्रो+ 5जी व रियलमी 12 प्रो 5जी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सबसे भरोसेमंद स्मार्टफोन सेवा प्रदाता, रियलमी ने मंगलवार को अपनी प्रीमियम नंबर सीरीज़ में सबसे नया स्मार्टफ़ोन, रियलमी 12 प्रो सीरीज़ 5जी पेश किया। रियलमी 12 प्रो सीरीज 5जी में दो असाधारण स्मार्टफोन, रियलमी 12 प्रो+ 5जी और रियलमी 12 प्रो 5जी लॉन्च किए गए हैं। ये दोनों स्मार्टफ़ोन नेक्स्ट-जेन इमेजिंग स्मार्टफोन हैं, जो रियलमी की पुनर्निर्मित 'मेक इट रियल' ब्रांड भावना की ओर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हैं। रियलमी 12 प्रो+ 5जी में अगली जनरेशन की इमेजिंग तकनीक है और इसमें फुल-फोकल-लेंथ, लॉसलेस जूम क्षमताओं और क्वालकॉम के सहयोग से विकसित प्रोप्राइटरी मास्टरशॉट एल्गोरिदम संभव बनाने के लिए अत्याधुनिक पेरिस्कोप टेलीफोटो टेक्नोलॉजी दी गई है। रियलमी 12 प्रो+ 5जी रियलमी की ओर से सबसे नया प्रीमियम स्मार्टफोन है, जो युवाओं के लिए फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी का अनुभव नए आयाम में ले जाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस लॉन्च के बारे में मोबाइल, कंप्यूट और एक्सआर, बिज़नेस डेवलपमेंट, क्वालकॉम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सौरभ अरोड़ा ने कहा, स्नैपड्रैगन 7एस जेन 2 पर चलने वाला रियलमी 12 प्रो सीरीज़ 5जी विभिन्न यूज़र अनुभवों के साथ प्रीमियम अनुभव प्रदान करने के लिए अपने पार्टनर्स के के साथ काम करने की हमारी प्रतिबद्धता पर बल देता है। डॉल्बी लैबोरेटरीज के डायरेक्टर, मार्केटिंग – भारत, समीर सेठ ने कहा, रियलमी 12 प्रो सीरीज 5जी के लॉन्च के साथ हमें और ज़्यादा भारतीयों तक डॉल्बी एटमॉस का शानदार साउंड एक्सपीरियंस पहुँचाने के लिए रियलमी के साथ सहयोग करने की ख़ुशी है।

### पाक ने नौ भारतीय नागरिकों की मदद करके पहुंचाई राहत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने कहा है कि उसके नौसेना के अधिकारियों और समुद्री सुरक्षा एजेंसी ने अरब सागर में फंसे नौ भारतीय नागरिकों को समय पर मदद करके भारी राहत पहुंचायी है। पाकिस्तानी सेना द्वारा सोमवार रात जारी एक बयान में कहा गया कि भारतीय जहाज 'सैस फाइव' से प्राप्त संकट की स्थिति की सूचना के बाद संयुक्त खोज और बचाव अभियान शुरू किया गया था। जहाज तकनीकी समस्या के कारण भटक गया था।यह जहाज चार फरवरी को भारत के दाभोल बंदरगाह से शारजाह के लिए रवाना हुआ था। इंजन में खराबी आ गई, जिससे जहाज पर सवार नौ भारतीय नागरिक 24 घंटे से अधिक समय तक समुद्र में फंसे रहे। बयान में कहा गया कि संकट की स्थिति की कॉल पर तत्काल कदम उठाते हुए सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने सफल बचाव अभियान चलाया और फंसे हुए चालक दल की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए तकनीकी मुद्दों का समाधान किया। संयुक्त ऑपरेशन ने न केवल इंजन की समस्या को ठीक किया बल्कि चालक दल के सदस्यों को महत्वपूर्ण चिकित्सा सहायता भी प्रदान की। पाकिस्तानी नौसेना और समुद्री सुरक्षा एजेंसी की समय पर और उठाये गये कदम की सैस फाइव के चालक दल ने सराहना की।

### आतिशी ने भाजपा पर आप को धमकाने का लगाया आरोप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) नेता आतिशी मार्लेना ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से छापेमारी कराकर पार्टी नेताओं को धमकाने का आरोप लगाया। सुश्री मार्लेना ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, आज सुबह से ही पार्टी नेताओं और पार्टी से जुड़े लोगों के खिलाफ ईडी की छापेमारी चल रही है। आप के कोषाध्यक्ष एवं सांसद एन.डी. गुप्ता और अरविंद केजरीवाल के निजी सहायक (पीए) के आवास पर छापेमारी चल रही है। ऐसी खबरें भी सामने आ रही हैं कि ईडी कई अन्य पार्टी नेताओं के ठिकानों पर भी छापेमारी करेगी। उन्होंने कहा, भाजपा केंद्रीय एजेंसियों के जरिए हमारी पार्टी को दबाना चाहती है, लेकिन मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा और उनकी एजेंसियों से कहना चाहती हूं कि हम उनसे नहीं डरेंगे। उन्होंने आरोप लगाया, 卐पिछले दो वर्षों से तथाकथित शराब उत्पाद शुल्क नीति घोटाले के नाम पर 'आप' नेताओं को धमकी दी जा रही है। किसी के घर पर छापा मारा जाता है, किसी को सम्मन भेजा जाता है और किसी को गिरफ्तार कर लिया जाता है।

### अहिंसा शब्द संविधान की प्रस्तावना में शामिल करने की मांग

**नई दिल्ली।** बीजू जनता दल के सस्मित पात्रा ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि संविधान की प्रस्तावना में अहिंसा शब्द शामिल किया जाना चाहिए क्योंकि यह भारतीय संस्कृति का मूल है। श्री पात्रा ने सदन में शून्य काल के दौरान सभापति की अनुमति से उठाए गए मामले के अंतर्गत कहा कि महात्मा गांधी का अहिंसा शब्द दुनिया भर में प्रचलित है और प्रभावित करता है। भारतीय संस्कृति के मूल में अहिंसा है। अहिंसा शब्द को संविधान की प्रस्तावना में शामिल करने के लिए ओडिशा विधानसभा ने एक प्रस्ताव पारित किया है और राज्य के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने भी इस संबंध में केंद्र सरकार को पत्र भेजा है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी को सच्ची श्रद्धांजलि देने के लिए भी अहिंसा शब्द भारतीय संविधान के प्रस्तावना में शामिल होना चाहिए।

# ऐसा कोई पुरस्कार नहीं जिसे स्वर कोकिला ने न किया हो अपने नाम

**पुण्यतिथि 6 फरवरी**

स्वर कोकिला लता मंगेशकर की दूसरी पुण्यतिथि मंगलवार को थी। उन्होंने करियर में 50 हजार से ज्यादा गाने गाए थे। 30 से ज्यादा भाषाओं में गाने का रिकॉर्ड भी लता दीदी के नाम है। उनके गानों की गूंज भारत समेत विदेशों तक थी। मगर, उन्हें हर कदम पर खुद को साबित करना पड़ा।



कोई ऐसा सम्मान नहीं था जो लता दीदी को ना मिला हो। उन्हें दादा साहेब फाल्के पुरस्कार, पद्म भूषण, पद्म विभूषण और भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। उन्होंने 3 नेशनल अवॉर्ड भी जीते थे।4 फिल्मफेयर अवॉर्ड भी अपने नाम किए थे। हैरान की बात यह है कि उन्होंने करियर का पहला फिल्मफेयर अवॉर्ड लेने से मना कर दिया था। उन्हें फिल्म मधुमति के गाने आजा रे परदेसी के लिए बेस्ट प्लेबैक सिंगिंग अवॉर्ड मिला था। मगर, उन्होंने यह अवॉर्ड लेने से मना कर दिया। इनकार करने की वजह उन्होंने यह बताई थी कि महिला आकार की ट्रॉफी पर कोई कपड़े नहीं हैं। उनके इस जवाब से सभी लोग दंग रह गए थे। बाद में ये अवॉर्ड उन्हें ढंक कर दिया गया था। लता दीदी 13 साल की थीं, तब उनके पिता दीनानाथ मंगेशकर का हार्ट अटैक की वजह से निधन हो गया। वो घर में बड़ी थीं, ऐसे में सारी जिम्मेदारियां उन्हीं के कंधों पर आ गईं। एक दिन ऐसा भी आया जब पूरे परिवार को भूखा सोना पड़ा था। यह बात खुद लता दीदी ने 2015 में एक इंटरव्यू में कही थी। इसी दौरान मास्टर विनायक ने उन्हें अपनी मराठी फिल्म पहिली मंगला गौर के लिए अप्रोच किया। पैसों की जरूरत थी तो उन्होंने हां कर दी और फिल्म में एक छोटा सा रोल भी किया। साथ में उन्होंने फिल्म के गीत नटली चैत्राची नवलाई को अपनी आवाज भी दी। इस गाने के लिए उन्हें 25 रुपए फीस मिली थी और फिल्म में रोल के लिए कुल 300 रुपए। इसके बाद उन्होंने कुछ समय तक मास्टर विनायक की कंपनी में काम किया।

> करियर में गाए 50 हजार से ज्यादा गाने, 30 से ज्यादा भाषाओं में गाने का रिकॉर्ड भी लता दीदी के नाम

## लता दीदी का गीत सुनकर पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू भी रो दिए



लता दीदी की आवाज में वो दर्द था, जिसे सुनकर पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू भी खुद को रोने से रोक नहीं पाए। यह घटना तब की है जब 1962 में चीन के हमले के बाद पूरे देश में हताशा का भाव फैला हुआ था। इसी दौरान 26 जनवरी 1963 को लता दीदी से गुजारिश की गई कि वो ए मेरे वतन के लोगों गाने को अपनी आवाज दें। समय कम था, लेकिन इसके बावजूद वो इसके लिए राजी हो गईं। फ्लाइट में ही टेप रिकॉर्डर पर इसे थोड़ा-थोड़ा सुनकर प्रैक्टिस की। जब उन्होंने इसे गाने को अपने मधुर आवाज में पिरोया तो सामने बैठे पंडित जी समेत सभी अतिथियों की आंखें नम हो गईं। जब गाना खत्म हुआ तो महबूब खान लता दीदी के पास गए और कहा- लता, पंडित जी तुम्हें बुला रहे हैं। इसके बाद लता दीदी की मुलाकात पंडित जी समेत इंदिरा गांधी और कई अन्य राजनेता से हुई। पंडित जी ने उनसे कहा- बेटी तुमने आज मुझे रुला दिया, मैं घर जा रहा हूं, तुम भी साथ आओ और मेरे घर पर चाय पियो। लता दीदी उनके साथ घर चली गईं। वहां वो एक कोने में जाकर बैठ गईं, तभी इंदिरा गांधी आईं और बोलीं- मुझे आपको दो लोगों से मिलाना है, जो सही अर्थों में आपके कद्रदान हैं। वो आपसे मिलकर बेहद खुश होंगे।

## 1959-1973 में जीता पहला फिल्मफेयर व नेशनल अवॉर्ड

1943 में लता दीदी ने पहला हिंदी गाना गाया था। मराठी फिल्म गाजाभाऊ के गाने माता एक सपूत की दुनिया बदल दे तू को अपनी आवाज दी थी। 1945 से उन्होंने उस्ताद अमन अली खान से क्लासिकल म्यूजिक की ट्रेनिंग लेनी शुरू कर दी थी। 1948 में उन्हें पहला मेजर ब्रेक फिल्म मजबूर के गाने दिल मेरा तोड़ा से मिला था। 1949 में उनका पहला सुपरहिट गाना फिल्म महल का था, जिसके बोल थे- आएगा आनेवाला। उन्होंने 1959 में फिल्म मधुमती (1958) के गीत आजा रे परदेसी के लिए अपना पहला फिल्मफेयर पुरस्कार जीता था। वहीं, 1973 में उन्हें फिल्म परिचय के गीत बीती ना बिताई रैना के लिए पहला नेशनल अवॉर्ड मिला था।



लता दीदी बहन मीना, आशा, उषा और भाई हृदयनाथ के साथ

- लता दीदी को कॉटन की साड़ियां बेहद पसंद थीं। वहीं, वो रंग-बिरंगी साड़ियों की जगह सफेद साड़ी पहनना पसंद करती थीं। सफेद साड़ी पहनने पर उनका कहना था मेरे व्यक्तित्व पर सफेद रंग सही ढंग से खिलता है व लोगों को भी शायद मैं सफेद साड़ी में ही ठीक लगती हूं।
- लता दीदी का पहले नाम हेमा था। उनके पिता ने अपने नाटक भाव बंधन की लीड फीमेल कैरेक्टर लतिका से प्रभावित होकर उनका नाम लता रख दिया।
- शनिवार 28 सितंबर 1929 को लता दीदी का जन्म इंदौर के एक सिख मोहल्ले में अपनी मौसी के घर हुआ। बचपन के कई साल उन्होंने इंदौर में ही गुजारे थे। पिता के नाटक कंपनी में काम करने का सिलसिला यहीं शुरू हुआ था।